स्वदेश TODAY digital
रांची, रविवार
21.04.2024
वर्ष : 09, अंक : 110, पृष्ठ : 12
मूल्य : 3 रुपया
www.swadeshtoday.com

हिन्दी दैनिक
# स्वदेश टुडे
देश की आवाज

न्याय उलगुलान महारैली आज सीएम ने तैयारियों का लिया जायजा

▶▶ 3



@swadeshtoday | @swadesh_today | swadesh_today | swadesh today | @swadesh_today | 8092174888 | 9031730388

## गर्मी का सितम: स्कूलों का समय बदला

स्वदेश संवाददाता

**रांची:** राज्य में भीषण गर्मी को देखते स्कूलों में कक्षाओं का समय सरकार ने निर्धारित कर दिया है। इस संबंध में शनिवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी, सहायता प्राप्त-गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी स्कूलों में केजी से लेकर आठवीं तक की कक्षाएं सुबह सात बजे से 11:30 बजे तक ही चलेंगी।



कक्षा नौ एवं इससे ऊपर की कक्षाएं सात बजे से 12:00 बजे तक ही संचालित की जाएंगी। इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां धूप में संचालित नहीं की जाएंगी। हालांकि, मिड डे मील का संचालन जारी रहेगा। इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होने वाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से फैसला लेते हुए संसूचित किया जायेगा। जारी आदेश 22 अप्रैल से अगले आदेश तक जारी रहेगा। यह आदेश शनिवार को सरकार के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने जारी किया है।

## रांची पहुंचे क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर

- एक झलक पाने के लिए एयरपोर्ट पर उमड़ी लोगों की भीड़

स्वदेश संवाददाता

**रांची:** भारत के पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर शनिवार सुबह रांची एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उनका बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत हुआ। एयरपोर्ट पर सचिन की झलक पाने को लेकर लोगों में बड़ी उत्सुकता नजर आयी। उनके साथ उनकी पत्नी अंजली भी है। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची से निकलने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुआ कहा कि मैं



यहां अपने फाउंडेशन के लिए आया हूं। उन्होंन कहा कि सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन यहां के यूथ फाउंडेशन के साथ मिलकर काम करता है। खासकर मैं यहां की महिला खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने आया हूं। जानकारी के अनुसार युवा फाउंडेशन का कार्यक्रम ओरमांझी में है, जहां बालिकाओं को फुटबॉल सिखाया जाता है। सचिन उनसे मुलाकात करेंगे। इस दौरान सुरक्षा के भुगतान इंतजाम किए गए थे। इस दौरान रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा सहित जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे। सचिन तेंदुलकर भारत दे दिग्गज क्रिकेटर रहे हैं। उनकी गिनती विश्व के महानतम खिलाड़ियों में शुमार किया जाता है। बीते साल इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने उन्हें राष्ट्रीय आइकॉन नियुक्ति किया था। दरअसल चुनाव आयोग का उन्हें राष्ट्रीय आइकॉन बनाने का मकसद लोगों की चुनाव में भागीदारी बढ़ाना है। सचिन का चुनाव आयोग के साथ ये समझौता तीन साल के लिए है।

### NEWS IN Gallery

**एलन मस्क का भारत दौरा स्थगित**



**नई दिल्ली:** अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला प्रमुख एलन मस्क ने भारत दौरा कुछ समय के लिए स्थगित करने का फैसला किया है। मस्क 22 अप्रैल को भारत आकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने वाले थे। पिछले हफ्ते ही मस्क ने एक्स हैंडल पोस्ट पर खुद भारत दौरे की पुष्टि की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मामले की जानकारी रखने वाले शख्स ने एलन मस्क का भारत दौरा टलने की पुष्टि की है। हालांकि, इसके कारणों का खुलासा नहीं किया गया है। टेस्ला और भारत सरकार ने इस पर अब तक कोई बयान जारी नहीं किया है। माना जा रहा है कि मस्क की भारत यात्रा टेस्ला की पहली तिमाही के प्रदर्शन से संबंधित सवालों का जवाब देने के लिए 23 अप्रैल को अमेरिका में एक कॉन्फ्रेंस कॉल के कारण टाली गई है। उल्लेखनीय है कि टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एलन मस्क 21-22 अप्रैल को भारत के दौरे पर आने वाले थे।

**स्कॉटलैंड: दो भारतीय छात्रों की झरने में डूबकर मौत**

**लंदन:** भारत के दो छात्रों की स्कॉटलैंड के एक झरने में डूबने से उनकी मौत हो गई। ये छात्र ब्रिटेन के एक विश्वविद्यालय में पढ़ रहे थे। स्कॉटलैंड पुलिस ने अभी तक दोनों छात्रों का नाम नहीं बताया है। हालांकि, यह जानकारी सामने आई है कि दोनों आंध्र प्रदेश के हैं और इनकी उम्र 20 साल और 26 साल बताई गई है। आज शुक्रवार को शवों का पोस्टमॉर्टम किया जाना है। यह घटना बुधवार रात पर्थशायर में ब्लेयर ऑफ एथोल के पास लिन ऑफ टुमेल में हुई। यहां दोस्तों का एक समूह घूमने के लिए आया था।

## मतदाताओं ने इंडी गठबंधन को नकार दिया: नरेंद्र मोदी

एजेंसी

**मुंबई:** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नांदेड में कहा कि पहले चरण के चुनाव में ही मतदाताओं ने इंडी गठबंधन को नकार दिया है। दरअसल, देश की जनता को यह एहसास हो रहा है कि इंडी गठबंधन अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए एक साथ आया है। इंडी अलायंस की पार्टियां देश की 25 फीसदी सीटों पर एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रही हैं, इन पर आम जनता विश्वास नहीं कर पा रही है। मोदी शनिवार को भाजपा के नांदेड़ लोकसभा सीट से उम्मीदवार प्रतापराव चिखलीकर और हिंगोली लोकसभा सीट से उम्मीदवार बाबूराव कोहलीकर के प्रचार के लिए आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को देश में पहले चरण का मतदान हुआ। मैं सभी मतदाताओं और विशेषकर पहली बार के मतदाताओं को धन्यवाद देता हूं। मतदान के बाद कई लोगों



ने बूथ स्तर तक का विश्लेषण किया है। इसे देखकर ऐसा लग रहा है कि पहले चरण में एनडीए के पक्ष में एकतरफा वोट पड़ा है। मैं देश के नागरिकों से अपील करता हूं कि आप एनडीए की जीत सुनिश्चित कर रहे हैं। मैं इसके लिए सभी को धन्यवाद देता हूं लेकिन जो लोग वोट नहीं देते, उनसे मैं कहना चाहूंगा कि आपको किसी को वोट देना चाहिए। वोट देने से पीछे न हटें। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का जवान विपरीत माहौल में भी देश की रक्षा के लिए सीमा पर अपना कर्तव्य निभा रहा है। उसी प्रकार मतदाताओं को भी मतदान को कर्तव्य समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वायनाड के अलावा अन्य सुरक्षित निर्वाचन क्षेत्र तलाश रहे हैं। 26 अप्रैल को वायनाड में मतदान के बाद राहुल गांधी दूसरी सीट तलाशेंगे, क्योंकि उन्हें अमेठी छोड़ना पड़ा। इसी तरह वे वायनाड भी छोड़ देंगे। उन्होंने सोचा नहीं होगा कि कांग्रेस की ऐसी हालत होगी। यह ऐसी स्थिति है कि जिस परिवार से कांग्रेस पार्टी चलती है, वह भी अपनी ही पार्टी को वोट नहीं दे सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं राजनीति में नहीं था, चव्हाण परिवार उस समय से राजनीति में है। अशोक चव्हाण के पिता शंकरराव चव्हाण से एक बार चर्चा करने का मौका मिला था। तब मैं राजनीति में नहीं था। भले ही मैं एक आम आदमी था, शंकरराव चव्हाण ने मुझसे विनम्रतापूर्वक बातचीत की। राज्य और केंद्र में इतने महत्वपूर्ण पदों पर रहने के बाद भी, उनकी ऐसी विनम्रता देखकर मैं आज भी उनसे कुछ सीखने की कोशिश करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अशोक चव्हाण के उनके साथ आने से उनकी ताकत बढ़ी है। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

## हर गरीब परिवार की एक महिला को देंगे एक लाख: राहुल गांधी

एजेंसी

**भागलपुर:** राज्य के भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 150 से अधिक सीटें नहीं मिलने वाली है। यह चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि देश के अरबपतियों का मोदी सरकार ने 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया। आईएनडीआईए की सरकार बनेगी तो जितना कर्ज पूंजीपतियों का माफ किया गया, उतना कर्ज किसानों का भी माफ किया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि यूपीए शासन काल में किसानों का कर्ज माफ हुआ था लेकिन भाजपा सरकार ने पूंजीपतियों का जितना कर्ज माफ किया उतनी राशि से कई बार किसानों का कर्ज माफ हो सकता है। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए की सरकार बनने के बाद गरीब परिवार की एक महिला सदस्य के खाते में एक लाख रुपये



ट्रांसफर कर दिया जाएगा। हर महीने में 8,500 रुपये डाल दिए जाएंगे। इस राशि का उपयोग महिला को परिवार की आजीविका चलाने के लिए करना होगा। राहुल ने कहा कि महालक्ष्मी योजना के तहत सारे गरीब परिवारों की लिस्ट निकाली जाएगी और उस परिवार से एक महिला चुनी जाएगी। उसी महिला के बैंक खाते में राशि ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की अग्निवीर योजना को केंद्र में आईएनडीआईए की सरकार बनने के बाद खत्म कर देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने हिन्दुस्तान को बेरोजगारी का केंद्र बना रखा है। देश के युवा हर दिन सात-आठ घंटे इंस्टाग्राम और फेसबुक में लगे रहते हैं। मोदी सरकार ने देश में बेरोजगारी फैला दी है। इसलिए इंडिया अलायंस ने सत्ता में आने के बाद हर ग्रेजुएट और डिप्लोमा होल्डर के लिए पहली नौकरी पक्की करने की योजना बनाई है।

## चाईबासा में पीएलएफआई एरिया कमांडर सहित दो गिरफ्तार

स्वदेश संवाददाता

**चाईबासा:** जिला मुख्यालय चाईबासा में पुलिस ने पीएलएफआई के एरिया कमांडर समेत दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एरिया कमांडर सोमा हेंब्रम और बिरसा खंडाइत शामिल हैं। दोनों की गिरफ्तारी गोईलकेरा थाना क्षेत्र के चितिर पहाड़ी के पास से हुई। इनके पास से पुलिस ने दो एके 47, नौ मैगजीन, 188 राउंड गोली, 50 हजार रुपये और मोबाइल फोन बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने शनिवार को कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गोईलकेरा थाना क्षेत्र के जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में एरिया कमांडर सोमा हेम्ब्रम उर्फ नाजोम दस्ता के कुछ सदस्यों के साथ भ्रमणशील है।



वे गोईलकेरा, आनन्दपुर थाना क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों को बंद कराने की धमकी देते हुए संवेदकों से लेवी की मांग कर रहे हैं। एसपी के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। सोना हेंब्रम के खिलाफ चाईबासा और खूंटी जिले के अलग-अलग थानों में 11 मामले दर्ज हैं जबकि बिरसा खंडाइत के तीन मामले दर्ज हैं।

## राजद से पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा का इस्तीफा, बसपा में हुए शामिल

स्वदेश संवाददाता

**पलामू:** लोकसभा आम चुनाव को लेकर टिकट की आस में दल बदलने का सिलसिला तेज है। नेता टिकट पाने के लिए पुरानी पार्टी को छोड़कर नयी की सदस्यता ले रहे हैं। कुछ इसी तरह का काम पलामू के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने किया है। लंबे समय तक राजद में रहने के बाद टिकट नहीं मिलने पर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। पलामू लोकसभा सीट से बीएसपी के टिकट पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। शनिवार को मेदिनीनगर में पूर्व



सांसद कामेश्वर बैठा ने रादज से इस्तीफा देकर बसपा का दामन थाम लिया। यहां बता दें कि कामेश्वर बैठा अपने समय के बड़े माओवादी कमांडर रहे हैं। वे देश के पहले नेता हैं जो माओवाद से निकलकर सांसद बने। 2009 में कामेश्वर बैठा झारखंड मुक्ति मोर्चा के टिकट पर पलामू से सांसद चुने गये। हालांकि, बाद में वे राजद में शामिल हो गए। कामेश्वर बैठा ने बताया कि उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल से इस्तीफा दे दिया है और बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ले ली है। वह पलामू लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी और इंडिया गठबंधन एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

## पंजाब: तेजिंदर सिंह बिट्टू भाजपा में शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के मतदान से पहले कांग्रेस को एक और झटका लगा है। जालंधर (पंजाब) के वरिष्ठ कांग्रेस नेता तेजिंदर सिंह बिट्टू शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए हैं। इससे पहले उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। तेजिंदर सिंह बिट्टू जालंधर के नेता ही नहीं बल्कि हिमाचल प्रदेश के सह-प्रभारी भी रहे हैं, जिस पद से उन्होंने 20 अप्रैल (शनिवार) को इस्तीफा दे दिया। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, राष्ट्रीय



महासचिव विनोद तावड़े और मीडिया सह-प्रभारी संजय मयूख की मौजूदगी में तेजिंदर सिंह बिट्टू ने पार्टी की सदस्यता ली। भाजपा में शामिल होने के बाद तेजिंदर सिंह बिट्टू ने कहा कि लगभग 35 साल कांग्रेस पार्टी में बिताने के बाद उन्हें लगा कि कांग्रेस पार्टी मुद्दों से भटक गई है। वह पंजाब की भलाई के लिए भाजपा में शामिल हुए।

**तीर्थ यात्रा** | उत्तराखंड के केदारनाथ धाम दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह

## चारधाम के लिए अब तक 1066157 ने कराया पंजीकरण

एजेंसी

**देहरादून:** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। इसको लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बार बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। केदारनाथ धाम के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है। 10 मई से शुरू होने वाली यात्रा में केदारनाथ धाम के लिए सबसे अधिक पंजीकरण तीर्थयात्रियों ने कराया है। केदारनाथ के लिए अब तक तीन लाख 52 हजार 879 श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। दरअसल,चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। चारधाम यात्रा और हेमकुंड साहिब के लिए 19 अप्रैल शाम छह बजे तक कुल 1066157 पंजीकरण



हुए हैं। चारधाम और हेमकुंड साहिब के लिए 159054 तीर्थयात्री प्रतिदिन पंजीकरण करवा रहे हैं। ऑनलाइन पंजीकरण 15 अप्रैल सुबह सात बजे से प्रारंभ किए गए थे। चारधाम यात्रा पंजीकरण में यमुनोत्री के लिए 193998, गंगोत्री के लिए 200996, केदारनाथ के लिए 352879, बद्रीनाथ के लिए 304243 और हेमकुंड साहिब के लिए 14041 पंजीकरण हुए हैं। अब तक हुए पंजीकरण में टूरिज्म केयर उत्तराखंड मोबाइल ऐप से 137649 एवं registratio-nandtouristcare.uk.gov.in वेबपोर्टल से 832705 तो व्हाट्सएप से 95803 पंजीकरण हुए हैं। पंजीकरण के लिए ये विकल्प तीर्थयात्रियों के लिए काफी आसान है। उत्तराखंड में 10 मई से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। 10 मई को बाबा केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। अक्षय तृतीया पर 10 मई को ही मां गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के भी कपाट खुलेंगे। जबकि भगवान बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुलेंगे। यात्रा के लिए सरकारी स्तर पर सभी तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं हेमकुंड साहिब की यात्रा 25 मई को शुरू होगी।

### टोल फ्री नंबर से भी है पंजीकरण की सुविधा

**चारधाम** यात्रा शुरू होने से 25 दिन पहले पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की गई है। पंजीकरण के लिए नाम, मोबाइल नंबर के साथ यात्रा करने वाले सदस्यों का ब्यौरा, निवास स्थान का पते के लिए आईडी देना आवश्यक है। पंजीकरण के लिए पर्यटन विभाग की वेबसाइट registrationandtourist-care.uk.gov.in पर लॉग इन करना होगा। व्हाट्स एप नंबर-8394833833 पर यात्रा (८३१) लिखकर मैसेज करके भी पंजीकरण कराया जा सकेगा। जो यात्री वेबसाइट पर पंजीकरण नहीं कर पाते हैं, उनके लिए पर्यटन विभाग ने टोल फ्री नंबर 0135-1364 जारी किया है। इस नंबर पर कॉल करने पर पंजीकरण की सुविधा दी गई है।

## मोदी सरकार ने दिया आधी आबादी को उनका हक: अनुराग ठाकुर

स्वदेश समाचार सेवा


**नई दिल्ली :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि मोदी सरकार ने महिला सशक्तीकरण से आगे बढ़ते हुए भारत में ₹वूमेन लेड डेवलपमेंट₹ का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाना और महिलाओं को देश की विधायिकाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देना इसके बेहतरीन उदाहरण हैं। अनुराग ठाकुर ने ये बातें शनिवार को अपने हिमाचल प्रदेश प्रवास के दौरान सुजानपुर और भोरंज विधानसभा में आयोजित महिला मोर्चा व एससी मोर्चा सम्मेलनों में कहीं। इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि महिलाएं विकसित भारत के चार अमृत स्तंभों में एक जरूरी स्तंभ हैं। महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के



उद्देश्य से मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में 25 से भी अधिक योजनाओं की शुरूआत की है, जिससे 20 करोड़ से भी ज्यादा महिलाओं, 5 करोड़ से ज्यादा छात्राओं और 11 करोड़ से ज्यादा कामकाजी महिलाओं को लाभ पहुंचा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) ने अब तक देश भर में 30 करोड़ आयुष्मान कार्ड बना है। इसमें से महिलाओं के लिए लगभग 14.6 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जो 4 करोड़ घर दिये गए हैं, उसमें 70 प्रतिशत घर की मालकिन या संयुक्त मालकिन महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत खोले गए बैंक खातों की संख्या 51 करोड़ के पार पहुंच गई है। इन खातों में जमा राशि 2.08 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इन खातों में से 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं और 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं।

## NEWS IN Gallery

### 10वीं की परीक्षा में सरस्वती शिशु बिद्या मंदिर के बच्चों ने लहराया परचम



**चान्हो** : प्रखण्ड स्थित मैट्रिक परीक्षा में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बीजू पाड़ा विद्यालय का रिजल्ट शानदार रहा। शुक्रवार को जैक बोर्ड। का रिजल्ट प्रकाशित हुआ जिसमें सरस्वती शिशु बिद्या मंदिर बिजुपडा स्कूल के छात्र छात्रओं प्रथम स्थान प्रवीण उरांव 94 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल टॉपर बने वही दुतीय स्थान आँचला कुमारी 91,8 प्रतिशत लेकर दुतीय स्थान तृतीय स्थान खुशी साहू 91 प्रतिशत लेकर स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त की स्कूल शिक्षक शिक्षिका प्रधानाध्यपक नीरज तिवारी ने बच्चों उज्वल भविष्य कमाना किये।

### अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित कृष्णा घटक नेहा महतो से मिली

**सिल्ली** : बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली के मुख्य संरक्षक सह झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो एवं एकेडमी की अध्यक्ष सह झारखण्ड तीरंदाजी संघ की वरीय उपाध्यक्ष नेहा महतो से मिली भारतीय तीरदांजी की पहली अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित कृष्ण घटक और साथ में भारतीय तीरंदाजी संघ के सहायक सचिव गुंजन ओबेरॉय से मिलकर तीरंदाजी को आगे बढ़ाने एवं तीरंदाजी सीख रहे बच्चों को अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध किया जाए के बारे में चर्चा किया गया। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय कोच प्रकाश राम हरेंद्र सिंह मौजूद थे।

### आजसू पार्टी का जमशेदपुर लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन आज

**रांची** : जमशेदपुर लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन का आयोजन रविवार को डिमना लेक एरिया, जमशेदपुर में होगा। सम्मेलन में मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे। सम्मेलन में जमशेदपुर समेत राज्य की सभी 14 सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करने की रूपरेखा और भावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में लोकसभा क्षेत्र के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला कमिटी, जिला के सभी प्रखंड प्रभारी एवं जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के सभी इकाइयों के प्रखण्ड अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत एवं ग्राम प्रभारी हिस्सा लेंगे।

### चुनाव को लेकर आजसू पार्टी की हुई बैठक, चुनाव प्रभारी बनाए गए

**कोडरमा** : आजसू पार्टी जिला कमेटी की बैठक शनिवार शाम को जिला अध्यक्ष राजकुमार मेहता की अध्यक्षता में जिला कार्यालय दूधी माटी कोडरमा में किया गया। बैठक में आजसू पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय महासचिव संतोष सहाय एवं केंद्रीय सचिव अजीत बरनवाल, केंद्रीय कमेटी सदस्य बाल गोविंद मोदी विशेष रूप से उपस्थित हुए।

# खूंटी लोस चुनाव में महिला मतदाता निर्णायक भूमिका में

## खूंटी के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में पुरुषों से अधिक है महिला वोटरों की संख्या

- **कुल मतदाता 13 लाख नौ हजार 677, इनमें आधी आबादी की संख्या 6,66,584**

**स्वदेश संवाददाता**

**खूंटी** : हमेशा सुर्खियों में रहनेवाली जनजातियों के लिए सुरक्षित संसदीय सीट की विभिन्न विशेषताओं में एक खास है कि इस लोकसभा क्षेत्र के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों की अपेक्षा अधिक है। खूंटी, गुमला, सिमडेगा, गुमला, रांची और सरायकेला-खरसावां इन छह जिलो में फैले खूंटी लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या है। 13 लाख नौ हजार 677। इनमें महिला मतदातओं की संख्या 6,66,584 और पुरुष वोटरों की संख्या है 643087। इस संसदीय क्षेत्र के छह विधानसभा क्षेत्र में भी महिला वोटरों की संख्या पुरुषों से अधिक है। एक भी विधानसभा क्षेत्र ऐसा नहीं है, जहां पुरुष मतदाताओं की संख्या महिलाओं से अधिक है। यही कारण है कि प्रत्याशियों की जीत-हार में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इसको लेकर हर राजनीतिक दल चुनाव के दौरान महिला मतदाताओं का अधिक तवज्जो देते हैं। जिला जनसंपर्क कार्यालय खूंटी से मिली जानकारी के अनुसार खरसावां विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 109761 है। वहीं इस सीट पर महिला वोटरों की संख्या 111383 है। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के कुल 215101 में पुरुष मतदाता 107358 है, जबकि महिलाओं की संख्या107743 है। इसी प्रकार तोरपा में महिला वोटरों की संख्या 1000487 है, जबकि 978122 पुरुष मतदाता हैं। खूंटी विधानसभा क्षेत्र में वोटरों की कुल संख्या 223658 है। इनमें पुरुष मतदाता 108771 है, वहीं महिला वोटरों की संख्या 114884 है। सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र मे 117062 पुरुष वोटरों की तुलना में महिला मतदातओं की संख्या 124800 है। इसी जिले के कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के कुल 210300 में 197287 महिला मतदाता हैं, जबकि पुरुष वोटरों की संख्या 103013 है।




### 17 संसदीय चुनाव में सिर्फ एक बार महिला को मिला संसद पहुंचने का मौका

खूंटी संसदीय क्षेत्र में भले ही महिला मतदाताआं की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक हो, पर इस संसदीय सीट पर अब तक हुए 17 लोकसभा चुनावों में मात्र एक महिला को अब तक संसद पहुंचने का का मौका मिला है और वे थीं बिहार की पूर्व मंत्री और बिरसा कॉलेज खूंटी की प्राचार्या सुशीला केरकेट्टा। सुशीला केरकेट्टा ने 2004 के लोकसभा चुनाव में छह बार के सांसद कड़िया मुंडा को मात दी थी। उसके पहले या बाद में किसी महिला को लोकसभा पहुंचने का मौका नहीं मिला। वैसे कांग्रेस ने सुशीला केरेट्टा के पहले या बाद में किसी भी पार्टी ने महिला उम्मीदवारों को टिकट नहीं दिया। भाजपा ने भी अब तक किसी महिला प्रत्याशी को मैदान में नहीं उतारा है। वैसे दयामनी बारला ने 2009 के लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के टिकट पर भाग्य आजमाया था, लेकिन वह अपनी जमानत तक बचा नहीं पाई थी। ऐसा नहीं है कि इस ससंदीय सीट से अन्य महिला प्रत्याशियों ने चुनाव नहीं लड़ा हो, पर किसी बड़े राजनीतिक दल के टिकट पर उन्हें किस्मत आजमाने का मौका नहीं मिला।

# हमें नाली और पीसीसी रोड की मानसिकता से निकलना होगा : केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा

**स्वदेश संवाददाता**



**खूंटी** : खूंटी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी और जनजातीय मामलों तथा केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि हमें नाली और पीसीसी रोड की मानसिकता से निकलना होगा। यह लोकसभा चुनाव है, जो देश का भविष्य निर्धारित करेगा। इसलिए लोगों को राष्ट्र हित में सोचकर मतदान करना चाहिए। अर्जुन मुंडा शनिवार को मरचा गांव में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल होने के बाद खूंटी लौटने के क्रम में तोरपा स्थित भाजपा के विधानसभा स्तरीय कार्यालय में कार्यकर्ताओ के साथ चाय पे चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपको बताना होगा कि केंद्र सरकार से आप किस तरह की योजना चाहते हैं। ऐसी योजनाओं की मांग करें, जिससे क्षेत्र का विकास हो। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को शिकायत रहती है कि अर्जुन मुंडा गांवों में नहीं जाते। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खूंटी संसदीय क्षेत्र में पांच हजार से अधिक गांव हैं। ऐसे में सभी गांवों में जाना संभव नहीं है। वैसे जनता जब भी उन्हें बुलाती है, वे वहां पहुंचने का प्रयास करते हैं। मौके पर भाजपा के विधानसभा संयोजक अरूणचंद्र गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जयसवाल, विनोद भगत, शशांक राय, नीरज जयसवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पद्मभूषण कड़िया मुंडा को अर्जुन मुंडा ने दी जन्मदिन की बधाई

**स्वदेश संवाददाता**



**खूंटी** : भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री ने शनिवार को पद्मभूषण कड़िया मुंडा के अनिगड़ा स्थित आवास जाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनके बेहतर स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। केंद्रीय मंत्री ने कड़िया मुंडा के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। खूंटी से आठ बार सांसद, कई बार केंद्रीय मंत्री और लोकसभा के उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा अपने जीवन के 88 बसंत देख चुके हैं। उनका जन्म 20 अप्रैल 1936 को हुआ था। जन्मदिन के मौके पर कड़िया मुंडा को कई लोगों ने उनके आवास जाकर उन्हें शुभकामनाएं दी।

# छात्रों के लिए मोटिवेशनल कैरियर काउंसलिंग का किया गया आयोजन



**स्वदेश संवाददाता**

**मांडर** : प्रखण्ड स्थित ऑक्सब्रिज स्कूल कंदरी मोड़ मांडर में शनिवार को ऑक्स ब्रिज स्कूल के सभागार में कक्षा दशम के छात्रों के लिए मोटिवेशनल कैरियर काउंसिलिंग का आयोजन किया गया । मेहमानों को स्कूल के हेड बॉय एवं हेड गर्ल के अभिभावकों द्वारा पुष्प गुच्छा भेंट किया गया ।इस मौके में जाने से डी॰ए॰वी॰ के प्राचार्य श्री टी॰ पी॰ झा (सेवा निवृत), श्री सरोज पाठक (आईआईटीरूरकी),श्री अभिषेक (आईआईटी रुरकी )खुशबू पटेल(कैरियर काउंसलर) मौजूद थे। प्राचार्य श्री टी॰पी॰ झा(सेवानिवृत्त)ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि उस उम्र में अपने मनोबल से पढ़ाई करते हुए बेहतर परिणाम कैसे हासिल किया जा सकता है ।श्री सरोज पाठक और श्री अभिषेक ने अपनी स्कूली पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं सफलता हासिल करने के सुझाव बताए। खुशबू पटेल ने अपने रुचि के अनुसार आज कैरियर का चुनाव का सुझाव दिया। इस मौके में दशवी कक्षा के छात्रों के अभिभावक स्कूल निदेशक टौफीक आलम प्राचार्या इवोन ई. एक्का शिक्षिका मनुजा सुप्रिया पुष्पा विवेक सर एवं अन्य शिक्षक गण भी मौजूद थे ।

# विवि और महाविद्यालय प्रशासन की गलती का खामियाजा भुगत रहे छात्र छात्राएं: आजसू

**स्वदेश संवाददाता**

**रांची** : अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल मारवाड़ी महाविद्यालय अध्यक्ष विशाल कुमार यादव के नेतृत्व में मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य श्री मनोज कुमार से मुलाकात कर उन्हें बायोटेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं की समस्या से अवगत कराया। मौके पर मौजूद मारवाड़ी महाविद्यालय अध्यक्ष विशाल कुमार यादव ने मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य श्री मनोज कुमार छात्र-छात्राओं की समस्या से संबंधित मांग पत्र सौंपते हुए कहां के महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के लापरवाही के कारण बायोटेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटक गया है जब इन छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में एडमिशन लिया था



उसे समय महाविद्यालय ऑटोनॉमस था परंतु 2022 में महाविद्यालय का ऑटोनॉमी वापस लेकर इसे रांची विश्वविद्यालय के अधीन कर दिया गया 2024 में पुनः महाविद्यालय को ऑटोनॉमी वापस दिया गया। ऑटोनॉमी के सिलेबस के अनुसार छात्र-छात्राओं को केमिस्ट्री का पेपर पढ़ना था वही विश्वविद्यालय के सिलेबस में एनवायरमेंटल स्टडीज पढ़ना था। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सेमेस्टर 4 की परीक्षा में एनवायरमेंटल स्टडीज पढ़ा कर उसे पेपर की परीक्षा ले ली। जबकि बायोटेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राएं कह रहे हैं की बायोटेक्नोलॉजी विषय में एक पेपर केमिस्ट्री का कंपलसरी है, इसे पढ़े बिना वह आगे पीजी की पढ़ाई के लिए एलिजिबल नहीं होंगे। ऐसे में महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र-छात्राओं के हित में केमिस्ट्री पेपर की परीक्षा का आयोजन करवाए। मौके पर मौजूद मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर मनोज कुमार ने कहा की विश्वविद्यालय कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक से बात कर छात्र छात्रों के हित में केमिस्ट्री विषय की परीक्षा करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# पशुपतिनाथ मंदिर कांके से भव्य कलश यात्रा निकली



**स्वदेश संवाददाता**

**रांची** : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्राचीन पशुपतिनाथ मंदिर के पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के पहले दिन शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकली जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। मंदिर परिसर से सुबह 7:00 बजे निकली कलश यात्रा कांके ब्लॉक चौक होकर जुमार नदी होचर की तरफ गई जहां से सभी श्रद्धालुयों ने जल भरकर वापस मंदिर परिसर आकर वहां कलश स्थापित किया। कार्यक्रम के संयोजक पंकज वत्सल ने बताया कि कलश यात्रा का नेतृत्व पांच तपस्वी यजमान जोड़ी- डॉ दयानंद तुरी एवं डॉ नरगिस कुमारी, डॉ सरोज ठाकुर एवं डॉ नंदनी कुमारी, रामप्रीत सिंह एवं शान्ति देवी, प्रभात कुमार एवं रेणु देवी तथा विजय रामानंदी एवं गीता कुमारी ने किया। इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं देने के लिए रांची के सांसद संजय सेठ, कांके के विधायक समरी लाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, भाजपा नेता अनिल महतो टाइगर, देवेंद्र स्वामी, बिन्दु भूषण दुबे, जनजाति सुरक्षा मंच के क्षेत्र संयोजक संदीप उरांव, रांची जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव,आदि लोग उपस्थित थे ।

# भाजपा मंडल स्तरीय संगठनात्मक की बैठक सम्पन्न

**स्वदेश संवाददाता**



**चान्हो** : चान्हो भाजपा मंडल की मण्डल स्तरीय संगठनात्मक बैठक ओपा विशाल गार्डन में मण्डल अध्यक्ष विजय महतो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव के संदर्भ में था,जिसे बुथ सशक्तिकरण एवम बुथ जीता तो चुनाव जीता के संकल्प के साथ कार्यकताओं को चुनाव कार्य मे लगने का आह्वन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद श्री दीपक प्रकाश उपस्तिथ रहे एवम कार्यकताओं को संबोधन किए। साथ मे पूर्व विधायक सह विधानसभा संयोजक श्रीमती गंगोत्री कुजूर,लोकसभा सह संयोजक श्री सन्नी टोप्पो, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो,प्रभारी श्री ओम सिंह,सह संयोजक अरविंद सिंह,विस्तारक ओम तिवारी,संजीव तिवारी, प्रदेश नेता सफीक अंसारी,प्रदेश नेत्री सोनी तब्बसुम,सतीश साह, कैलाश गुप्ता,सभी मण्डल पदाधिकारी,सभी मोर्चा के अध्यक्षगण, पंचायत प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक एवम देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंच संचालन मण्डल महामंत्री विशेश्वर महतो एम धन्यवाद ज्ञापन सतीश साह ने किया।

# सचिवालय सेवा में पद सृजन के बजाय कार्मिक ने कटौती का प्रस्ताव तैयार किया, विरोध

**रांची** : झारखंड सचिवालय सेवा संघ की कार्यकारिणी की आपात बैठक ध्रुव प्रसाद की अध्यक्षता में नेपाल हाउस सचिवालय में हुई। कार्मिक विभाग द्वारा सचिवालय सेवा के उपसचिव व संयुक्त सचिव के पद सृजन की संचिका प्रशासी पदवर्ग समिति से वापस मांगे जाने तथा विभिन्न पदों की कटौती का प्रस्ताव लाने के विरुद्ध यह बैठक आहूत की गई थी। ध्रुव प्रसाद ने बताया कि बैठक में कार्मिक विभाग द्वारा तर्कहीन तथा मनमाने तरीके से पदों की कटौती संबंधी प्रस्ताव पर आपत्ति



जतायी गयी। केन्द्रीय सेवा शर्तों के अनुरूप झारखंड सचिवालय सेवा के प्रवर कोटि के पदों के सृजन को पिछले डेढ़ साल से संचिका प्रशासी पदवर्ग समिति के समक्ष विचाराधीन थी, जिसपर तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का अनुमोदन प्राप्त है. इस संबंध में संघ द्वारा कई बार वित्त सचिव, कार्मिक सचिव, मुख्य सचिव तथा मुख्यमंत्री से भी मुलाकात की गई. ।परन्तु कार्मिक विभाग द्वारा पद सृजन की संचिका प्रशासी पदवर्ग समिति से वापस मांग ली गई है ।पद सृजन के विपरीत कार्मिक विभाग द्वारा पदों में कटौती का प्रस्ताव लाया गया है, जो अत्यंत निंदनीय है। ज्ञात हो कि झारखण्ड सरकार केंद्रीय सचिवालय सेवा के अनुरूप सेवा शर्त, वेतनमान तथा पदसंरचना राज्य सचिवालय सेवा के पदाधिकारियों को देने के लिए कृत्संकल्प है। झारखंड गठन के पश्चात कार्य में हुए वृद्धि के अनुपात में सचिवालय सेवा के पदों में वृद्धि नहीं हुई है।

**हादसा** | बॉलीवुड कलाकार पंकज त्रिपाठी के जीजा की सड़क दुर्घटना में मौत

# गंभीर रूप से घायल बहन एसएनएमएमसीएच में इलाजरत

**रांची/धनबादः** बॉलीवुड के चर्चित कलाकार पंकज त्रिपाठी के जीजा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जबकि बहन का इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा है। धनबाद में निरसा थाना अंतर्गत शनिवार की दोपहर एक मारुति कार मुख्य बाजार चौक पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी, जिससे उसपर सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को क्षतिग्रस्त वाहन से निकालकर धनबाद के एसएनएमएमसीएच भेज दिया, जहां चिकित्सक ने राजेश तिवारी उर्फ मुन्ना को मृत घोषित कर दिया है। बताया जाता है कि दिल्ली-कोलकाता एनएच पर एक पश्चिम बंगाल नंबर की मारुति कार मुख्य बाजार चौक पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर



से जा टकराई. कार भीड़-भाड़ वाले इलाके में अनियंत्रित होकर दोनों सड़क के बीच बने डिवाइडर से टकराई, जिसमें कार के आगे का हिस्सा डिवाइडर में पूरी तरह से समा गया। कार को चला रहे राजेश तिवारी के पैर और सिर पर गंभीर चोट लगी और उनकी पत्नी सविता तिवारी को गंभीर चोटें आयी। इसके बाद घायल दंपती को धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया लेकिन डॉक्टर डॉक्टर ने राजेश तिवारी को मृत घोषित कर दिया ।जबकि पत्नी सविता तिवारी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि डिवाइडर से गाड़ी टकराने की जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े और गाड़ी के अंदर बैठे गाड़ी चला रहे राजेश तिवारी एवं उनकी पत्नी को कार से बाहर निकाला। उस समय राजेश तिवारी बेहोश हो गए थे। उनका सिर पूरी तरह फट गया था। उनकी पत्नी का भी सिर फटा हुआ था। उन्हें भी गंभीर चोट लगी थी। लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर प्रशासन पहुंचकर दोनों को एंबुलेंस के द्वारा निरसा सीएचसी भेजा, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए धनबाद रेफर कर दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी मंजीत कुमार ने कहा कि अनियंत्रित होकर कार डिवाइडर से टकरा गई, जिससे यह दुर्घटना घटी है।

# नाबालिग का बाल विवाह होने से डालसा ने बचाया

**स्वदेश संवाददाता**

**रांची** : जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा)रांची की टीम ने शनिवार को एक 16 वर्षीय नाबालिग का विवाह होने से बचाया। रांची जिले के नरकोपी थाना क्षेत्र के सरवा पंचायत की नाबालिग के परिजन बाल विवाह कराने जा रहे थे। 22 अप्रैल को नाबालिग की शादी थी। घर में तैयारी चल रही थी। उत्साह का माहौल था। बच्ची मांडर कस्तूरबा की छात्रा है। वह काफी दिनों से स्कूल नहीं जा रही थी। इसकी जानकारी स्कूल प्रबंधन ने मांडर की पीएलबी सुमन ठाकुर और पूनम देवी को दी। पीएलबी ने गांव के मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र उरांव को फोन कर नाबालिग के संबंध में जानकारी मांगी। बीरेंद्र ने बताया कि नाबालिग के घर में शादी है, इसलिए वह स्कूल नहीं जा रही है। प्रोजेक्ट



इंपैक्ट के तहत नाबालिग की उपस्थिति के लिए पीएलबी उसके गांव पहुंची तो पता चला कि शादी उसी की है। पीएलबी ने तुरंत इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन को दी। सचिव ने न्यायायुक्त दिवाकर पांडे से बात की। उनके दिशा-निर्देश पर बाल विवाह रोकने का निर्देश दिया। तुरंत बीडीओ सह बाल विवाह निषेध पदाधिकारी मांडर और नारकोपी थाना प्रभारी को भी इसकी जानकारी दी गई। साथ ही कस्तूरबा स्कूल प्रबंधन, नरकोपी थाना की पुलिस, ग्रामीण, मुखिया प्रतिनिधि और पीएलबी की उपस्थिति में नाबालिग के परिजनों के साथ बैठक की। बैठक में नाबालिग के परिजनों को समझाया गया कि बाल विवाह कानूनी अपराध है। इसके बाद नाबालिग के परिवार वाले शादी रोकने को तैयार हो गए। नाबालिग ने भी आगे पढ़ने की इच्छा जताई। टीम ने नाबालिग को पुनः पढ़ाई के लिए कस्तूरबा स्कूल मांडर भेज दिया।

NEWS IN Gallery

## ब्राउन शुगर के तीन कारोबारी गिरफ्तार

**रांची :** राजधानी की सुखदेवनगर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने के मामले में तीन कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मुकेश राय, मुकेश तिर्की और रंजन कुमार सिंह शामिल हैं। इनके पास से इनके पास से पुलिस ने 1.56 ग्राम ब्राउन शुगर, दो मोबाईल फोन, एक होंडा साइन बाइक और 20 हजार 500 रुपये नकद बरामद किये गये हैं। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर बड़ा पुल के पास कुछ लोगों के जरिये प्रतिबंधित नशीला पदार्थ का अवैध रूप से खरीद-बिक्री किया जा रहा है। सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए तीनों युवकों को पकड़ा। गिरफ्तार तस्करों का पूर्व का भी आपराधिक इतिहास रहा है। तीनों के खिलाफ पूर्व में भी नशा के कारोबार को लेकर मामला दर्ज है।

## एएसपी निशा मुर्मू के घर में लगी आग, लाखों का नुकसान

**रांची :** रांची के गोंदा थाना क्षेत्र के मिशन गली स्थित एएसपी निशा मुर्मू के घर में शनिवार दोपहर अचानक आग लग गयी। हालांकि अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अगलगी की घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गयी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंचे । अग्निशमन विभाग का तीन वाहन पहुंचा और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में लाखों रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। हालांकि आंकलन के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट हो सकेगा। थाना प्रभारी ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आग को बुझा लिया गया है। कितने का नुकसान हुआ इस संबंध में अबतक लिखित कोई भी आवेदन नहीं दिया गया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर सुनवाई 23 अप्रैल को

**रांची :** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में शनिवार को हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में इजहार अंसारी की ओर से बहस की गई। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय प्रदान की। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 23 अप्रैल निर्धारित की है। करोड़ों रुपए के कोल लिंकेज के हेरा फेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपित है। ईडी ने 15 मार्च को अदालत में इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के अलावा इजहार अंसारी की एक कंपनी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था। ईडी ने जांच में पाए गए तमाम साक्ष्य के साथ चार्जशीट दाखिल की थी।

# न्याय उलगुलान महारैली आज सीएम ने तैयारियों का लिया जायजा

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** प्रभात तारा मैदान में रविवार को न्याय उलगुलान महारैली को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन न्याय उलगुलान महारैली की तैयारियों का जायजा लेने खुद प्रभात तारा मैदान पहुंचे। इस बीच मुख्यमंत्री पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हम लोग केंद्र सरकार के नीतियों का पोल खोलने का काम करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर जनता में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि जनता लोकसभा चुनाव में इसका जवाब देगी। मंहगाई, बरोजगारी बड़ा मुद्दा है। झारखंड में 14 सीटों पर गठबंधन विजयी होगा। मौके पर झामुमो के सुप्रियो भट्टाचार्य, कांग्रेस से राकेश सिन्हा , राजद से कैलाश यादव, माले नदीम खान, आबिद खान सहित अन्य कई लोग मौजूद थे। झामुमो की ओर से आयोजित इस उलगुलान महारैली में इंडी गठबंधन के कई दिग्गज नेता भी शामिल होंगे। इनमें मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, लालू यादव, तेजस्वी यादव, फारूख अब्दुल्ला, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, कल्पना सोरेन, उद्धव ठाकरे की प्रतिनिधि सुनीता चतुर्वेदी एक मंच से उलगुलान महारैली को संबोधित करेंगे।

### महारैली में दिखेंगे इंडी गठबंधन के सभी उम्मीदवार

**रांची :** झामुमो के नेतृत्व में इंडी गठबंधन की तरफ से रविवार को उलगुलान न्याय महारैली से लोकसभा चुनाव का शंखनाद होगा। साथ ही इंडी गठबंधन इस रैली के जरिए एकजुटता का भी परिचय देकर चुनावी मैदान में उतरेगा। इस रैली में गठबंधन के सभी उम्मीदवार मंच पर दिखेंगे। वैसे तो इंडी गठबंधन अब तक 11 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुका है। बची तीन लोकसभा सीटों रांची, जमशेदपुर और पलामू की घोषणा होनी बाकी है। रांची लोकसभा सीट कांग्रेस कोटे में है। इस सीट से सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय का नाम सबसे आगे चल रहा है। इसके साथ मंत्री बन्ना गुप्ता के नाम की चर्चा केंद्रीय चुनाव समिति में चल रही है, जिस पर पार्टी निर्णय ले सकती है। हालांकि, रांची लोकसभा के लिए सुबोधकांत सहाय की बेटी के नाम पर आलाकमान अंतिम निर्णय ले सकता है। जेएमएम कोटे की जमशेदपुर लोकसभा सीट से आस्तिक महतो और पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के नाम पर मुहर लग सकती है जबकि पलामू लोकसभा सीट राजद के खाते में है और इस सीट से आधिकारिक घोषणा होनी बाकी है। सुबोधकांत सहाय की बेटी के नाम पर केंद्रीय नेतृत्व राजी होता है, तो चुनावी मैदान में कांग्रेस की तीन




महिला उम्मीदवार होंगी। गोड्डा से प्रदीप यादव का नाम आगे था। ऐसे में धनबाद से अनुपमा सिंह का नाम आगे बढ़ाया गया। इसके पीछे दलील थी कि एक महिला उम्मीदवार को मैदान में उतारा जाये। अनुपमा सिंह का नाम तय होने के बाद प्रदीप यादव का मामला फंसा गया। इसके बाद स्क्रीनिंग कमेटी ने दीपिका पांडेय सिंह का नाम आगे बढ़ाया और केंद्रीय नेतृत्व सहमत भी हो गया। अब इधर सुबोधकांत सहाय ने भी अपनी बेटी का नाम आगे बढ़ाया है। ऐसे में राज्य में भाजपा ने कोडरमा, सिंहभूम से महिला उम्मीदवारों को उतरा है जबकि इंडी गठबंधन ने सिंहभूम और गोड्डा से महिला प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है।

# न्याय महारैली में आने वाले वाहनों के रुट और पार्किंग की रहेगी अलग व्यवस्था

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** झामुमो के नेतृत्व में इंडी गठबंधन का रविवार को रांची के प्रभात तारा मैदान में उलगुलान न्याय महारैली आयोजित की गई है। इसमें इंडी गठबंधन के तमाम बड़े नेताओं के शामिल होने की संभावना है। इसके मद्देनजर शनिवार को रांची ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने महारैली कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आनेवाली बसों का रूट और पार्किंग की व्यवस्था तय कर दी है।

**ऐसा रहेगा वाहनों के रुट और पार्किंग की व्यवस्था**

- गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, रामगढ़ और रांची से आने वाले वाहन काठीटांड़ से रिंग रोड दलादली, नयासराय रिंग रोड होते हुए बलालौंग मोड़ से धुर्वा डैम होते हुए धुर्वा बस स्टैंड से बाएं में सखुआ बगान एवं आम बगान में पार्क करेंगे
- दुमका, देवघर, जामताडा, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज से आने वाले वाहन नेउरी रिंग रोड होते हुए रामपुर रिंग रोड होते हुए तुपुदाना से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोलचक्कर के पूर्वी भाग में पार्क करेंगे।
- हजारीबाग, कोडरमा, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह से आने वाले वाहन नेउरी रिंग रोड होते हुए रागपुर रिंग रोड होते हुए तुपुदाना चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोल चक्कर पश्चिमी में पार्क करेंगे।
- जमशेदपुर, चाईबासा, सरायकेला- खरसावां, रांची के बुंडू, तमाड़, सिल्ली से आने वाले वाहन श्रामपुर से रिंग रोड होते हुए तुपुदाना चौक से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोलचक्कर से जवाहर स्टेडियम में पार्क होंगे।
- सिमडेगा, खूंटी, गुमला के वाहन रिंग रोड होते हुए तुपुदाना चौक से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए जेएन कॉलेज मैदान में पार्क होंगे।
- वीआईपी के छोटे वाहनों के लिए धुर्वा गोल चक्कर से नेहरू स्टेडियम होते हुए मियां मार्केट के सामने से प्रभात तारा मैदान के दक्षिणी भाग में पार्किंग की व्यवस्था
- वीआईपी और मीडिया के छोटे वाहनों के लिए धुर्वा गोलचक्कर से नेहरू स्टेडियम होते हुए मियां मार्केट के सामने संत थॉमस स्कूल के पास पार्किंग की व्यवस्था रहेगी।



### रांची में दो हजार अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनात

रांची : राजधानी के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में रविवार को इंडी गठबंधन की उलगुलान रैली है। रैली में राहुल गांधी समेत देशभर के बड़े नेता शामिल होंगे। ऐसे में रैली स्थल, एयरपोर्ट, होटल और सर्किट हाउस में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। सभी स्थानों की सुरक्षा के लिए 2,000 अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। साथ ही ट्रैफिक रूट निर्धारित किये गये हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रभात तारा मैदान स्थित महारैली स्थल पहुंचकर सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया था। साथ ही संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए थे। एसएसपी ने बताया कि महारैली स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। राज्य के बाहर से आने वाले वीआईपी की सुरक्षा के लिए होटल से लेकर रैली स्थल तक जवानों के तैनाती की गई है। ट्रैफिक को लेकर भी अलग व्यवस्था की गई है।

# विपक्ष के उलगुलान रैली का जवाब देने में जुटी भाजपा

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** रांची के धुर्वा प्रभात तारा मैदान में रविवार को विपक्ष की उलगुलान रैली होने वाली है। रैली को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है। इस रैली में कांग्रेस, राजद सहित सभी भाजपा विरोधी दलों के शीर्ष नेताओं का जमावड़ा होगा। उलगुलान न्याय रैली के जरिए विपक्षी दलों की यह एकजुटता चुनाव में कितना कारगर होगा वह वक्त ही बताएगा लेकिन इससे पहले इस रैली ने भाजपा की बचैनी बढ़ाने का काम जरूर कर दिया है। हालांकि, भाजपा के नेता इस रैली का चुनाव में कोई खास प्रभाव नहीं पड़ने का दावा जरूर कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का मानना है कि भाजपा को इस रैली से कोई भय नहीं है। झारखंड और देश की जनता इस विकास विरोधी, देश विरोधी और झारखंड विरोधी विपक्ष के नेताओं को अच्छी तरह जानती है। उन्होंने कहा कि ये वही लोग हैं जो सनातन का विरोध करते रहे हैं। विपक्ष के उलगुलान न्याय रैली का जवाब देने के लिए भाजपा प्रधानमंत्री मोदी से लेकर कई बड़े नेताओं की चुनावी सभा से लेकर रोड शो कराने की तैयारी में जुट गई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनिमेष कुमार कहते हैं कि उलगुलान न्याय रैली का कोई असर झारखंड में नहीं पड़ेगा। झारखंड की जनता विपक्ष के नेताओं को अच्छी तरह से जानती है और पहचानती है। किस तरह से हेमंत सोरेन सरकार के समय भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा जिस वजह से वर्तमान समय में हेमंत सोरेन जेल में हैं। अनिमेष कुमार कहते हैं कि भाजपा जल्द ही झारखंड में बड़े नेताओं के कार्यक्रम तय करने जा रही है। पहले चरण के चुनाव के लिए चल रहे नामांकन में भी कई केंद्रीय नेता यहां आएंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह सहित भाजपा के बड़े नेताओं की चुनावी सभा से लेकर रोड शो आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। इन नेताओं के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जल्द ही औपचारिक रूप से इसकी घोषणा की जाएगी।

## एकाउंटेंट संजय कुमार हत्याकांड के आरोपित की जमानत याचिका खारिज

**रांची :** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने शनिवार को जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले के मुख्य आरोपित राहुल कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पूर्व शुक्रवार को अदालत ने मामले के एक अन्य आरोपित डब्लू कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। मामले में दोनों पर आरोप है कि राहुल कुजूर और डब्लू कुजूर के इशारे पर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई, 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार ऑफिस से घर लौट रहे थे। इसी दौरान शूटरों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। हत्याकांड को लेकर एसआईटी गठित की गई थी। मामले में




डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित 10 आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 269/2023 के दर्ज कराई गई थी।
मामले के सभी आरोपित जेल में है। इनपर कोर्ट में 22 अप्रैल को आरोप गठित होना है। इस मामले में भी डब्लू कुजूर, सुशीला कुजूर और राहुल कुजूर सहित कई आरोपित के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में (कांड संख्या 238/2022) दर्ज कराया गया था।

## हाई कोर्ट में शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी पर 22 अप्रैल को होगी सुनवाई

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। दरअसल, ईडी कोर्ट ने योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। ईडी ने योगेंद्र तिवारी के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल किया है। ईडी की जांच में योगेंद्र तिवारी द्वारा बालू की तस्करी और अवैध तरीका से जमीन की खरीद-बिक्री कर अर्जित आय को शराब के कारोबार में लगाने की खुलासा हुआ है। मामले में ईडी ने 8/2023 दर्ज किया है। 19 अक्टूबर, 2023 को पूछताछ के क्रम में ईडी ने योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद 14 दिनों तक ईडी ने रिमांड




पर लेकर उससे पूछताछ की थी। इसके बाद उसे जेल भेजा गया था। पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के सहयोग से राज्य के 19 जिलों में थोक शराब का टेंडर योगेंद्र तिवारी ने लिया था। ईडी ने योगेंद्र तिवारी और उनके करीबियों के लगभग तीन दर्जन ठिकानों पर बीते 23 अगस्त, 2023 को छापेमारी की थी, जिसके बाद कई बार समन जारी कर योगेंद्र तिवारी को पूछताछ के लिए ईडी के रांची स्थित जोनल कार्यालय में बुलाया गया था और उससे पूछताछ की थी।

## बड़गाई अंचल की जमीन घोटाला मामले के आरोपी सद्दाम को भेजा गया जेल

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल की जमीन घोटाला मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम की रिमांड अवधि समाप्त होने पर शनिवार को ईडी की विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट में पेश किया गया। ईडी के आग्रह को देखते हुए कोर्ट ने सद्दाम हुसैन को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार



भेजने का आदेश दिया। मामले में दो मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सद्दाम हुसैन की पेशी होगी। इससे पहले ईडी दो बार रिमांड पर लेकर सद्दाम से पूछताछ कर चुकी है। सद्दाम की जानकारी पर ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए झामुमो नेता अंतू तिर्की सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार किया था। ईडी ने ईसीआईआर 6/2023 के दर्ज मामले में सद्दाम हुसैन को कोर्ट से मिली अनुमति के बाद फिर से नौ अप्रैल को गिरफ्तार किया था। सद्दाम को ईडी ने एक अन्य जमीन मामले में गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेजा था। इससे पूर्व बड़गाई अंचल के जमीन घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भानु प्रताप प्रसाद, आर्किटेक्ट विनोद सिंह, हिलेरियस कच्छप एवं राजकुमार पाहन के खिलाफ ईडी की टीम ने चार्जशीट दाखिल किया था। इसमें हिलेरियस की मौत हो चुकी है।

पलटवार

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इंडी गठबंधन पर हमला बोला-कहा

# रैली में देश और विकास विरोधियों का होगा जमावड़ा

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इंडी गठबंधन पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि रांची में इंडी गठबंधन की ओर से आयोजित रैली में देश विरोधी, सनातन विरोधी, झारखंड विरोधी, विकास विरोधी लोगों का जमावड़ा हो रहा है। इसमें वही लोग शामिल हो रहे हैं, जिन्होंने झारखंड को बेचने और खरीदने का काम किया है।
मरांडी शनिवार को पार्टी के मीडिया सेंटर में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रैली शामिल होने वाले लोग सत्ता में आने पर सारा समय लूटने में लगाते हैं। हेमंत सोरेन चार साल सरकार में रहे। आज वे जेल में हैं। जैसे जैसी करनी वैसी भरनी वाली कहावत उनपर पर चरितार्थ हो रही है। सत्ता मिलने के बाद नदी, बालू, पहाड़ तक नहीं छोड़ा। राजमहल




के पहाड़ को खोद दिया। मरांडी ने कहा कि राजमहल में 1000 करोड़ के पत्थर का अवैध खनन हुआ है। ईडी ने इसका उल्लेख अपने चार्जशीट में किया है। बालू, कोयला पत्थर की लूट की। जमीन में फर्जीवाड़ा का उसको बेचने का काम किया। सेना की जमीन को भी नहीं छोड़ा। आदिवासी जमीन का फर्जी कागजात बनाकर उसे बेचा। इस कार्य को सरकार का संरक्षण मिलता रहा। अब धीरे-धीरे ईडी ऐसा करने वाले सभी लोगों को जेल में डाल रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड की जनता सब जानती है। जनभावना का सम्मान नहीं करने और हर तरह से जनता को लूटने वालों का जमावड़ा रैली में हो रहा है। ऐसे लोगों पर जनता कैसे विश्वास करेंगी। मरांडी ने कहा कि ये वही लोग हैं, जो आतंकी हमले को भगवा आतंकवाद कहते हैं। देश के जवान के आतंकियों की गोली से मारे जाने पर राजनीति करते हैं। 'जी' लगाकर आतंकवादियों को सम्मान देते हैं। भारत के जवान के जवाबी कार्रवाई करने पर सबूत मानते हैं। देश को कमजोर करने का लगातार प्रयास करते हैं। ऐसे ही लोगों का जुटान रैली में हो रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 1962 में देश का बड़ा हिस्सा चीन को कांग्रेस सरकार ने दे दिया था। मोदी सरकार देश की एक-एक जमीन के लिए जान लगा रही है। किसी की भी हिम्मत नहीं है, जो देश का एक इंच भी जमीन कब्जा कर ले। गलवान घाटी और पूर्वोत्तर के क्षेत्र में यह नजारा देश की जनता देख चुकी है। उन्होंने कहा कि पहले डिफेंस के क्षेत्र में हम सिर्फ आयात करते थे। आज निर्यात कर रहे हैं। मरांडी ने कहा कि 2004 में अटल की सरकार जाने के बाद कांग्रेस सत्ता में आई। तब देश की अर्थव्यवस्था 11 स्थान पर थी। मनमोहन सरकार के कार्यकाल में सुपर पीएम सोनिया गांधी थी। स्थिति यह रही देश की अर्थव्यवस्था मात्र एक पायदान ऊपर आई यानी 11 में से 10वें नंबर पर आई। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था में बड़ी छलांग लगाकर पांचवें स्थान पर पहुंच गई। मोदी सरकार के तीसरे टर्म में देश की अर्थव्यवस्था तीसरे स्थान पर आ जाएगी।

# इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट के पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन का समापन

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** सीसीएल मुख्यालय में 'सतत विकास के लिए नई प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए मानव संसाधन को सशक्त बनाना' विषय पर इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आईएसटीडी) का दो दिवसीय पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन का शनिवार को समापन हुआ। कांफ्रेंस तीन सत्रों में आयोजित हुआ। प्रथम सत्र में प्रतिभा प्रबंधन के माध्यम से मानव संसाधन उत्कृष्टता का प्रबंधन (प्रतिभा प्रबंधन के माध्यम से मानव संसाधन उत्कृष्टता का प्रबंधन) पर चर्चा हुई। निदेशक (कार्मिक), बीसीसीएल मुरली कृष्ण रमैया ने इस सत्र की अध्यक्षता की। प्रथम सत्र में निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी, संजीव शेखर ने विषय विशेष पर व्याख्यान दिया। प्रोफेसर वैष्णवी जगदीश साहू ने सबके सम्मुख रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया। इस सत्र के समन्वयक पूर्व



महाप्रबंधक, सेल, डॉ. हरिहरन थे। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता मेकॉन (तकनीकी) के निदेशक अमित राज ने की। इस सत्र में मानव संसाधन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रौद्योगिकी के नए आयाम (मानव संसाधन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रौद्योगिकी के नए आयाम पर चर्चा हुई। इस सत्र में सुजुकी के मानव संसाधन के प्रमुख मुशर्रत हुसैन एवं टाटा कंसल्टेंसी के शरत चंद्रा ने उपरोक्त विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. कुमार मोहित स्प्रिंग ने विषय विशेष रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया। तृतीय सत्र की अध्यक्षता हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के पूर्व सीएमडी अरुण कुमार शुक्ला ने की। इस सत्र का विषय 'स्थिरता और घातीय वृद्धि' था। इस सत्र में कार्यकारी निदेशक, आईआईसीएम, डॉ. कामाक्षी रमन एवं डॉ. रोहित कुमार ने सम्बंधित विषय पर व्याख्यान दिया।

## NEWS IN Gallery

### महुवा चुनने गई अधेड़ विधवा से छेड़छाड़, ग्रामीणों ने आरोपित को पकड़कर सौंपा पुलिस को

**पलामू :** रामगढ़ थाना क्षेत्र के हूटार पंचायत अंतर्गत चिल्बिलिया जंगल में महुवा चुनने गई अधेड़ विधवा महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के रोक टोक से आरोपित दुष्कर्म करने में सफल नहीं हो पाया। बाद में ग्रामीणों ने आरोपित को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। आरोपी पहले भी हत्या और दुष्कर्म मामले में जेल जा चुका है। महिला के बयान पर इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि शनिवार की अहले सुबह हूटार पंचायत क्षेत्र की 50 वर्षीय विधवा महिला महुआ चुनने के लिए घर से एक किलोमीटर दूर चिल्बिलिया जंगल गई थी। यहा हूटार का युवक मुकेश कुमार उर्फ भोला यादव पिता सीता यादव पहुंचा और 50 वषीर्या महिला से छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म करने के लिए खींच कर जंगल की ओर ले जाने लगा। महिला ने विरोध किया तो आरोपी उसे पटक दिया, जिससे उसका एक हाथ टूट गया। आसपास महुआ चुन रहे अन्य लोगों ने बीच बचाव कर युवक को वहां से भगाया। बाद में गांव पहुंचने के बाद ग्रामीण एकजुट हुए और आरोपी को गांव के चौराहे से पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

### टेंपो और ट्रैक्टर की टक्कर में सीआरपीएफ हवलदार की मौत



**लातेहार :** जिला मुख्यालय के स्टेशन रोड पर शनिवार को टेंपो और ट्रैक्टर की टक्कर में टेंपो पर सवार सीआरपीएफ के हवलदार राम भुवन सिंह यादव (44) की मौत हो गई। मृतक राम भुवन सिंह यादव उत्तर प्रदेश के मऊ के रहने वाले थे। वर्तमान में लातेहार जिला मुख्यालय में स्थित सीआरपीएफ 214 बटालियन में कार्यरत थे। पुलिस के अनुसार शनिवार को राम भुवन सिंह यादव छुट्टी लेकर घर जाने के लिए कैंप से निकले थे। वे ऑटो पर सवार होकर लातेहार रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ऑटो और एक ट्रैक्टर में टक्कर हो गई। ट्रैक्टर पर गेहूं काटने वाली मशीन रखी हुई थी। टक्कर के दौरान मशीन का नुकीला हिस्सा टेंपो पर बैठे सीआरपीएफ के हवलदार के गर्दन में जा घुसी, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद सीआरपीएफ के अधिकारी और जवान घटनास्थल पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी।इसके बाद एसपी अंजनी अंजन, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी प्रमोद कुमार समेत पुलिस के अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

# रामगढ़-हजारीबाग बॉर्डर पर दो बदमाश गिरफ्तार, हथियार बरामद

स्वदेश संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़-हजारीबाग के बॉर्डर पर हथियार के साथ घूम रहे दो शातिर अपराधियों को पुलिस ने पकड़ा है। उन दोनों के पास से एक देसी पिस्तौल, एक देसी कट्टा और एक कारतूस बरामद हुआ है। यह जानकारी शनिवार को एसपी डॉक्टर बिमल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में सयाल पीपला सेंटर के रहने वाले राकेश कुमार उर्फ राजू और सायल शिवाजी रोड का रहने वाला प्रेम कुमार राम शामिल हैं। गुप्त सूचना के आधार पर सायल क्षेत्र में पुलिस जांच अभियान चलाकर पकड़ा। दोनों आरोपित हजारीबाग जिले के उरिमरी क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। एसपी ने बताया कि राकेश कुमार उर्फ राजू मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के गढ़वाल थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़की हथौड़ी गांव का रहने वाला है। प्रेम राम रांची जिले के कांके चौक सरना स्थल का रहने वाला है। दोनों पतरातू थाना क्षेत्र में रहकर अक्सर आपराधिक वारदातों को अंजाम देते रहे हैं। राकेश के पास से देसी रिवाल्वर मिला है। प्रेम के पास देसी कट्टा और एक कारतूस था। वे यामाहा मोटरसाइकिल (जेएच 24 एल 0461) से निकले थे। राकेश भुरकुंडा थाना क्षेत्र में पहले भी हथियार के साथ पकड़ा जा चुका है और वह जेल भी जा चुका है। छापेमारी दल में पतरातू इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, भुरकुंडा ओपी के पदाधिकारी कुणाल कुमार व अन्य पुलिस बल शामिल थे।

### भारी मात्रा में अवैध भंडारित कोयला और ट्रक जब्त

**बोकारोः** बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार ने नावाडीह के धतकीबेड़ा गांव में शनिवार को तड़के छापेमारी की। इस दौरान भारी मात्रा में अवैध रूप से भंडारित कोयला को जब्त किया गया। मौके से कोयला लदे एक ट्रक को भी टीम ने जब्त किया। ट्रक का पंजीयन संख्या बीआर-26-जीए-4981 है। ट्रक को संबंधित थाने को सुपूर्द कर दिया गया है। संबंधितों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है. छापेमारी में नावाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार, अंचलाधिकारी अभिषेक कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी एवं पुलिस जवान शामिल थे।



### रामगढ़ में चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार, बिजली का तार बरामद



**रामगढ़ :** पुलिस ने शनिवार को बिजली का तार चोरी करने के दो आरोपितों को कुजू ओपी क्षेत्र में हाईवे पर गिरफ्तार किया। साथ ही चोरी का बिजली तार भी बरामद कर लिया। इस संबंध में रामगढ़ एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि वेस्ट बोकारो क्षेत्र से बिजली विभाग का एल्युमिनियम का तार अज्ञात चोरों ने चुरा लिया है। तत्काल कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर छापेमारी अभियान शुरू किया गया। टीम ने कुज्जू क्षेत्र में नया मोड़ मुख्य सड़क के पास टैम्पो (जेएच-24 सी-4145) पर प्लास्टिक के छह बोरे में एल्युमिनियम का विद्युत तार बरामद किया। पुलिस ने टेंपो पर बैठे दो लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें रामगढ़ शहर के गोल पर निवासी मो. फिरोज उर्फ शेख फिरोज और भरेचनगर सांडी निवासी रोहित कुमार शामिल हैं। पूछताछ करने पर आरोपितों ने बताया कि बोरे में पैक तार चोरी का है, जिसे वे घाटों से चोरी कर ला रहे थे। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# पलामू में चुनाव तैयारी पर डीआईजी की समीक्षा बैठक, नेटवर्क और सुरक्षा पर जोर

स्वदेश संवाददाता



**पलामू :** पलामू लोकसभा सीट पर निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी की जा रही है। इसी कड़ी में पलामू के डीआईजी वाईएस रमेश ने शनिवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में बूथों पर कम्युनिकेशन की सुविधा, जहां नेटवर्क काम नहीं करता है, उन बूथों पर चिन्हित किया गया। कुछ बूथ रिलोकेट किए गए हैं, वहां काम चल रहा है। गर्मी को देखते हुए वोटर, मतदानकर्मी और सुरक्षाकर्मियों को सुविधा पहुंचे, इसके लिए जरूर पहल करने का निर्णय लिया गया। चुनाव कराने के लिए अगले सप्ताह से फोर्स का आना शुरू हो जायेगा। उन्हें ठहराने आदि पर भी चर्चा की गयी। डीआईजी ने कहा कि चुनाव कराने के लिए पुलिस प्रशासन की तैयारी पूरी है। एसओपी का अनुपालन हर हाल में करना है। पलामू राजनीतिक के साथ साथ नक्सल हिंसा के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। इसी हिसाब से सुरक्षा का प्रबंध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए कई स्तरों पर तैयारी की गयी है। लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करना है। कई अपराधी जिलाबदर किए गए हैं। चुनाव में बड़े स्टार प्रचारक आते हैं और ठहरते हैं, उसके लिए किस तरह प्रबंध करना है, इस पर भी चर्चा की गयी। सोशल मीडिया, नक्सल ऑपरेशन पर क्या कुछ किया गया, इसकी भी समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी मौजूद थे।

# श्रेया कोचिंग सेंटर के छात्राओं का मैट्रिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत : चंदन सिंह

स्वदेश संवाददाता

**इटखोरी :** श्रेया कोचिंग सेंटर के छात्राओं का मैट्रिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत श्रेया कम्प्टेटिव जॉन के मैट्रिक के परीक्षा परिणाम आने के बाद संस्थान के निदेशक चंदन कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है इस संस्थान से छात्राओं का शपथ प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने के बाद संस्थान के निदेशक चंदन कुमार सिंह ने काफी खुशी जाहिर की है मालूम हो कि श्रेया कोचिंग सेंटर तथा कम्प्टेटिव जॉन तुम भी चौक के बहुत ऐसे छात्र आए हैं जिन्हें निशुल्क के शिक्षा भी दी जाती है संस्थान के आदर्श कुमार सिंह ज्योति कुमारी रंजन प्रियांशु कुमार अभिषेक कुमार शत प्रतिशत परिणाम लाकर अपना परचम लहराया है ।



# विधायक किशुन दास ने ज्योत्स्ना ज्योति को किया सम्मानित



स्वदेश संवाददाता

**गिद्धौर :** सिमरिया विधानसभा के लोकप्रिय विधायक किशुन कुमार दास जी एवं भारतीय जनता पार्टी चतरा जिला के जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता जी गिद्धौर पहुंचकर प्रखंड के पांडेयबागी निवासी शिक्षक श्री राजेन्द्र दास जी की बेटी ज्योत्स्ना ज्योति ने मैट्रिक में 496 अंक लाकर झारखंड राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शुभकामनाएं बधाई दिए एवं इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिए इस अवसर पर गिद्धौर भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा भाजपा ओबीसी मोर्चा हजारीबाग के जिला प्रभारी श्री बिंदेश्वरी यादव जी गिद्धौर प्रभारी बासुदेव दांगी जी चतरा विधानसभा कू चुनाव प्रभारी गणेश यादव जी विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी किसान मोर्चा के अध्यक्ष सुनील कुमार राणा ओबीसी अध्यक्ष विकास कुमार महेन्द्र राम निरंजन दास तुलसी रविदास सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे ।

### शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ

# महिलाओं ने भव्य कलश सह शोभायात्रा निकाली

स्वदेश संवाददाता



**इटखोरी :** कोनी पंचायत के राजा दरभंगा में आयोजित श्री श्री 108 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ के आयोजन को लेकर भव्य कलश सह शोभायात्रा निकाली गई । कलश सह शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं एवं कुँवारी कन्याओं नें भाग लिया । कलश सह शोभायात्रा यज्ञमंडप से निकलकर गाँव मुहल्ला का भ्रमण करते हुए कोनी के ऐतिहासिक थाली जलप्रपात पहुचीं जहाँ अयोध्या से आये विद्वान ब्राम्हणों के द्वारा विधि विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरवाया गया । इसके पश्चात पुनः कलश सह शोभायात्रा यज्ञ मंडप पहुचीं जहां कलश को स्थापित किया गया । इस मौके पर मुख्य रूप से जीप सदस्य श्री मति सरिता देवी भाजपा जिला महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह मुखीया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजय भारती ओमप्रकाश सिंह रामाधार राम समेत अन्य उपस्थित थे । कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर एक कमेटी का भी गठन किया गया है । इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर ग्रामीणों ने एक कमेटी का भी गठन किया है । जिसमें अध्यक्ष पवन साव सचिव विजय साव उपसचिव बाबूलाल साव कोषाध्यक्ष ईश्वर साव उपाध्यक्ष लखन साव बाबूलाल साव सदस्य राजकुमार साव सुरेश शाह बैजू धनुखी साव राजू साव रघु साव पिंटू साव प्रकाश भुइंया इंद्र भुईया चंदन भुइंया सिकंदर भुइंया आशीष विकाश सुनील निरंजन साव का नाम शामिल है । आज से वृंदावन की विख्यात कथावाचिका मिथलेश्वरी शास्त्री बहाएंगी कथावाचन से ज्ञान की गंगा । मालूम हो की 20 अप्रैल आज शनिवार को भव्य कलश सह शोभा यात्रा के साथ श्री श्री 108 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ का आयोजन का शुभारंभ व पंचांग पूजन मंडप प्रवेश आरती किया गया । 21 अप्रैल को वेदी पूजन अग्नि प्रकटय , हवन प्रारम्भ रुद्र पाठ महाआरती पुष्पांजलि रात में प्रवचन । 22 अप्रैल को वेदी पूजन , मंडप पूजन , रुद्र पाठ महाआरती प्रवचन 23 अप्रैल को वेदी पूजन , मंडप पूजन , रुद्र पाठ , जलाधिवास , हवन ,महाआरती रात्रि में प्रवचन 24अप्रैल को वेदी पूजन , मंडप पूजन , रुद्र पाठ , अन्नाधिवास , हवन ,महाआरती रात्रि में प्रवचन , 25 अप्रैल को वेदी पूजन , मंडप पूजन , रुद्र पाठ , फलाधिवास , द्रव्याधिवास , नगर भ्रमण , शश्याधिवास आरती ।

### मैट्रिक परीक्षा में एक्मी क्लासेस का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** मैट्रिक 2024 की परीक्षा में एक्मी क्लासेस का रिजल्ट एक बार फिर से शत-प्रतिशत रहा. साथ ही इस वर्ष रांची के पांच प्रमुख स्कूलों के टॉपर एक्मी क्लासेस से ही रहे. इस वर्ष संस्थान से 120 बच्चों से मैट्रिक की परीक्षा लिखी जिसमें सभी बच्चे सफल हुए। संस्थान के 14 बच्चों ने 90? से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं, लगभग 42 बच्चों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए। साथ ही जिला स्कूल से टॉपर धीरज कुमार, बालकृष्णा स्कूल से टॉपर ऋतु कुमारी एवं सेकेंड टॉपर आरती कुमारी, श्री शिव नारायण मारवाड़ी स्कूल से टॉपर राधिका कुमारी, सेकेंड टॉपर वैष्णवी कुमारी, थर्ड टॉपर कृति कुमारी, फोर्थ टॉपर लक्ष्मी कुमारी एवं पांचवी टॉपर सुनैना कुमारी, के lवी गर्ल्स से टॉपर डॉली कुमारी, शिक्षा सेवा सदन स्कूल से थर्ड टॉपर सपना कुमारी सभी एक्मी क्लासेस से ही रहे। संस्थान के निदेशक निशांत सर ने सफलता पर सभी बच्चों की बेहतर भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह संस्थान विगत 15 वर्षो से रांची सहित पूरे झारखंड में कई टॉपर दे चुका है और 15 वर्षो के इतिहास में कोई भी बच्चा फेल नही हुआ है। आगे भी संस्थान इसी तरह बेहतर प्रदर्शन करता रहेगा। इस सफलता में संस्थान के अन्य शिक्षक मनीष सर, अतुल सर, मनीष नाहा सर, सिमरन मैम, सौरव सर, अंकित सर का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### समाजसेवी की पुण्यतिथि पर बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का किया वितरण

**रांची/स्वदेश संवाददाता :** छात्र क्लब ग्रुप के वरीय संरक्षक एवं प्रसिद्ध समाजसेवी स्व. अनिल कु. साहू की पुण्यतिथि पर छात्र क्लब बाल गोपाल मंच की संयोजिका कुमारी श्राव्या सांची (परी) ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके सामाजिक विचारों को याद कर जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया. मौके पर क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, वरीय संरक्षक सुमित कुमार, समाजसेविका देयमंती देवी आदि मौजूद थे। इस दौरान स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री एवं टॉफी-बिस्कुट आदि वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य रूप से संरक्षक अमित कुमार, प्रवक्ता कुमारी अनुजा, कुमारी शीला, कुमारी अनिता सहित गुनगुन कुमारी, ब्रजेश भारती, कृष्णा साहू, दिव्यज्योत, अभिनव कुमार, अस्मित कुमार आदि ने महत्तवपूर्ण भूमिका निभाई।



# लोहरदगा में मतदाताओं को किया जागरूक

स्वदेश संवाददाता



**लोहरदगा :** जिले में पलाश (जेएसएलपीएस) के जरिए कुडू, किस्को एवं कैरो प्रखंड में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत संकुल/ग्राम संगठन/स्वयं सहायता समूह स्तर पर सखी मंडल की दीदियों ने स्वीप विशेष बैठक आयोजित करके शपथ लिया। स्वीप पुस्तिका का वितरण किया गया। इसके अलावा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सखी मंडल की दीदियों के जरिए लोगों को मतदान कैसे करना है और प्रयोग होने वाली उस मतदान अंगुली को एकसाथ सामूहिक रूप से वृत्ताकार प्रदर्शित भी किया गया ताकि लोगों को वोट के प्रति जागरुकता बढ़े इत्यादि माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इसके अलावा विभिन्न ग्रामीण हाट बाजारों में भी लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

## राजनीति

### निर्दलीय लड़ेंगे जयप्रकाश वर्मा, कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से ठोकेंगे ताल

# 1977 में कोडरमा संसदीय क्षेत्र का गठन

स्वदेश संवाददाता



**कोडरमा:** कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी जयप्रकाश वर्मा चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में विकास नहीं हुआ है और यहां एक ही उम्मीदवार को पार्टी से बार-बार मौका मिल रहा है। ऐसे में इस बार वह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने बताया कि रीतलाल प्रसाद वर्मा हमारे चाचा थे और वह कोडरमा संसदीय क्षेत्र से पांच बार सांसद चुने गए. स्व. रीतलाल प्रसाद वर्मा ने इलाके में भाजपा की मजबूत नींव रखी थी। कॉलेज से ही राजनीति में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने वाले कोडरमा के पूर्व भाजपा सांसद स्व. वर्मा राजनीतिक जीवन में चुनावी सफलता का सफर तय करते गए। वे वकालत छोड़ राजनीति में आए थे और यहां अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। रीतलाल प्रसाद वर्मा 1969 में जनसंघ का जिलाध्यक्ष बनने के बाद 1972 में जनसंघ के टिकट पर जमुआ विधानसभा से पहली बार विधायक बने थे और कांग्रेस के मजबूत गढ़ को ध्वस्त करने में सफल रहे थे। उन्होंने जमुआ विस क्षेत्र पर तत्कालीन श्रम मंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता सदानंद प्रसाद को मात दी। गरीब गुरबों के अधिकार दिलाने और साफ-सुथरी शासन-प्रशासन का निर्माण करना ही स्व. वर्मा का मुख्य उद्देश्य था। यही कारण है कि वर्ष 1974 में लोकनायक जय प्रकाश नारायण के आह्वान पर उन्होंने एकीकृत बिहार विधानसभा से विधायक पद से त्याग पत्र दे दिया और जेपी के आंदोलन में शामिल हो गए। 1977 में कोडरमा संसदीय क्षेत्र का गठन हुआ। तब पहली बार लोक दल से रीतलाल प्रसाद वर्मा सांसद बने और इस क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों को संसद में उठाने का कार्य किया।जमुआ प्रखंड के भंडारो गांव में 1 फरवरी, 1938 को किसान परिवार में जन्मे स्व. रीतलाल प्रसाद वर्मा ने एलएलबी और डीआईपी की शिक्षा लेने के बाद राजनीति को करियर बनाया। गिरिडीह-कोडरमा रेलवे लाइन, मरकच्चो के बरियारडीह आयुध कारखाना के लिए वे संसद में बात रखते रहे। अलग वनांचल राज्य के लिए संसद के भीतर एवं बाहर आवाज को बुलंद करते रहे. वे 1977 के बाद जनता पार्टी से 1980, भाजपा से 1889, 1996 और 1998 में कोडरमा से सांसद चुने गए थे।

**पहली बार रिकार्ड मतों से जीत**

रीतलाल प्रसाद वर्मा ने अपना पहला संसदीय चुनाव वर्ष 1977 में रिकार्ड मतों से जीता. उस समय कुल मतदाताओं की संख्या 53,359, भाकपा के रामनारायण प्रसाद यादव को 21,377 और निर्दलीय जोहन मरांडी को 7,412 मत मिले थे. जयप्रकाश वर्मा ने यह भी कहा कि रीत लाल वर्मा के कई अधूरे सपने थे जो चुनाव जीतने के बाद हम पूरा करेंगे और उनके सपने को साकार करेंगे.

### बड़कागांव विधायक और आजसू नेता की लड़ाई में कूदी रामनवमी महासमिति

# धार्मिक कार्यक्रम में राजनीतिक करने वालों पर हो कार्रवाई : दीपक मिश्रा

स्वदेश संवाददाता




**रामगढ़ :** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद और आजसू कार्यकताओं के बीच की लड़ाई में रामनवमी महासमिति कूद पड़ी है। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष दीपक मिश्रा शनिवार को बरकाकाना ओपी पहुंचे और उन्होंने धार्मिक कार्यक्रम में राजनीति करने वालों पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस पदाधिकारियों से बात करने के बाद उन्होंने बयान जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा है कि पिछले दिनों रामनवमी में अवसर पर बरकाकाना में आयोजित धार्मिक मंच पर राजनीतिक होना दुःखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। पुलिस निष्पक्ष जांच करे और दोषियों पर कार्रवाई करे। महासमिति इस मुद्दे को एसपी के समक्ष भी रखेगी ताकि आगे से कभी भी इस तरह के धार्मिक आयोजनों में मतभेद पैदा न हो। दीपक ने कहा कि धार्मिक मंच किसी भी राजनीतिक पार्टी का अखाड़ा नहीं बनना चाहिए। आयोजन समिति किसी भी राजनीतिक दल और वैसे राजनेताओं का स्वागत नहीं करती जिनकी आस्था सनातन धर्म और भगवान श्री राम में ना हो। महासमिति में कई पदाधिकारी ऐसे हैं जो किसी ने किसी राजनीतिक दल से संबंध रखते हैं लेकिन उनकी आस्था प्रभु श्री राम में है। इस वजह से वह इस समिति के लिए महत्वपूर्ण हैं।

NEWS IN Gallery

## बच्चों ने बनाई फलों से मनोहारी आकृति



**मेदिनीनगर** : स्थानीय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को फ्रूट्स विद फन (फ्रूट्स पार्टी) समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में प्री नर्सरी से कक्षा तृतीय तक के छात्रों ने फलों से निर्मित विभिन्न प्रकार की मनोहारी आकृति एवं सजावट का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, खरबूजा, अंगूर, सेब और केला इत्यादि फलों को काटकर आकर्षक कलाकृति बनाई गई. बता दें कि नई शिक्षा नीति में फाउंडेशनल स्टेज के तहत नये सत्र के आरंभिक अवसर पर बच्चों के नवीन कक्षा के प्रति विशिष्ट रुचि और विद्यालय के प्रति लगाव के लिए इस प्रकार की अनेक गतिविधियाँ कराई जाती है. यह विद्यालय और बच्चों के लिए बहुप्रतिक्षित और स्वतंत्र गतिविधियाँ होती है. मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने कहा कि फलों के इस्तेमाल से हमारे शरीर में इम्यून शक्ति में वृद्धि होती है. इस प्रकार की स्वतंत्र गतिविधियाँ बच्चों के कक्षागत रुचियाँ प्रदान करने में सहायक होती है.

## गिरिडीह में बाबूलाल मरांडी पर अमर्यादित टिप्पणी करने पर दर्ज हुआ मुकदमा

**गिरिडीह** : भाजपा प्रदेश बाबूलाल मंराडी पर मोबाइल फोन में अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ गिरिडीह के तिसरी थाना पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुट गई है। केस दर्ज होने के बाद आरोपित दीपक यादव फरार बताया जा रहा है। लेकिन तिसरी पुलिस आरोपी दीपक को गिरफ्तार करने को लेकर छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मंराडी पिछले दिनों तिसरी के ककनी गांव में नवनिर्मित राधाकृष्ण और हनुमान मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के महायज्ञ में शामिल होने गए थे। इस दौरान क्षेत्र भ्रमण के क्रम में दीपक यादव ने भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता के मोबाइल फोन पर उसी वक्त कॉल कर बाबूलाल मंराडी पर अमर्यादित टिप्पणी किया था। जबकि धमकी भी दिया था। लिहाजा, भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता के वॉयस कॉल रिकार्डिंग के आधार पर सांसद प्रतिनिधी मनोज यादव ने तिसरी थाना में आवेदन देकर आरोपी दीपक के खिलाफ केस दर्ज कराया।

# आदिवासी जमीन के लुटेरों को उलगुलान जैसे पवित्र शब्द के प्रयोग से बचना चाहिए :बाबूलाल

स्वदेश संवाददाता



**रांची** : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आदिवासी समाज की जमीनों और उनके संसाधनों को लूटने और तबाह करने वालों को उलगुलान जैसे पवित्र शब्द के प्रयोग से बचना चाहिए तथा इतिहास में झांककर इंडी गठबंधन के साथियों को एक बार उलगुलान विद्रोह को फिर से पढ़ा जाना चाहिए। उलगुलान विद्रोह मूल निवासियों के संसाधनों, उनकी जमीनों और उनके अधिकारों को जमीदारों और साहूकारों द्वारा छीने जाने के विरोधस्वरूप उत्पन्न हुआ था। ऐसे में इंडी गठबंधन के लिए मुद्दा- सच्चाई, इंसाफ, न्याय न होकर, भ्रष्टाचारी हेमंत को अपराध मुक्त घोषित करना है। शामिल होने वाले इंडी गठबंधन के साथियों के लिए आदिवासी कल्याण कभी मुद्दा था भी नहीं, और आज भी नहीं है। उनके लिए मुख्य विषय यह है कि हेमंत के भ्रष्टाचार को उजागर क्यों किया गया? उसके शोषण और अत्याचार के तरीकों को जनता के पटल पर रखकर बताया क्यों गया? उन्हें इस बात से परेशानी है कि हेमंत सोरेन जो एक मुख्यमंत्री थे, उनकी राजनीतिक प्रतिष्ठा थी, जो आदिवासी समाज से खुद को ऊपर मान बैठे हैं, समाज के सामने उनकी वास्तविकता को क्यों बताया जा रहा है, उनके भ्रष्टाचार तथा आदिवासी समाज की लूटी हुई जमीनों के सच को उजागर क्यों किया जा रहा है। मेरा मानना है कि राजनीति में भ्रष्टाचार और परिवारवाद एक दूसरे से दूर नहीं है, बल्कि एक दूसरे का पूरक है। आप पूरे देश में किसी भी परिवारवादी पार्टी को देखेंगे तो यह कथन सर्वथा सत्य होगा, क्योंकि वसीयत स्वरूप परिवारों द्वारा सिर्फ मुफ्त में राजनीतिक पद और प्रतिष्ठा भर नहीं दी जाती, बल्कि साथ में भ्रष्टाचार और उनको छुपाने के नुस्खे भी बताए और दिए जाते हैं। सबको पता है कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जिसके लिए इस रैली का आयोजन किया जा रहा है, उसका हाथ पैर तो दूर, पूरा शरीर ही भ्रष्टाचार के दलदल में पूरी तरह डूबा हुआ है। पिछले 4 साल के कार्यकाल में हेमंत ने आदिवासी समाज के मान, सम्मान और पहचान को न सिर्फ धूमिल किया है, बल्कि आदिवासी धरोहरों को नष्ट करके उनके संसाधनों को बिचौलियों के हाथों बेचने का तथा उनकी जमीनों को अवैध तरीके से कब्जा करने तथा अपने साथियों की मदद से कागजों में भी हेरफेर करने का कुत्सित प्रयास किया है। जिस आदिवासी समाज के हितों का दिखावा कर, झूठे सपने दिखाकर हेमंत ने खुद को सत्ता पर काबिज किया था, वही हेमंत आज आदिवासी समाज की जमीनों को निगलने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। इंडी-गठबंधन के आए हुए साथियों की वंशावली निकाल कर आप सभी देख सकते हैं, समझ सकते हैं कि इनका रैली में आने का अभिप्राय- परिवारवाद की राजनीति को और आगे तक बढ़ाने और अत्याचार तथा शोषण के नए नए तरीकों से जनता को गुमराह करने के लिए नई कुनीतियों के निर्माण से है। इंडी गठबंधन के साथियों का मानना है कि जनता के दुख दर्द को अनदेखा कर कैसे परिवारवादी राजनीति के माध्यम से सत्ता पर हमेशा के लिए काबिज रहा जाए, इससे यह बात तो स्पष्ट है कि ये जुटान किसी आदिवासी समाज के हितों को ध्यान देने के लिए नहीं, अपितु अपनी परिवारवादी राजनीति को कैसे सुरक्षित रखा जा सके, उसके लिए है। गौर से देखिए, इन भ्रष्टाचारी, अत्याचारी और परिवारवादी चेहरों को जिनके कदम कभी हवाई जहाज तथा चार्टर प्लेन से नीचे जमीन पर नहीं पड़े, आज ये नाटक कर नंगे पैर चलने वालों का कष्ट समझने आए हैं, दरसल ये जुटाव एक समाज का अपमान करने के लिए, उनका मजाक बनाने के लिए तथा अपनी राजनैतिक रोटी सेंकने के लिए है।

# धनबाद में साइबर अपराधी गिरफ्तार,नकदी बरामद

**धनबाद** : धनबाद साइबर पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। दरअसल साइबर पुलिस ने साइबर अपराध के कुख्यात बदमाश विक्रम दास को साइबर अपराध से जुड़े कई सामानों के साथ गोबिंदपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। धनबाद साइबर सेल के डीएसपी संजीव कुमार ने शनिवार को बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद को गुप्त सूचना मिली थी की गोबिंदपुर और निरसा थाना क्षेत्र में कुछ साइबर अपराधी लोगों को झांसा देकर उनके गाढ़ी कमाई को ठगने में लगे हैं। जिसके बाद साइबर सेल ने एक विशेष टीम गठित कर छापेमारी की। जिसमें गोबिंदपुर थाना क्षेत्र से विक्रम दास नामक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार विक्रम के पास से पुलिस ने मोबाइल फोन, लैपटॉप, एटीएम कार्ड और 15 हजार रुपये नकद बरामद किया हैं। साथ ही पुलिस इसके अन्य साथियों को भी गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।



## नक्सलियों के रखे गए एक बंडल कोडक वायर बरामद

**गिरिडीह** : लोकसभा चुनाव को लेकर नक्सलियों के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन के कारण ही शनिवार की अहले सुबह गिरिडीह सीआरपीएफ के 154वीं बटालियन और खुखरा और मधुबन थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। सीआरपीएफ के साथ दोनों थानों की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर खुखरा थाना इलाके के चतरो के घने जंगल में छापेमारी कर एक बंडल कोडक वायर जब्त किया। कोडक वायर के इस बंडल को सर्च ऑपरेशन की टीम ने जंगल के भीतर जमीन में बने एक बंकर से बरामद करने में सफलता हासिल किया। माना जा रहा है कि चुनाव में सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने को लेकर नक्सलियों के दस्ते ने कुछ दिन से इस बंकर में सारा सामान जुटा रहे थे और इसी क्रम गुप्त सूचना के आधार पर जब सर्च ऑपरेशन चलाया गया, तो टीम ने जंगल के भीतर बंकर से इस कोडक वायर के बंडल को जब्त किया।

# गर्मियों में जल पिलाना परोपकार : संपत

**बोकारो/स्वदेश संवाददाता** : रोटरी क्लब चास ने चास में चल रही हीट वेव में राहगीरों को राहत देने की उद्देश्य से बाय पास रोड, चास में प्याऊ की व्यवस्था की?। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष ने कहा चास मुख्य बाजार होने के कारण बड़ी संख्या में यहां ग्रामीण खरीददारी करने आते हैं, परंतु भीषण गर्मी में उन्हें पीने के पानी की किल्लत झेलनी पड़ती है। पूजा ने कहा अब उन्हें परेशानी नही होगी। समाजसेवी संपत मल ने प्याऊ का शुभारंभ करते हुए जन-उपयोगी सेवा के लिए रोटरी क्लब चास की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के संयोजक धनेश बंका ने कहा की तेज धूप और गर्मी से परेशान लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। धनेश ने कहा कि अब राहगीरों को मटके का ठंडा पानी पीने को मिलेगा । रोटरी क्लब चास की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी क्लब अपने कर्तव्य का पालन कर पथिको की सेवा कार्य कर रही है।



# डीएवी स्कूल में महात्मा हंसराज की जयंती मनी

स्वदेश संवाददाता



**बोकारो** : डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 बोकारो की प्रार्थना सभा में महात्मा हंसराज की जयंती मनाई गई । इस अवसर पर आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने महात्मा हंसराज जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि त्याग समर्पण और कर्तव्य परायणता की जीती जागती मूर्ति महात्मा हंसराज जी ने अपना पूरा जीवन समाज सेवा को समर्पित कर दिया । हमें उनकी जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। हमें उनके द्वारा दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए उनके सपनों को साकार करना चाहिए। उन्होंने अपना पूरा जीवन डीएवी संस्थान को समर्पित कर दिया। जब जब भारत में संकट आया स्वामी जी ने पूरी तन्मयता से जनमानस की सहायता की, उन्होंने 1886 में लाहौर में पहला दयानंद एंग्लो वैदिक स्कूल की स्थापना की । महात्मा जी ने विधवा-विवाह और स्त्री-शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय काम किया। कई कन्या पाठशालाएं खुलवाईं। आज भी उनके द्वारा दिखाए मार्ग प्रासंगिक है। अपनी त्याग और तपस्या से आर्य समाज रूपी पौधे को सींचने वाले ऐसे कर्मनिष्ठ शिक्षाविद आर्य समाजी को हमारा कोटि कोटि नमन है। उनका जीवन बहुत ही संघर्षपूर्ण रहा, वे सादा जीवन उच्च विचार के समर्थक थे। उन्होंने कभी भी वेतन नहीं लिया। वे निस्वार्थ भाव से सेवा करते रहे। हमें उनके द्वारा दिखाए मार्गों पर चलना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को कई प्रेरक प्रसंग भी सुनाए। विद्यालय के संस्कृत शिक्षक बी एस झा ने महात्मा हंसराज के जीवन चरित्र पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे ।

# डीपीएस स्कूल में 85 विद्यार्थियों ने मारी बाजी

## छह विद्यार्थियों को इंटरनेशनल रैंक 1, 34 ने जीते स्वर्ण

स्वदेश संवाददाता



**बोकारो** : दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी कुशल मेधाविता का लोहा मनवाया है। इंटरनेशनल ओलंपियाड फाउंडेशन (आईओएफ) की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय संस्कृत ओलंपियाड में विद्यालय का ऐतिहासिक प्रदर्शन रहा। प्रतियोगिता में पहली बार सर्वाधिक 85 छात्र-छात्राओं ने शानदार सफलता दर्ज की है। खास बात यह कि छह विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रैंक 1 पाई है और तीन को जोनल रैंक 1 मिली। इन्हें मिलाकर कुल 34 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक जीतकर अपने विद्यालय, बोकारो शहर एवं झारखंड का नाम गौरवान्वित किया है। इंटरनेशनल रैंक -1 पाने वालों में कक्षा छह से अदिरा दीप, सातवीं कक्षा के उज्ज्वल पांडेय, आराध्या सिंह एवं अवनी प्रियदर्शी तथा कक्षा 10 की प्राप्ति दास एवं अमोघ आनंद झा के नाम शामिल हैं। वहीं, कक्षा 8 के ओम प्रकाश पात्रा व संस्कृत सिंह तथा नौवीं कक्षा के छात्र कुणाल आनंद ने जोनल रैंक 1 हासिल की है। इन्हें गोल्ड मेडल, गोल्ड बैज, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट मिले हैं। इन विद्यार्थियों के अलावा प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक व गोल्ड बैज जीतने वालों में कक्षा 6 के कुंवर शौर्य व शशांक, कक्षा 7 से ऋध्वि, काव्या, आदित्य लाल, वंश राजवेद, अभिनीत महापात्रा, अक्षरा सिंह, शारदा नंदिनी व आरुष कुमार सिन्हा, कक्षा 8 से सौमिली मंडल, आयुषी श्री, अभिनव मंडल एवं पलक प्रिया, कक्षा 9 के अनिमेष आनंद, कक्षा 10 से अनुष्का प्रिया, मन्नत मनीष, आर्या सिंह, आरव यश, अर्पिता आर्या, तान्या श्री, शगुन वर्मा, शिप्रा सिंह, ऋद्धिम गुप्ता एवं आव्या सिंह के नाम शामिल हैं। इसी प्रकार, उक्त प्रतियोगिता में 36 छात्र-छात्राओं ने रजत पदक व बैज जीते हैं। इनमें कक्षा 6 से संस्कृति, शीतल सामंत सेंगर, श्रेयांश नयन, आराध्या मिश्रा, शौर्य शांडिल्य, अभिज्ञान, नैतिक कुमार, सरित चक्रवर्ती, अगस्त्या आरव व स्वप्निल खेमका, कक्षा 7 से ट्यूलिप सौम्या, अक्षिता आर्या, यशस्वी पार्थ, आशीष, एंजेल, अनीष राज, कक्षा 8 की पहल लता, अनुष्का, श्वेत सान्वी, कृष कृष्णा, सृष्टि गोराईं, ऋषभ राज एवं आर्यमन आशीष, कक्षा 9 के क्षितिज राज, मीनाक्षी तनु, राजेश कुमार बेहरा, विष्णुश्री प्रिय, रूही, अदिति प्रिया, वीर शांडिल्य व सार्थक तिवारी कक्षा 10 के आदित्य राज, ईशान गौरव, अनुपम आनंद, आयुष केसरी एवं मयंक के नाम शामिल हैं।

# जमीन कारोबारी के घर पर तीन से चार राउंड फायरिंग, जांच में जुटी पुलिस

स्वदेश संवाददाता



**बोकारो** : चास थाना क्षेत्र के सरस्वती नगर में बाइक सवार दो अपराधियों ने जमीन कारोबारी विनोद सिंह के घर के बाहर तीन से चार राउंड फायरिंग कर दशक फैलाने का काम किया। मामला बीते रात,9.30 बजे का है , जमीन कारोबारी विनोद सिंह ने बताया कि वह जमीन का कारोबारी है और जमीन विवाद के कारण इस घटना को अंजाम दिया गया है। विनोद सिंह ने बताया कि एक जमीन के मामले को लेकर राजीव रंजन सिंह से विवाद चल रहा है ।वह मेरी जमीन हड़पना चाहता है और इसके गुंडे के रूप में बाबू खान ,मिथिलेश चौधरी और कुख्यात अपराधी शाहनवाज उसके साथ मिलकर इस तरह की हरकत कर रहे हैं पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है और कहा कि जिस तरह से अपराधी घर में पहुंचकर अपराध की घटना को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में पूरा परिवार दहशत में है। घटनास्थल पर पुलिस पहुंच जांच कर रही है, मिले जानकारी के अनुसार घटनास्थल से पुलिस को दो खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है पुलिस इस मामले की जांच कर रही है पुलिस का कहना है कि मामला संदेह हास्पद है मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जिस वक्त फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया घर में लगा सीसीटीवी बंद था इसीलिए मामले की जांच की जा रही।

## संप्रेक्षण गृह के चार किशोरों ने पास की मैट्रिक परीक्षा

**पलामू** : झारखंड अधिविध परिषद ने शुक्रवार को मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया। पलामू के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में सफल हुए। पलामू संप्रेक्षण गृह में रहकर परीक्षा देने वाले चार किशोर ने भी मैट्रिक की परीक्षा पास की। चार में से दो गढ़वा जिले एवं दो पलामू के किशोर शामिल हैं। इनमें से पलामू के दो किशोरों ने क्रमश: 72.08 एवं 60 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं गढ़वा के दो किशोरों को द्वितीय स्थान मिला। हत्या और दुष्कर्म मामले में चारों किशोर को संप्रेक्षण गृह लाए गए थे। अलग अलग स्कूल से जुड़े होने के कारण मैट्रिक परीक्षा को देखते हुए उनकी तैयारी करायी गयी।

# शिक्षा विभाग ने की स्कूलों के समय में बदलाव

स्वदेश संवाददाता



**बोकारो** : झारखंड अभिभावक संघ के बोकारो जिला अध्यक्ष महेंद्र राय ने कहा कि झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा राज्य के शिक्षा सचिव से आग्रह किया था कि बढ़ते गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव किया जाए। आज शिक्षा सचिव द्वारा समय बदलाव की आदेश जारी की गई। महेन्द्र राय ने कहा कि पूरे राज्य में गर्मी के थपेड़े और गर्म हवा से आम लोग हलकान हैं ऐसे में राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन को बच्चो के स्वास्थ को ध्यान रखते हुए अपने-अपने तरीके से गर्मी का आकलन कर स्कूल बंद करने से लेकर समय में बदलाव किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अलग-अलग जिलों का तापमान में इतनी बढ़ोतरी हुई है की छोटे नौनिहालों को स्कूल भेज पाना मुश्किल सा प्रतीत हो रहा है। शिक्षा सचिव को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस आदेश से बच्चो के स्वास्थ को काफी लाभ मिलेगा जिस तरह लू बढ़ते जा रही थी बच्चो को जान का खतरा था।

## घर में लगी भीषण आग, जिंदा जलने से बचे

**गिरिडीह** : तिसरी थाना क्षेत्र के चंदौरी रोड बघलोरवा स्थित मुख्य सड़क के किनारे एक घर में शनिवार की दोपहर भीषण आग लग गई. जिससे पक्के मकान को छोड़कर घर का काफी हिस्सा जल गया। बाद में आस-पास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि बघलोरवा स्थिति बडू राय के घर के बाहर मिट्टी के चूल्हे में हल्की आग थी। दोपहर को तेज हवाओं के संपर्क में आकर चिंगारी भड़की और पास ही रखे लकड़ियों को अपने लपेटे में ले लिया। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई। रास्ते से गुजर रहे एक वाहन चालक ने आग की लपटों को देखकर शोर मचाया।

सांस्कृतिक | बंगाली नव वर्ष पर रामगढ़ में आयोजित हुई म्यूजिकल नाइट

# बंगाली समाज एकजुट हो तो मिट सकती है कुरीतियां : देवांशु

स्वदेश संवाददाता

**रामगढ़** : झारखंड में बंगाली संस्कृति ने एक अमिट छाप छोड़ी है। लेकिन आज भी कुछ सामाजिक कुरीतियों की वजह से यह समाज आगे नहीं बढ़ पा रहा है। अगर बंगाली समाज एकजुट हो तो सारी कुरीतियां दूर हो सकती हैं। यह बातें बंगाली नव वर्ष के मौके पर आयोजित म्यूजिकल नाइट के दौरान समाज के अध्यक्ष देवांशु साहा ने कही। उन्होंने कहा कि बंगाली समाज शिक्षा और संस्कृति के रूप में काफी समृद्ध रहा है। इस समाज के लोगों ने पूरे देश को एक दिशा देने की कोशिश की है। आज भी यह समाज शैक्षणिक स्तर पर काफी समृद्ध है। लेकिन नेतृत्व क्षमता विकसित करना बेहद आवश्यक है।




### लायंस क्लब में आयोजित हुआ म्यूजिकल नाइट

रामगढ़ बंगोली एसोसिएशन के तत्वावधान में शहर के जे पी जैन मेमोरियल हॉल लायंस क्लब के सभागार में बंगला नववर्ष को लेकर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन झारखंड बंगाली युवा मोर्चा के प्रदेश मुख्य संरक्षक सुप्रीयो भट्टाचार्या, एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष भास्कर दत्ता और जिलाध्यक्ष देवांशु साहा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवांशु साहा ने लोगों को शुभकामनाएं देते हुए बंगाली समाज के लोगों से एकजूट होने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिए जागरूक हाने का भी आह्वान किया। वहीं एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष भास्कर दत्ता ने भी समाज के उत्थान के लिए लोगों से सहभागिता निभाने की अपील की।

### कलाकारों ने प्रस्तुत की बांग्ला संगीत

म्यूजिकल नाइट में रांची के अद्वितीय म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक आधुनिक बांग्ला गीतों व रवींद्र संगीत प्रस्तुत कर बंगाली समाज के लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं कलाकारों ने बांग्ला गीतों पर आकर्षक रंगारंग नृत्य भी प्रस्तुत किया। देर रात तक चले कार्यक्रम के बाद सामूहिक भोज के साथ समापन किया गया।

# गोड्डा के मेहरमा प्रखंड में आग लगने से आधा दर्जन घर जले

स्वदेश संवाददाता



**गोड्डा** : जिले के मेहरमा थाना क्षेत्र में शनिवार को बड़ी धनकुड़िया गांव में आग लगने से आधा दर्जन घर जलकर राख हो गए। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। आग लगने से लगभग लाखों रुपये की क्षति का अनुमान है। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। इस संबंध में पंचायत के मुखिया जंग बहादुर सिंह ने बताया कि घटना डेढ़ से 2:00 बजे दिन के आसपास की है। गुड्डू तांती के घर से अचानक आग लगी। जब तक आग पर काबू पाया जाता और ग्रामीण इकट्ठा होते तब तक रामसागर तांती, अरुण तांती, देवनारायण तांती, नरेश तांती एवं विसु तांती के घर जलकर राख हो गए। विशु तांती का एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इसके अलावा अन्य व्यक्तियों घर में रखे अनाज, बर्तन कपड़ा सहित कुछ नगदी भी जलकर राख हो गए। अंचलाधिकारी अभिनव कुमार ने सूचना के बाद गांव पहुंच कर कर्मचारियों से क्षतिपूर्ति का आकलन करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि सरकारी प्रावधान के तहत जो भी उचित होगा पीड़ित परिवार को दिया जाएगा। पंचायत के मुखिया जंग बहादुर सिंह ने कहा कि फिलहाल पीड़ित परिवार को चूड़ा गुड़ चावल एवं अन्य सामान खाने के उपलब्ध करा दिया गया है। ग्रामीण नवयुवकों ने कहा कि घटना के तीन घंटे बाद तक दमकल की व्यवस्था नहीं हो पाई। ग्रामीण नवयुवक एवं आसपास के लोगों के सहयोग से ढाई से तीन घंटे में आठ पर काबू पाया गया। यदि समय रहते दमकल की व्यवस्था हो जाती तो इतने घर नहीं जलते और लोगों के घर जलने से भी बचाया जा सकता था।

# संपादकीय | आखिर पाकिस्तान, भारत से क्यों डरा?

क्या मोदी सरकार की आतंकवाद-विरोधी नीति और पाकिस्तान में भारत के दुश्मनों की हत्या में कोई संबंध है? अभी हाल ही में पाकिस्तान ने आरोप लगाया है कि 14 अप्रैल को आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद के सहयोगी अमीर सरफराज तांबा की 'अज्ञात बंदूकधारियों' द्वारा हत्या में 'भारत की भूमिका' है। आलेख लिखे जाने तक सरफराज जीवित है या गंभीर रूप से घायल, इसे लेकर पाकिस्तानी अधिकारियों में भ्रम की स्थिति है।

कुछ समय से पाकिस्तान में वे आतंकवादी 'अज्ञात हमलावरों' का शिकार बन रहे हैं, जो भारत की 'सर्वाधिक वांछित सूची' में शामिल हैं। इसमें मौलाना रहीम उल्लाह तारिक, अकरम गाजी, ख्वाजा शाहिद, शाहिद लतीफ, रियाज अहमद, मौलाना जिया-उर-रहमान, खालिस्तानी परमजीत सिंह पंजवड़ और बशीर अहमद पीर शामिल हैं। पाकिस्तानी मंत्री नकवी ने सरफराज के साथ इन हत्याओं में भी भारत के शामिल होने का आक्षेप लगाया है। आखिर सरफराज ने ऐसा क्या किया था कि उसकी हत्या का बेतुका आरोप पाकिस्तान ने सीधा भारत पर लगा दिया? माना जाता है कि सरफराज और उसके साथी मुद्दसर ने पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसी आई.एस.आई. के इशारे पर वर्ष 2013 में लाहौर की जेल में बंद भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। यह हत्या भारत में आतंकवादी अफजल गुरु की फांसी के दो माह बाद हुई थी, जो 13 दिसंबर 2001 को भारतीय संसद हमले का मुख्य षड्यंत्रकर्त्ता था। कालांतर में पाकिस्तान की एक अदालत ने सरबजीत की हत्या के दोनों आरोपियों को इसलिए बरी कर दिया क्योंकि जेल में उपस्थित किसी ने भी इनके खिलाफ गवाही नहीं दी। यह स्थिति तब थी, जब पोस्टमार्टम में सरबजीत के शव पर बर्बरता के कई निशान मिले थे। सरबजीत भारत-पाकिस्तान सीमा पर बसे तरनतारन जिले (पंजाब) के भिखीविंड गांव के रहने वाले थे। 30 अगस्त 1990 को वे अनजाने में पाकिस्तान पहुंच गए थे, जहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद सरबजीत को बम धमाका मामले में फंसाकर बाद में दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुना दी।सरबजीत की बहन दलबीर कौर 1991 से लेकर 2013 में उनकी नृशंस हत्या तक रिहाई के लिए पाकिस्तान से लगातार पैरवी कर रही थी। 11 वर्ष बाद सरबजीत का मामला पुन÷अपने 'हत्यारे' सरफराज की 'अज्ञात हमलावरों' द्वारा 'हत्या' के कारण फिर से सुर्खियों में है। पाकिस्तान से पहले ब्रिटिश समाचारपत्र 'द गार्जियन' ने 6 अप्रैल को प्रकाशित अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि भारत विदेशी धरती पर रहने वाले अपने सर्वाधिक वांछितों को समाप्त करने की रणनीति के अंतर्गत पाकिस्तान में लोगों की हत्या कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, ''2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद से भारतीय खुफिया एजैंसी रॉ ने 20 हत्याएं करवाईं। इन सभी को भारत अपना दुश्मन मानता था।'' भारत सरकार इस रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर चुकी है। यह तीसरी बार है, जब भारत पर विदेशी धरती पर अपने दुश्मनों की हत्या या हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले, गत वर्ष कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया था कि खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ था। इसके बाद में अमरीका ने भी कह दिया कि भारत ने खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की भी हत्या की कोशिश की थी, जिसे उसने विफल कर दिया। मोदी सरकार इस प्रकार के सभी आरोपों का खंडन कर चुकी है। परंतु क्या अमरीका या किसी अन्य पश्चिमी देशों को इस मामले में भारत को कोई उपदेश देने का अधिकार है? सच तो यह है कि अमरीका का स्वयं का इतिहास विदेश में अपने शत्रुओं को ठिकाने लगाने का रहा है। 2 मई 2011 को पाकिस्तान में मध्यरात्रि को घुसकर अमरीकी सेना ने उस ओसामा बिन लादेन को मार गिराया था, जिसने सितंबर 2001 में अमरीका के न्यूयॉर्क में भीषण 9/11 आतंकवादी हमले की साजिश रची थी। यही नहीं, कई देशों के विरोध को नजरअंदाज करते हुए अमरीका ने वर्ष 2003 में इराक पर यह कहकर हमला कर दिया था कि उसके तानाशाह सद्दाम हुसैन के पास सामूहिक विनाश के घातक हथियार हैं। बाद में अमरीका को कोई हथियार नहीं मिले। इसी तरह 2019 में अमरीका ने सीरिया में आई.एस.आई.एस. सरगना अबु अल-बगदादी, 2020 में ईरान में शीर्ष सैन्य अधिकारी कासिम सुलेमानी और जुलाई 2022 में अफगानिस्तान के काबुल में आतंकवादी अल-जवाहिरी को मौत के घाट उतार दिया था। इतना ही नहीं, अमरीकी जांच एजैंसी 'सी.आई.ए.' ने क्यूबा के नेता फिदेल कास्त्रो की हत्या के 8 असफल प्रयास तक किए थे। इसराईल भी आत्मरक्षा में अपने दुश्मनों को दुनिया के किसी भी छोर में ठिकाने लगाने में पारंगत है। 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में 11 इसराईली खिलाड़ियों की हत्या करने वाले फिलिस्तीनी आतंकवादियों को इटली, फ्रांस, नार्वे, लेबनान और साइप्रस में ढूंढकर मारना इसका उदाहरण है। आज भी इसराईल इस प्रकार के कदम उठाने से नहीं हिचकिचाता।

## सोशल मीडिया से...



हमारा एक पड़ोसी जो आतंक का सप्लायर था वो अब आटे की सप्लाई के लिए तरस रहा है। ऐसे हालातों में हमारा भारत दुनिया में सबसे तेजी से विकसित हो रहा है। परिवारवादी और भ्रष्टाचारी नेताओं को मोदी की गारंटी बेचैन कर रही है। वे कहते हैं कि तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी तो देश में आग लग जाएगी।

**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

हम विधानसभा में ज्यादा जगह पर लड़ने की कोशिश करेंगे। मैं 10 साल से सत्ता में नही हूं। अमित शाह बताएं 10 साल तक आप सत्ता में थे क्या किया। फडणवीस ने धनगर समाज को आरक्षण देने की बात कही थी।

**शरद पवार,** एनसीपी नेता





संविधान तो कांग्रेस के कार्यकाल में खतरे में था, जब इन्होंने इमरजेंसी लगाई थी। संविधान बदलना तो कांग्रेस की हिस्ट्री में रहा है। इमरजेंसी के दौरान जब संविधान बदलने की कोशिश की गई, तब लेफ्ट पार्टियां इनके साथ थी। आज लालू यादव इनके साथ हैं।

**रविशंकर प्रसाद,** भाजपा नेता

राहुल तो चले गए वायनाड, लेकिन हमने कहा- लड़ेंगे तो यहीं से, जीएंगे तो यहीं पर, मरेंगे तो यहीं पर। कांग्रेस का विसर्जन तय है। ये मोदी का विरोध करते-करते श्रीराम का विरोध कर बैठे। मैं नेता नहीं हूं। मैं तो आपका भाई हूं और बच्चों का मामा हूं। मैं आपके जैसा ही हूं। न तुमको कोई और है न हमको कोई ठोर है।

**शिवराज सिंह चौहान,** पूर्व सीएम मप्र



## आज का कार्टून




# विपक्ष क्यों नहीं बना पा रहा कड़े मुकाबले का माहौल?

लगभग सभी ओपिनियन पोल बता रहे हैं कि विपक्ष की रैली नरेंद्र मोदी के लिए वरदान साबित हुई। चुनावों के समय दोनों मुख्यमंत्रियों के खिलाफ की गई कार्रवाई से विपरीत नेरेटिव भी बन सकता था। लेकिन इन गिरफ्तारियों के बाद जब मोदी ने कहा कि 卐भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी जंग आगे भी जारी रहेगी, जो लोग राजनीतिक गिरफ्तारियों का आरोप लगा रहे हैं, उन्हें किसी अदालत से जमानत नहीं मिल रही।卐 तो इन दोनों की गिरफ्तारी ने मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रतिबद्धता का नेरेटिव बना दिया। सभी ओपिनियन पोल भाजपा और एनडीए की सीटें 2019 के मुकाबले ज्यादा बता रहे हैं। 2019 में भाजपा खुद 303 सीटें जीती थीं, एनडीए के पार्टनर 50 सीटें जीते थे। अगर हम सभी ओपिनियन पोल का अनुपात निकालें, तो एनडीए की करीब 12 सीटें बढ़ कर 365 हो रही हैं। यह 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।

**अजय सेतिया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अविश्वास प्रस्ताव पर बहस का जवाब देते हुए भाजपा 370 पार और एनडीए 400 पार का नारा दिया था। विपक्ष भाजपा के इसी नारे में उलझ कर रह गया। उसका संविधान और लोकतंत्र को खतरे वाला घिसा पिटा प्रलाप जनता को उद्वेलित नहीं कर पाया। वह भूल गया कि 2019 में भी वह संविधान और लोकतंत्र को खतरे की बातें करता रहा था।

जब इंडी एलायंस बना था तो विपक्ष के नेता दावा कर रहे थे कि कम से कम 300 सीटों पर भाजपा के सामने एक ही उम्मीदवार खड़ा किया जाएगा, विपक्ष न तो इसे साकार कर पाया, न ही मुकाबले का नेरेटिव बना पाया। तीन राज्यों पंजाब, केरल और पश्चिम बंगाल में तो इंडी एलायंस सीट शेयरिंग ही नहीं पर पाया।

उत्तर प्रदेश में बसपा, आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस और बीजू जनता दल ने विपक्षी एकता की कोशिश नाकाम बना दी। विपक्ष किसी एक मुद्दे को भी खड़ा नहीं कर पाया, जो भाजपा और मोदी के लिए मुश्किल खड़ी करता। लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण खत्म करने का डर इंडी एलायंस के काल्पनिक मुद्दे हैं। जिनका मोदी, शाह और नड्डा ने एक एक बार जवाब देकर मामला ठंडा कर दिया।

चुनावी मुद्दे वे होने चाहिएं, जो जनता को सीधे प्रभावित करें। उपरोक्त तीनों मुद्दे सिर्फ बौद्धिक बहस के मुद्दे हैं। विपक्ष महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दों को बेहतर ढंग से उठा रहा है, लेकिन इन दोनों मुद्दों को स्वरोजगार के ढेरों विकल्पों और चारों तरफ दिखाई दे रहे राष्ट्र के विकास ने कमजोर कर दिया है। जाति आधारित जनगणना एक सीमित क्षेत्र का मुद्दा है। उन क्षेत्रों की जनता भी जानती है कि ओबीसी आरक्षण बढ़ जाने से नौकरियों में उन्हें कोई फायदा नहीं होगा, क्योंकि नई टेक्नोलॉजी आने से सरकारी नौकरियां ही घटती जाएँगी।

विपक्ष ऐसे मुद्दों की पहचान नहीं कर पाया है, जिनसे मोदी का वोट बैंक प्रभावित हो या पहली बार वोट डालने वाले 6 करोड़ वोटर प्रभावित हों। इंडी एलायंस बनते समय जो हवा बनी थी, वह हवा पहले दौर का मतदान शुरू होने से पहले ही हवा हो गई। एलायंस न तो साझा कार्यक्रम तय कर पाया, न एक भी साझा रैली कर पाया।

सिर्फ एक रैली दिल्ली में हुई, वह भी चुनावी रैली नहीं थी, बल्कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ थी। विपक्ष ऐसा समझता है कि उस रैली से मोदी सरकार की ओर से ईडी और सीबीआई के दुरूपयोग के खिलाफ विपक्ष की एकता का संदेश गया है। जबकि मोदी सरकार ने ठीक चुनाव के वक्त अरविन्द केजरीवाल और हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करके एक केलकुलेटेड गेम खेला था।

नरेंद्र मोदी के बनाए जाल में फंस कर विपक्ष ने इन दोनों मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी के खिलाफ एकजुटता दिखा अपने पांवों पर कुल्हाड़ी मार ली। क्योंकि किसी भी अदालत ने इन दोनों मुख्यमंत्रियों को जमानत नहीं दी। दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी को क़ानूनन जायज ठहरा देने के बाद संदेश उलटा हो गया। संदेश यह हो गया है कि यह गठबंधन अपने भ्रष्ट नेताओं को बचाने के लिए बनाया गया है।

दिल्ली की रामलीला मैदान की एक रैली में हेमंत सोरेन की पत्नी और अरविन्द केजरीवाल की पत्नियों को झारखंड के मुख्यमंत्री और दिल्ली के मंत्रियों से ज्यादा महत्व दिया गया। जबकि दोनों पहले राजनीति में नहीं थीं। रैली में इन दोनों गिरफ्तार मुख्यमंत्रियों की पत्नियों के अलावा सभी नेताओं के बेटे बेटियाँ मंच पर पहली लाईन में दिखाई दिए, जैसे लालू यादव के बेटे तेजस्वी, शरद पवार की बेटी सुप्रिया, मुलायम यादव के बेटे अखिलेश आदि।





इस रैली ने मोदी का वह काम कर दिया, जो वह सौ भाषणों से भी नहीं कर सकते थे। पिछले दस साल से वह भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ जंग का एलान कर रहे थे। दिल्ली की रैली ने उनके इन दोनों ही मुद्दों को देश के लिए गंभीर और सही साबित कर दिया।

लगभग सभी ओपिनियन पोल बता रहे हैं कि विपक्ष की रैली नरेंद्र मोदी के लिए वरदान साबित हुई। चुनावों के समय दोनों मुख्यमंत्रियों के खिलाफ की गई कार्रवाई से विपरीत नेरेटिव भी बन सकता था। लेकिन इन गिरफ्तारियों के बाद जब मोदी ने कहा कि ÷भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी जंग आगे भी जारी रहेगी, जो लोग राजनीतिक गिरफ्तारियों का आरोप लगा रहे हैं, उन्हें किसी अदालत से जमानत नहीं मिल रही।÷ तो इन दोनों की गिरफ्तारी ने मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रतिबद्धता का नेरेटिव बना दिया।

सभी ओपिनियन पोल भाजपा और एनडीए की सीटें 2019 के मुकाबले ज्यादा बता रहे हैं। 2019 में भाजपा खुद 303 सीटें जीती थीं, एनडीए के पार्टनर 50 सीटें जीते थे। अगर हम सभी ओपिनियन पोल का अनुपात निकालें, तो एनडीए की करीब 12 सीटें बढ़ कर 365 हो रही हैं। यह 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।

दूसरी तरफ ओपिनियन पोल्स के मुताबिक़ यूपीए के मुकाबले इंडी एलायंस की सीटें घट रही है। सत्रहवीं लोकसभा में यूपीए की 91 सीटें थीं, उसमें तृणमूल कांग्रेस की 22, समाजवादी पार्टी की 5, और आम आदमी पार्टी की एक सीट शामिल नहीं थी, क्योंकि ये तीनों दल यूपीए में शामिल नहीं थे।

अब ये तीनों दल इंडी एलायंस में शामिल हैं, इसलिए इन्हें जोड़ लें तो सत्रहवीं लोकसभा में इन सभी दलों की 119 सीटें बनती हैं। इनमें उद्धव ठाकरे की शिवसेना भी यूपीए में नहीं थी, लेकिन उद्धव ठाकरे समेत जो नया इंडी एलायंस बना है, उसे ओपिनियन पोल में 122 सीटें बताई जा रही हैं। तो इंडी एलायंस ने क्या हासिल किया।

वैसे जरूरी नहीं कि ओपिनियन पोल सही साबित हों। क्योंकि बिहार, बंगाल और महाराष्ट्र में कड़े मुकाबले की खबरें आ रही हैं। हालांकि चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर (जो पिछले नौ साल से विपक्षी दलों के रणनीतिकार रहे हैं, पिछले विधानसभा चुनाव में वह ममता बनर्जी के रणनीतिकार थे) ने बंगाल में भाजपा की सीटें तृणमूल कांग्रेस से ज्यादा होने की भविष्यवाणी की है।

मोदी का टार्गेट 400 पार का है, लेकिन किसी भी ओपिनियन पोल ने यह नहीं बताया है कि एनडीए 400 पार कर सकता है, या भाजपा 370 को छू सकती है। लेकिन अगर भाजपा दस सीटें भी बढ़ा ले गई, तो वह इसी नारे की सफलता मानी जाएगी, क्योंकि इस नारे ने सीटें घटने नहीं दी।

इंडिया टीवी और सीएनएक्स के ओपिनियन पोल ने एनडीए को सर्वाधिक 393 सीटें मिलने और इंडी एलायंस को सौ से भी कम सीटें मिलने की भविष्यवाणी की है। भविष्यवाणी यह है कि भाजपा हिन्दी पट्टी के दिल्ली समेत दस राज्यों में पिछली बार वाला नतीजा दोहराने जा रही है।

हालांकि किसी भी ओपिनियन पोल ने जमीनी हकीकत को इस लिहाज से नहीं देखा कि राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा में कई सीटों पर कड़ा मुकाबला हो रहा है। पिछली बार इन तीनों ही राज्यों की सारी 42 सीटें एनडीए जीता था, लेकिन इस बार कम से कम चार-पांच सीटें घट सकती हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश में उन सीटों की भरपाई हो सकती है। बंगाल के अलावा झारखंड और उड़ीसा में भी भाजपा की सीटें बढ़ रही हैं, लेकिन महाराष्ट्र, कर्नाटक और बिहार में पिछली बार वाला नतीजा नहीं रहने वाला।

तमिलनाडु के बारे में कुछ ओपिनियन पोल भाजपा को छह सीटें दे रहे हैं, भाजपा इससे पहले 1999 में द्रमुक के साथ गठबंधन में एक बार चार सीटें जीती थी। इसके अलावा दोनों में से किसी द्रविड़ गठबंधन में रहते हुए भी भाजपा दो से तीसरी सीट नहीं जीत सकी। 2014 से लगातार भाजपा लोकसभा चुनाव गैर द्रविड़ दलों के साथ गठबंधन बना कर लड़ रही है। 2014 में वह कन्याकुमारी सीट जीती थी, 2019 में वह भी हार गई।

इस बार उसके बड़ी ताकत के रूप में उभरने की भविष्यवाणी की जा रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। तिकोने मुकाबले में द्रमुक को फायदा होने की उम्मीद ज्यादा है। अगर भाजपा अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन करके 1999 में जीती चारों सीटों के अलावा सिर्फ उन्हीं सीटों पर चुनाव लड़ती, जहां कांग्रेस के उम्मीदवार थे, तो भाजपा की जोरदार एंट्री संभव थी।

# जेल की बजाय जमानत की अवधारणा केवल दिखावा बनकर रह गई

जेलों में बंद बदकिस्मत लोग या तो जमानत राशि जमा करने और जमानतदारों की व्यवस्था करने की स्थिति में नहीं हैं, या वे अपने लिए वकील खड़ा नहीं कर सकते हैं या अदालतों द्वारा कुछ विशिष्ट कारणों से उन्हें जमानत देने से इंकार कर दिया जाता है। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश की सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने पिछले साल सरकार से अनावश्यक गिरफ्तारी से बचने के लिए जमानत देने की सुविधा के लिए एक नया कानून बनाने पर विचार करने को कहा था, खासकर उन मामलों में जहां कथित अपराध के लिए अधिकतम सजा 7 साल तक थी।

**विपिन पब्बी**

पिछले महीने गुजरात में जिला न्यायाधीशों के एक अखिल भारतीय सम्मेलन में बोलते हुए, भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा कि इस बात की आशंका बढ़ रही है कि जिला अदालतें व्यक्तिगत स्वतंत्रता से संबंधित मामलों पर विचार करने के लिए अनिच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि 'जमानत एक नियम है, जेल एक अपवाद है' का लंबे समय से चला आ रहा सिद्धांत कमजोर होता दिख रहा है, जैसा कि ट्रायल कोर्ट द्वारा जमानत की अस्वीकृति के खिलाफ अपील के रूप में उच्च न्यायालयों और सुप्रीम कोर्ट में पहुंच रहे मामलों की बढ़ती संख्या से पता चलता है। यह प्रवृत्ति पूरी तरह से पुनर्मूल्यांकन की मांग करती है।

उन्होंने पिछले सप्ताह वही विचार दोहराए जब उन्होंने ट्रायल कोर्ट में 'नियम के रूप में जमानत, अपवाद के रूप में जेल' सिद्धांत के कमजोर होने पर चिंता व्यक्त की और कहा कि जिला न्यायाधीशों को नागरिकों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को उचित महत्व देकर इस प्रवृत्ति के साथ-साथ सार्वजनिक धारणा को भी उलटना चाहिए। समस्या यह है कि यद्यपि भारत के मुख्य न्यायाधीश अपना पद संभालने के बाद से ही इसे दोहराते रहे हैं, लेकिन संदिग्धों और विचाराधीन कैदियों को जमानत देने से इंकार करने में कोई कमी नहीं आई है तो आम इंसानों के बारे में क्या बात करें। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का ही मामला लें। उन्हें दिल्ली की उत्पाद शुल्क नीति से संबंधित एक कथित घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय ने हिरासत में लिया है। उनके पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया इसी मामले में एक साल से अधिक समय से विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में हैं। ई.डी. न तो मनी ट्रेल का पता लगा पाई है और न ही कथित रिश्वत की रकम बरामद कर पाई है। केजरीवाल को अब तिहाड़ जेल भेज दिया गया है और उनके साथ एक कट्टर अपराधी जैसा व्यवहार किया जा रहा है। उनके परिवार के सदस्य और अन्य आगंतुक उनके साथ दूर से बात कर सकते हैं, जैसे कि वह ड्क्षहसक हो सकते हैं या भागने की कोशिश कर सकते हैं। निचली अदालत और हाई कोर्ट में उनकी जमानत याचिका खारिज होने के बाद अब उन्होंने इसके लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। देश की खचाखच भरी जेलों में बंद कैदियों में से लगभग 75 प्रतिशत विचाराधीन कैदी हैं जिनका दोष सिद्ध नहीं हुआ है और फैसला आने के बाद उनमें से कई के अंतत÷बरी हो जाने की संभावना है। ऐसे मामले हैं जहां लोग, दोषी साबित नहीं होने पर, अपनी जवानी का पूरा समय या लंबी अवधि जेलों में बिता चुके हैं, सिर्फ इसलिए क्योंकि अभियोजन पक्ष, आम तौर पर राज्य ही, उन्हें जमानत देने से इंकार करने के लिए अदालतों के सामने गुहार लगाता है, जबकि आरोपी बचाव के लिए खुद वकील का बंदोबस्त नहीं कर सकते। ऐसे अधिकांश आरोपियों पर चोरी और झपटमारी जैसे अपेक्षाकृत छोटे आरोप लगते हैं।



जेलों में बंद बदकिस्मत लोग या तो जमानत राशि जमा करने और जमानतदारों की व्यवस्था करने की स्थिति में नहीं हैं, या वे अपने लिए वकील खड़ा नहीं कर सकते हैं या अदालतों द्वारा कुछ विशिष्ट कारणों से उन्हें जमानत देने से इंकार कर दिया जाता है। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश की सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने पिछले साल सरकार से अनावश्यक गिरफ्तारी से बचने के लिए जमानत देने की सुविधा के लिए एक नया कानून बनाने पर विचार करने को कहा था, खासकर उन मामलों में जहां कथित अपराध के लिए अधिकतम सजा 7 साल तक थी। यह इंगित करते हुए कि देश की जेलें विचाराधीन कैदियों से भरी हुई हैं, अदालत ने कहा था कि पुलिस नियमित आधार पर गिरफ्तारियां करती है और यहां तक कि न्यायिक अधिकारी भी जमानत याचिकाओं को खारिज करने से पहले अपने दिमाग का इस्तेमाल नहीं करते हैं। अदालत ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण टिप्पणी की। अदालतें जमानत देने से इंकार कर देती हैं क्योंकि न्यायाधीशों को लगता है कि अभियोजन पक्ष का मामला कमजोर था और आरोपी अंतत÷ बरी हो जाएगा! इस प्रकार यह अभियुक्त को विचाराधीन कैदी के रूप में सजा देने का एक तरीका था। अदालत ने यह भी कहा कि भारत में आपराधिक मामलों में सजा की दर बेहद कम है। हमें ऐसा प्रतीत होता है कि जमानत आवेदनों पर निर्णय लेते समय यह कारक नकारात्मक अर्थ में अदालत के दिमाग पर असर डालता है। यह अवलोकन देश भर के न्यायिक अधिकारियों के लिए आंखें खोलने वाला होना चाहिए। संयोग से, पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमन्ना की अध्यक्षता में मुख्यमंत्रियों के एक सम्मेलन में विचाराधीन कैदियों की दुर्दशा और हमारी खराब न्यायिक वितरण प्रणाली के कई अन्य पहलुओं पर चर्चा की गई थी।

प्रधानमंत्री ने यह बताते हुए कि अधिकांश विचाराधीन कैदी गरीब या सामान्य परिवारों से थे जिसे देखते हुए उन्होंने राज्यों से अपील की थी कि जहां भी संभव हो उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। उन्होंने पुराने कानूनों को निरस्त करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया था। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि पुलिस, अभियोजन एजैंसियों के साथ-साथ न्यायपालिका की मानसिकता भी बदलनी चाहिए। दुर्भाग्य से जेल की बजाय जमानत की अवधारणा केवल दिखावा बनकर रह गई है और शीर्ष पर बैठे लोग इस पर अमल नहीं कर रहे हैं।

RNI (JHAHIN/2016/69693)स्वत्वाधिकारी स्वदेश मीडिया नेटवर्क के लिए, मुद्रक एवं प्रकाशक मंगल प्रताप पाण्डेय द्वारा 237-बी,रोड़ न.2,अशोकनगर,रांची 834002 से प्रकाशित एवं शिवासाई पब्लिकेशन प्रा.लि. काठीटांड, (नियर टेंडर बगीचा) रातू, रांची-835222 झारखंड से मुद्रित।
प्रधान संपादक : मंगल पाण्डेय, संपादक : रौशन कुमार *, विज्ञापन एवं प्रसार : 8092174888, 9031730388, कार्यालय: 0651-7961780, किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायिक क्षेत्र रांची होगा। ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार* )

# रामनवमी 2024 हुआ भव्य एवं शांतिपूर्ण समापन

स्वदेश संवाददाता

### उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने हजारीबाग वासियों का जताया आभार





हजारीबाग। जिला में रामनवमी 2024 शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होने पर आईजी डॉ माइकल राज ने हजारीबाग के समस्त जनता को धन्यवाद दिया। उन्होंने पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन के बेहतर कॉर्डिनेशन को सफलता मूल मंत्र बताया। मौके पर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त नैन्सी सहाय ने जिलेवासियों को धन्यवाद दिया है। उपायुक्त ने कहा कि इस बार हजारीबाग वासियों ने मिसाल कायम किया है,सभी को दिल से आभार। पुलिस पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों, अन्य जिलों से आए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, अंचलाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, कर्मियों, विद्युत विभाग, नगर निगम एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े तमाम लोगों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि अथक प्रयास और पूरी तत्परता के साथ सभी ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। मीडिया को धन्यवाद देते हुए उपायुक्त ने कहा सभी ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सही सूचनाओ को आमजन तक पहुंचाया। पुलिस अधीक्षक ने भी ऐतिहासिक रामनवमी पर्व के सफल आयोजन पर उन्होंने कहा कि तमाम जिले वासियों के सहयोग,अनुशासन से प्रभावित हूं। सभी मीडिया कर्मी, पुलिस प्रशासन ने भी इस ऐतिहासिक पर्व को सफल बनाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी सभी को आभार। उन्होंने शांति समिति, शांति मित्र,अखड़ा समिति, सद्भावना समिति, संरक्षण समिति, महासमिति के तमाम सदस्यों और विभिन्न धर्मों के प्रबुद्धजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से यह सम्भव हो पाया है। इस अवसर पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने उम्मीद जताया कि आगे भी इसी तरह जनता और मीडिया का सहयोग मिलता रहेगा।

## मारवाड़ी युवा मंच ने राम भक्तों का किया स्वागत

स्वदेश संवाददाता

### शरबत चना पेयजल का किया गया वितरण



हजारीबाग। प्रभु श्री राम का जन्म उत्सव रामनवमी हजारीबाग के लिए काफी खास माना जाता है, और ऐसे में हर कोई अपनी सेवा के लिए आतुर नजर आता है इसी दृष्टिकोण से जिले में अपनी सेवा प्रदान कर रही मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा मुख्य मंच के समीप राम भक्तों का जोरदार स्वागत किया गया। राम भक्तों के बीच शरबत बिस्कुट एवं पेयजल का वितरण किया गया या कार्य दशमी की देर रात्रि से प्रारंभ होकर एकादशी को देर शाम तक निरंतर रूप से चलता रहा। इस बीच समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य भी स्टॉल में पहुंचकर अपनी सेवा प्रदान किए और मारवाड़ी युवा मंच के युवाओं का हौसला अफजाई किया।मौके पर मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष सीए विनीत अग्रवाल ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा या सेवा पहली बार दी गई है आने वाले वर्षों में और भी सामग्रियों के साथ बेहतर रूप से किया जाएगा। प्रभु श्री राम की कृपा समस्त लोगों पर बनी रहे। मारवाड़ी युवा मंच का सेवा ही सबसे बड़ा लक्ष्य।सचिव पीयूष खंडेलवाल ने सफलतापूर्वक रामनवमी संपन्न की सभी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मारवाड़ी युवा मंच ने छोटा सा प्रयास किया और राम भक्तों का अपार सहयोग और आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। अगली वर्ष और भी बृहद रूप में सेवा प्रदान की जाएगी। मारवाड़ी युवा मंच हर सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता पूरी तरह सुनिश्चित करती है।अध्यक्ष सीए विनीत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अनिकेत जैन, दीपक खंडेलवाल उर्फ मोनू,सौरव गोयल ,अमन चौधरी बादल गोयल,अमित अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, रितेश खण्डेलवाल,बिनीत जैन, शुभम अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, विनीत मुनका, राहुल अग्रवाल, रोहन जैन सहित कई लोग मौजूद थे।

## स्मृति शेष : नहीं रहे सेवानिवृत्त एजुकेशन एसडीओ श्याम बिहारी ओझा

स्वदेश संवाददाता

### शिक्षा विभाग के ईमानदार अफसर के रूप में जाने जाते थे, सामाजिक-धार्मिक कार्यों में रहती थी भागीदारी



हजारीबाग। सेवानिवृत्त एजुकेशन एसडीओ श्याम बिहारी ओझा नहीं रहे। वह 92 वर्ष के थे और को-ऑपरेटिव कॉलोनी स्थित अपने आवास पर 11 अप्रैल को आखिरी सांस ली। वे अपने समय के ईमानदार अफसर के रूप में जाने जाते थे। सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भी उनकी खूब भागीदारी रहती थी। दो सप्ताह पहले उन्होंने नृसिंग स्थान मंदिर में पूजा की थी। मूल रूप से वह बिहार के बक्सर जिला के रहने वाले थे। वे मई 1984 में हजारीबाग आए और फिर यहां की आबोहवा में रच-बस गए। यहीं को-ऑपरेटिव कॉलोनी में उन्होंने घर बना लिया। वे जुलाई 1993 में सेवानिवृत्त हुए थे। उनका अंतिम संस्कार हजारीबाग के खीरगांव स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनके बड़े पुत्र गोपाल कृष्ण कश्यप ने उन्हें मुखाग्नि दी। श्याम बिहारी ओझा की पत्नी रामदुलारी देवी फरवरी 2016 में चल बसी थीं। श्याम बिहारी ओझा के दो पुत्रों में बड़े गोपाल कृष्ण कश्यप आईटी इंजीनियर एटीएम और छोटे पुत्र हरिगोपाल कश्यप इटिनेट मुंबई में सीनियर डायरेक्टर हैं। श्याम बिहारी ओझा दो पुत्र, तीन बेटियां समेत भरा-पूरा परिवार है। उनकी श्रद्धांजलि सभा उनके आवास पर 23 अप्रैल की शाम पांच बजे से होगी। उनके निधन पर शिक्षा पदाधिकारियों, शिक्षाविदों समेत समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों ने शोक जताया है।

# 44 डिग्री तापमान में भी एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल के समर्थन में तादाद जुट रहे लोग





स्वदेश संवाददाता

हजारीबाग। चुनावी गर्मी के साथ हजारीबाग का तापमान भी बढ़ने लगा है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बिहार- झारखंड बॉर्डर चौरदाहा चेकपोस्ट पर शनिवार को तापमान भट्ठी की तरह गर्म रहा। इस प्रचंड गर्मी में गर्म हवा के बीच हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित अन्य इस क्षेत्र के नेताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं संग अपना जनसंपर्क अभियान शुरू किया। शादी- लग्न, क्षेत्र में कई धार्मिक आयोजन और महुआ चुनने का समय होने के बावजूद क्षेत्र की जनता और मतदाता ने तादाद में उपस्थित होकर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल को सुना और उनके समर्थन में मतदान करने का उन्हें भरोसा जताया। मनीष जायसवाल ने इस दौरान बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण प्रखंड स्थित करीब 11 पंचायतों के दर्जनभर से अधिक गांवों का तुफानी दौरा कर जनसंपर्क और जनसंवाद के माध्यम से भाजपा और अपने पक्ष में आगामी 20 मई को कमल फूल छाप पर वोट देने का अपील किया। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने चोरदाहा, चौपारण, सियरकोनी, यवनपुर, चयकला, दादपुर, बेड़ना, बेला, राणिक, झापा, चैथी, पपरो, करमा, बहेरा और मानगढ़ का चुनावी दौरा किया। ग्राम दादपुर में जनसंवाद के दौरान जैक के मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में प्रखंड टॉपर बने छात्र अनिकेत सिन्हा और उनके स्कूल मॉडर्न स्कूल, दादपुर के शिक्षकों का मनीष जायसवाल और मनोज कुमार यादव ने संयुक्त रूप से माला पहनाकर हौसलाअफजाई किया। मौके पर एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने लोगों से कहा की हिंदुस्तान का मान- सम्मान और अभियान नरेंद्र मोदी हैं इसीलिए फिर एक बार मोदी सरकार बनाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 62 साल के तुलना में मोदी सरकार का 10 साल भारी है। उन्होंने यह भी कहा की मैं मन से नेता नहीं सेवक हूं और सेवा के भाव से ही राजनीति में आया हूं। आशिर्वाद दें अपने सेवा को विस्तार दूंगा और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र को नई बुलंदी तक पहुंचाऊंगा।

### नेता नहीं बेटा/भाई चुनें, मनीष को अपना सांसद चुनें : मनोज कुमार यादव

मनीष जायसवाल के समर्थन में चल रहें बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की नेता नहीं बेटा/भाई चुनें, मनीष जायसवाल जैसे सुलभ, मिलनसार और मृदुभाषी व्यक्तित्व को ही अपना सांसद चुनें। उन्होंने कहा की मनीष जायसवाल गरीबों के मसीहा हैं और जनता के हर सुख- दुख में सहभागी बनकर उनके साथ रहते हैं। मौके पर जीप सदस्य राकेश रंजन, सहसंयोजक अर्जुन साव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, रमेश ठाकुर, रामस्वरूप पासवान, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साव, चौपारण पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ,विहिप जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता, भाजपा नेता रंजीत चनद्रवंशी, मुकुन्द साव, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## 93.40 फीसदी अंक लाकर मुस्कान सिन्हा बनी प्रखंड टॉपर, बधाइयों का लगा तांता





स्वदेश संवाददाता

दारू (हज़ारीबाग)। सरस्वती उच्च विद्यालय की छात्रा मुस्कान सिन्हा ने जैक बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा मे 93.4 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड की टॉपर छात्रा बनने का गौरव हासिल किया है। मुस्कान के पिता भैया अजीत कुमार सिन्हा टाटीझरिया के एक निजी विद्यालय में शिक्षक हैं और मां एक सफल गृहणी है।मुस्कान की प्रखंड की उत्कृष्ट छात्रा घोषित होने पर विद्यालय के तमाम शिक्षक एवं क्षेत्रवासी बधाइयां के साथ साथ उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे है। वहीं पेटो निवासी बादल कुमार पिता कृष्ण कुमार कुशवाहा ने 93.20 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड का दूसरा टॉपर छात्र बना।बादल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेडकूरी की छात्रा स्नेहा कुमारी ने 92.80 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड के तीसरे पायदान पर रही। महेशरा उच्च विद्यालय के छात्र विशाल राम रवानी 90.20 प्रतिशत अंक लाकर अपने विद्यालय का टॉपर रहा वहीं उत्क्रमित प्लस टू हाई स्कूल दिग्वार के छात्र बसंत कुमार सिंह 74.4% अंक लाकर अपने विद्यालय का टॉपर बना।

## सक्सेस पॉइंट बसरिया के बच्चों ने मैट्रिक में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन









स्वदेश संवाददाता

### बेलाही का कुणाल बना प्रथम टॉपर, दूसरा टॉपर पीयूष कुमार अमझर एवं तीसरा टॉपर रौनक कुमार बेलाही

### पुरे वर्ष समय का सदुपयोग बच्चों के लिए वरदान साबित होता है : प्रकाश कुमार

चौपारण। प्रखंड के बसरिया में संचालित सक्सेस प्वाइंट कोचिंग संस्थान और संगम इंटर कॉलेज के विद्यार्थी लगातार मैट्रिक बोर्ड हो या इंटर बोर्ड लगातार बेहतर प्रदर्शन करते आ रहे हैं और एक नया कृतिमान पूरे बसरिया क्षेत्र में शिक्षा के प्रति रच रहे हैं। सक्सेस प्वाइंट कोचिंग संस्थान और संगम इंटर कॉलेज के डायरेक्टर प्रकाश कुमार रजक ने सभी उत्तीर्ण हुए बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि पूरे वर्ष बच्चे द्वारा समय का सदुपयोग करने से बच्चों के लिए वरदान साबित होता है जो पूरे सक्सेस प्वाइंट के बच्चों में देखने को मिलता है। वहीं शुक्रवार को जैक रांची द्वारा सत्र 2023-24 का मैट्रिक परीक्षा का परिणाम जारी किया गया | जिसमें सक्सेस प्वाइंट कोचिंग संस्थान का कुल 145 परीक्षार्थियों ने भाग लिया था, जिसका रिजल्ट सत प्रतिशत रहा और सबसे बडी बात की सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। प्रथम टॉपर कुणाल यादव पिता कैलाश यादव बेलाही 435 अंक लाकर बना,दूसरा टॉपर पीयूष कुमार पिता केदार भुइयां अमझर 423अंक लाकर बना, तीसरा टॉपर रौनक यादव पिता शंकर यादव बेलाही 420अंक लाकर बना,वहीं चौथा स्थान नितेश यादव पिता नरेश यादव 418अंक लाकर अव्वल रहे| अंबिका कुमारी 414, ऋतिक कुमार 413, निशु कुमारी 411, नित्या कुमारी 410 ,शशि कुमार 408, भोला यादव 407, प्रहलाद कुमार 402 ,मधु कुमारी 401 ,खुशबू कुमारी 392, लक्ष्मी कुमारी 387, अरुण यादव 372, विक्रम यादव 369 , संजना कुमारी 363, सुप्रिया कुमारी 352 इत्यादि सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।

## बड़वार में कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ

स्वदेश संवाददाता



दारू ( हजारीबाग)। प्रखंड क्षेत्र के इरगा पंचायत के बड़वार गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर प्रांगण में शिव परिवार प्राणप्रतिष्ठा को लेकर श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस यज्ञ का शुभारंभ शनिवार को वैदिक कर्मकांड के अनुसार भव्य कलश यात्र निकाली गई। इस कलश यात्रा में 581 कुमारी कन्याओं व महिलाओं ने कलश उठाकर मंदिर प्रांगण से गाजे-बाजे व हर हर महादेव व जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए 3किमी दूर उतर वाहिनी कोनार नदी पहुंचे।जहां यज्ञाचार्य डॉ अनुग्रह नारायण शर्मा व उनके सहयोगियों के द्वारा मुख्य पुजारी नरेश राम व उनकी धर्मपत्नी रीता देवी व अन्य पुजारी मनोज राम उनकी पूनम देवी, जितेंद्र यादव उनकी पत्नी रीता , लक्ष्मण यादव धर्मपत्नी कमली देवी, कुलेश्वर यादव धर्मपत्नी तेतरी देवी,संजय यादव धर्मपत्नी विभा देवी, दिलीप राम धर्मपत्नी पार्वती देवी,विनोद यादव धर्मपत्नी ममता देवी व विनोद राम धर्मपत्नी मीणा देवी से परे वैदिक कर्मकांड के साथ पूजा अर्चना कर व वरुण देव का आह्वान कर जल उठवाया, जहां से कलश यात्री अपने कलश में जल लेकर यज्ञ स्थल पर पहुंचकर कलश को स्थापित किया।समिति की ओर से सभी कलश यात्रीयों को चना गुड़ व शर्बत से व्रत को तोड़वाया गया। यज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष रामशरण राम, सचिव-सुखदेव राम, कोषाध्यक्ष -धानेश्वर राम, समिति के सदस्य विकाश कुमार, संतोष यादव, सचिन राम, नरेश यादव , मनोज राम, सीता राम, कमेवश्वर राम, सुधेश्वर सिंह, अर्जुन राम , सूरज राम, इंद्रनाथ यादव, अशोक यादव, अजित यादव, राजकुमार यादव, नरेश यादव, नरेश पासवान, महावीर कुमार यादव, सचिन राम, दिलीप राम, विजय राम, अजय यादव, गुलाब यादव, निरंजन यादव, पिंटू यादव, रणवीर यादव, सुनील यादव, संदीप यादव,सुरेंद्र यादव,सुरेश यादव, परमेश्वर महतो, लखन यादव, हीरालाल यादव, शंकर यादव, सहदेव यादव,बीरेंद्र यादव, एंव समस्त बड़वार ग्रामीण तन मन से जुड़े हुए है। इस सात दिवसीय यज्ञ की जानकारी देते हुए यज्ञाचार्य डॉ अनुग्रह नारायण शर्मा ने बताया कि 20 अप्रैल को कलश यात्रा व पंचांग पूजन हुआ, 21 अप्रैल को मंडप प्रवेश व स्तम्भ पूजन, 22 अप्रैल को वेदी पूजन व अग्निस्थापन, 23 अप्रैल को जलाधिवास व अन्नाधिवास 24 मार्च को पुष्पढिवास व फुलधिवास , 25 को नगर भ्रमण व शैय्याधिवास एवं 26 अप्रैल को मंगल स्नान यज्ञ की पूर्णाहुति ,भंडारा व रात्रि में जागरण का आयोजन किया जाना है।

## श्री श्री 1008 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह मद्भगवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का बलिया में हुआ शुभारंभ

स्वदेश संवाददाता



दारू (हजारीबाग)। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दारू प्रखंड के बलिया गांव मे मंदिर उद्धार हेतु 5 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह महापुराण कथा का शुभराम हुआ।जिसमें मुख्यातिथि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार, विशिष्ठ अतिथि कबिलासी पंचायत के मुखिया पति राजेश प्रसाद ने माताएं को कलश देकर जत्था को जल संग्रह हेतु नदी की ओर प्रस्थान किया।वही मुख्यतिथि ने कहा कि अभी पुरा क्षेत्र अमन व शांति के लिए भक्ति में लीन है।जगह जगह यज्ञ का आयोजन किया जा रहा। हज़ारो की संख्या में महिला पुरुष गाजे बाजे के साथ नदी की ओर रवाणा हुए। कार्यक्रम में पसस प्रतिनिधि दीपक पाठक,पुर्व मुखिया कमल जी, बिनोद पांडेय,प्रभु प्रसाद,नरेश महतो, संदीप कुमार, प्रेम प्रसाद समेत कई पुजारी सहित हज़ारो महिला-पुरुष मौजुद थे।

## मुसलमानों को टिकट ही नहीं मिलेगा तो जिसकी जितनी आबादी उतनी हिस्सेदारी की बात करना निरर्थक : बाबर कुरैशी

स्वदेश संवाददाता



हजारीबाग। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की ओर से झारखण्ड के 14 लोकसभा सीटों में किसी भी सीट मुसलमान को टिकट नहीं दिए जाने पर बाबर कुरैशी ने नारजागी जाहिर की है। श्री कुरैशी ने कहा कि राहुल गांधी जिसकी जितनी आबादी उतनी हिस्सेदारी की बात करते हैं तो झारखंड में 15 फीसदी मुस्लिम आबादी है तो क्या एक सीट पर दावेदारी नहीं बनती है? श्री कुरैशी ने कहा कि इस मामले को लेकर पूरे झारखंड में आवाज़ बुलंद की जाएगी और कांग्रेस पार्टी का विरोध का सामना भी करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमारे अपील पर कौम के बेहतर भविष्य के लिए कांग्रेस पार्टी के विरोध में लोग गोलबंद होना शुरू हो चुके हैं। श्री कुरैशी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा मुसलमान विरोधी रही है। 70 वर्षों से मुसलमान को ठगने का कार्य करती रही। अब इनका चेहरा अब बेनकाब हो गया है कांग्रेस पार्टी हमेशा भाजपा का भय दिखाकर मुसलमान का वोट लेते रही है , लेकिन इस बार लोग समझ चुके हैं और किसी बहकावे में नहीं आने वाले हैं! उन्होंने कहा कि विकल्प तलाशा जा रहा है, ताकि मुसलमानों को वोट बैंक समझने वाली कांग्रेस को चुनाव में सबक सिखाई जा सके।

# बड़वार में कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ

स्वदेश संवाददाता

### 581 कुमारी कन्याओं व महिलाओं ने तीन किमी की दूरी तय कर कलश में जल उठाया



दारू ( हजारीबाग)। प्रखंड क्षेत्र के इरगा पंचायत के बड़वार गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर प्रांगण में शिव परिवार प्राणप्रतिष्ठा को लेकर श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस यज्ञ का शुभारंभ शनिवार को वैदिक कर्मकांड के अनुसार भव्य कलश यात्र निकाली गई। इस कलश यात्रा में 581 कुमारी कन्याओं व महिलाओं ने कलश उठाकर मंदिर प्रांगण से गाजे-बाजे व हर हर महादेव व जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए 3किमी दूर उतर वाहिनी कोनार नदी पहुंचे।जहां यज्ञाचार्य डॉ अनुग्रह नारायण शर्मा व उनके सहयोगियों के द्वारा मुख्य पुजारी नरेश राम व उनकी धर्मपत्नी रीता देवी व अन्य पुजारी मनोज राम उनकी पूनम देवी, जितेंद्र यादव उनकी पत्नी रीता , लक्ष्मण यादव धर्मपत्नी कमली देवी, कुलेश्वर यादव धर्मपत्नी तेतरी देवी,संजय यादव धर्मपत्नी विभा देवी, दिलीप राम धर्मपत्नी पार्वती देवी,विनोद यादव धर्मपत्नी ममता देवी व विनोद राम धर्मपत्नी मीणा देवी से परे वैदिक कर्मकांड के साथ पूजा अर्चना कर व वरुण देव का आह्वान कर जल उठवाया, जहां से कलश यात्री अपने कलश में जल लेकर यज्ञ स्थल पर पहुंचकर कलश को स्थापित किया।

समिति की ओर से सभी कलश यात्रीयों को चना गुड़ व शर्बत से व्रत को तोड़वाया गया। यज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष रामशरण राम, सचिव-सुखदेव राम, कोषाध्यक्ष -धानेश्वर राम, समिति के सदस्य विकाश कुमार, संतोष यादव, सचिन राम, नरेश यादव , मनोज राम, सीता राम, कमेवश्वर राम, सुधेश्वर सिंह, अर्जुन राम , सूरज राम, इंद्रनाथ यादव, अशोक यादव, अजित यादव, राजकुमार यादव, नरेश यादव, नरेश पासवान, महावीर कुमार यादव, सचिन राम, दिलीप राम, विजय राम, अजय यादव, गुलाब यादव, निरंजन यादव, पिंटू यादव, रणवीर यादव, सुनील यादव, संदीप यादव,सुरेंद्र यादव,सुरेश यादव, परमेश्वर महतो, लखन यादव, हीरालाल यादव, शंकर यादव, सहदेव यादव,बीरेंद्र यादव, एंव समस्त बड़वार ग्रामीण तन मन से जुड़े हुए है। इस सात दिवसीय यज्ञ की जानकारी देते हुए यज्ञाचार्य डॉ अनुग्रह नारायण शर्मा ने बताया कि 20 अप्रैल को कलश यात्रा व पंचांग पूजन हुआ, 21 अप्रैल को मंडप प्रवेश व स्तम्भ पूजन, 22 अप्रैल को वेदी पूजन व अग्निस्थापन, 23 अप्रैल को जलाधिवास व अन्नाधिवास 24 मार्च को पुष्पढिवास व फुलधिवास , 25 को नगर भ्रमण व शैय्याधिवास एवं 26 अप्रैल को मंगल स्नान यज्ञ की पूर्णाहुति ,भंडारा व रात्रि में जागरण का आयोजन किया जाना है।

## सुपरस्टार सिंगर 3 में, प्रतीक गांधी ने कलाकारों को सराहा

स्वदेशसंवाददाता



हजारीबाग। सोनी के होमग्रोन सिंगिंग रियलिटी शो, 'सुपरस्टार सिंगर 3' में युवाओं ने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस वीकेंड, 'श्रीमती स्पेशल' एपिसोड में, प्रतियोगी कालबेलिया लोक नर्तकी और पद्मश्री गुलाबो सपेरा, निर्मला पापड़ वाली और भारतीय नौसेना की सेवानिवृत्त, कमांडर प्रभा लाल सहित विभिन्न क्षेत्रों की दिग्गज महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। शो में 'दो और दो प्यार' की शानदार स्टार कास्ट- विद्या बालन और प्रतीक गांधी भी शामिल होंगे। विद्या बालन ने कहा, "शानदार परफॉर्मेंस, मेरी कामना है कि ईश्वर की आप पर कृपा बनी रहे। यह वाकई प्रभावशाली है। सुपर जज नेहा कक्कड़ ने कहा, "वाकई यह पल ऐतिहासिक है! दानिश, वाह, मैं आपकी टीम के अद्भुत परफॉर्मेंस का बेसब्री से इंतज़ार कर रही थी, और आज, आप लोग सभी उम्मीदों को खरे उतरे हैं।

# संजय मेहता के चुनावी अभियान को समझने दिल्ली से पहुंची टीम

स्वदेश संवाददाता

### कठम्बा गांव में आदिम जनजाति के लोगों से की मुलाकात



हजारीबाग। शनिवार को स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स की टीम चौपारण पहुंची। चौपारण के कठम्बा गांव का टीम ने दौरा किया। यह यात्रा दिल्ली से शुरू हुई है। तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं, विचारधारा, चुनाव अभियान, जमीनी चुनावी प्रक्रिया, आम चुनाव के अनुभव, भारत के गांवों की हालत को स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स की टीम सूक्ष्मता से अध्ययन कर रही है। यह टीम दिल्ली से निकलकर अमेठी, सैफई जाकर भी जमीनी सच्चाई से रूबरू हुई। इसी क्रम में स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स की टीम संजय मेहता के नेतृत्व में चौपारण पहुंची। टीम के लोगों ने हज़ारीबाग़ में 20 अप्रैल को चौपारण के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर आमलोगों के जीवन स्तर और चुनाव के लिए उनकी सोच को समझने का प्रयास किया।

### संजय मेहता ने लिया तीन घंटे का सत्र, समझाया झारखंड के मुद्दे

इस दौरान संजय मेहता ने तीन घंटे तक शोधार्थी छात्रों का सत्र लिया। उन्हें झारखंड के मुद्दे और राजनीति के संदर्भ में जानकारी दी। झारखंड के असल मुद्दे और जमीनी सच्चाई से उन्हें अवगत कराया। शोधार्थी छात्रों ने हज़ारीबाग लोकसभा में संजय मेहता के चुनावी अभियान एवं उनके राजनीतिक सफर, झारखण्डी विचारधारा को नजदीक से समझा। इस अभियान के दौरान लोकसभा प्रत्याशी संजय मेहता ने युवा वस्था में कैसे अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की। किन मुद्दों पर चुनाव लड़ रहे हैं। कैसे जनता के बीच जा रहे हैं इन पहलुओं पर भी टीम के लोगों ने नजदीक से जाना और समझा। इस अभियान में स्कूल ऑफ पॉलटिक्स के निदेशक अभिमन्यु भारती, ऑस्ट्रेलिया से पॉलिटिक्स साइंस के छात्र रहे तेजस गाँधी, लखवीर सिंह, सुरभि सुर्वे, अर्चना सुर्वे, संजय कुंडू, पुष्पराज सिंह, युवराज चतुर्वेदी, गणेश सिंह, जगनीत सिंह, तीर्थ मेहता, बट्टी उदय, रमाकांत, एम. दुर्गा प्रसाद, सौरभ, कन्हैया झा, मोहित मिजो, डॉ हरसल वैद्य, कुशाग्र अग्रवाल, गौरव, संजय हनुमंझ देश के अलग अलग राज्यों से उपस्थित रहे। साथ में भुवनेश्वर यादव, रवि सोनी भी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को जमीनी हालात से अवगत कराया।

## संक्षिप्त समाचार

### बगदाद के पास दो इराकी सैन्य ठिकानों पर बमबारी



**बगदाद, एजेंसी।** बगदाद के दक्षिण में बाबिल प्रांत में शनिवार आधी रात के बाद अज्ञात विमान से दो इराकी सैन्य ठिकानों पर बमबारी की गई। गृह मंत्रालय के एक सूत्र ने मीडिया को बताया, हवाई हमले ड्रोन से किए गए। बाबिल प्रांत के उत्तरी हिस्से में महाविल क्षेत्र में इराकी अर्धसैनिक हशद शाबी बलों से संबंधित दो ठिकानों को निशाना बनाया गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि दो लक्षित ठिकानों में से एक अर्धसैनिक बलों का गोला-बारूद का गोदाम था और दूसरा उनका टैंक मुख्यालय था। सूत्र ने यह भी कहा कि बगदाद से लगभग 30 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित मडेन इलाके में विस्फोटों की आवाज सुनी गई, लेकिन विस्फोटों के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं है।

### केन्या में भारी बारिश से 32 लोगों की मौत



**नैरोबी, एजेंसी।** केन्या में हाल के दिनों में भारी बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई है। सहायता एजेंसियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) के अनुसार, 40 हजार से अधिक लोगों को अपने गांवों और बस्तियों से भागना पड़ा। बाढ़ से कृषि भूमि का बड़ा क्षेत्र भी नष्ट हो गया। केन्याई रेड क्रॉस ने बताया कि बेघर हुए लोगों के लिए अब तक 35 शिविर स्थापित किए गए हैं।वृहत नैरोबी क्षेत्र के अलावा, देश के पश्चिम में लेक विक्टोरिया क्षेत्र, ग्रेट रिफ्ट वैली क्षेत्र और उत्तर-पूर्व केन्या के क्षेत्र विशेष रूप से प्रभावित हुए।वार्षिक वर्षा ऋतु, जो पूर्वी अफ्रीकी देश में मई के अंत तक जारी रहती है, इस वर्ष अल नीनो मौसम की घटना से भी प्रभावित हो रही है।केन्याई मौसम सेवा ने भी आने वाले दिनों में भारी बारिश की घोषणा की है।

### पाकिस्तान में सरकारी वाहन पर गोलीबारी में सात की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक सरकारी वाहन पर किए गए हमले में सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पांच अधिकारी और दो यात्री, जिसमें एक बच्ची और एक व्यक्ति शामिल हैं। सीमा शुल्क खुफिया अधिकारी डेरा इस्माइल खान जिले के क्वेटा रोड में ड्यूटी पर तौनात थे, तभी उनके वाहन पर गोलीबारी की गई। हालांकि, इस हमले के बाद हमलावर फरार हो गया। प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने इस हमले की निंदा की है। बुधवार को सुरक्षाबलों के जवान ने अफगानिस्तान से पाकिस्तान में घुसपैठ करने की कोशिश करने वाले सात आतंकियों को मार गिराया। बता दें कि पूरे पाकिस्तान में आतंकी हमलों में वृद्धि हुई है।

### स्कॉटलैंड में झरने में डूबे दो भारतीय छात्र; पाकिस्तान में सरकारी अधिकारियों पर हमले में सात की मौत

**स्कॉटलैंड, एजेंसी।** ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले दो भारतीय छात्रों की स्कॉटलैंड की झरने में डूबने से मौत हो गई। स्कॉटलैंड की पुलिस ने अभी तक आंध्र प्रदेश के रहने वाले छात्रों के नाम का खुलासा नहीं की है। शुक्रवार को दोनों शव का पोस्ट मॉर्टम होने वाला है। स्कॉटलैंड पुलिस के प्रवक्ता ने कहा, बुधवार की शाम सात बजे हमें दो छात्रों के ब्लेयर एथोल के पास तुम्मेल झरने में डूबने से मौत की सूचना मिली। इसके बाद ही दोनों को ढूंढने के लिए आपातकाल सेवाओं की मदद ली गई। डंडी यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता ने इस घटना पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि मुश्किल समय में वह मृतकों के परिवार के साथ खड़े हैं।


### उत्तर कोरिया ने 'अत्यधिक बड़े क्रूज मुखास्त्र और विमान रोधी मिसाइल का किया परीक्षण

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने शनिवार को कहा कि उसने पश्चिमी तटीय क्षेत्र में एक 'अत्यधिक बड़े क्रूज मिसाइल मुखास्त्र और एक विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण किया है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच उत्तर कोरिया तेजी से अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ा रहा है और हाल में उसने कई मिसाइल परीक्षण किए हैं। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने अपनी एक खबर में कहा कि शुक्रवार को 'ह्वासल-1 रा-3 रणनीतिक क्रूज मिसाइल के लिए तैयार किए गए मुखास्त्र का 'शक्ति परीक्षण किया गया साथ ही 'प्योलजी-1-2 विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण किया गया। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार समिति 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी द्वारा जारी की गई तस्वीरों में लॉन्चर ट्रक से कम से कम दो मिसाइलें दागी जाती दिखाई दे रही हैं। खबर में कहा गया कि शुक्रवार को किया परीक्षण देश की सैन्य विकास गतिविधियों का हिस्सा थे और इसका आसपास के हालात से कोई लेना देना नहीं है।

# कोर्ट के अंदर ट्रंप की चल रही थी सुनवाई, बाहर शख्स ने खुद को लगा ली आग

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के मैनहट्टन अदालत के बाहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक शख्स ने तेल छिड़ककर खुद को आग लगा ली। जिस समय शख्स ने खुद को आग लगाई, उसी समय अदालत के अंदर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुकदमे पर सुनवाई चल रही थी। हालांकि, सवाल उठता है कि आखिर खुद को आग लगाने वाला शख्स कौन हैं और उसने इस भयावह घटना को क्यों अंजाम दिया





### कौन हैं शख्स

न्यूयॉर्क के पुलिस विभाग (एनवाईपीडी) के प्रमुख जेफरी मैड्रे ने बताया कि मैक्सवेल अजारेलो नाम का शख्स पहले पार्क गया। वहां उसने कुछ पर्चे बांटे और बाद में खुद को आग लगा ली। फिलहाल वह कॉर्नेल विश्वविद्यालय की बर्न यूनिट में गंभीर स्थिति में है। फ्लोरिडा के सेंट ऑगस्टीन में रहने वाला अजारेलो खुद को एक खोजी शोधकर्ता बताता है। एक रिपोर्ट में पुलिस का हवाला देते हुए बताया कि शख्स की उम्र करीब 20 साल है और दिखने में बेघर लग रहा था।

एनवाईपीडी के जासूसों के प्रमुख जो केनी ने बताया कि अजारेलो सप्ताह की शुरुआत में न्यूयॉर्क शहर आया और उसने घटना के बारे में प्रचार किया। यहां तक कि खुद को आग लगाने से पहले वो शांत था। केनी ने बताया कि शख्स के परिवार को घटना के बारे में जानकारी दे दी है। जेफरी मैड्रे ने चिंता जताते हुए कहा कि शख्स ने किसी सुरक्षा का कोई उल्लंघन नहीं किया। लेकिन हम बहुत चिंतित है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए योजनाएं मौजूद हैं। एनवाईपीडी के जन सूचना उपायुक्त तारिक शेपर्ड ने कहा कि किसी को नहीं पता था कि यह व्यक्ति खुद को आग लगाने जा रहा है।

### शख्स ने खुद को आग क्यों लगाई

फिलहाल शख्स के खुद को आग लगाने की वजह साफ नहीं हो पाई है। कानून प्रवर्तन सूत्रों से पता चला है कि वह एक प्रदर्शनकारी समूह का हिस्सा है। यहां तक कि उसके विरोध के पीछे का मकसद भी अभी नहीं पता है। यह रहस्य बना हुआ है।

जब शख्स ने खुद को आग लगाई थी तो उसने कुछ पर्चों को हवा में उछाला था। उनमें से एक का शीर्षक था- दुनिया का सच्चा इतिहास। वहीं एक अन्य पर्चे में लिखा था कि एनवाईयू एक भीड़ का मोर्चा है। इसके अलावा, सड़क पर पड़े एक पर्चे में लिखा था- मैंने ट्रंप के ट्रायल के दौरान बाहर खुद को आग लगा ली है। न्यूयॉर्क सिटी अग्निशमन विभाग ने पुष्टि की कि व्यक्ति को दोपहर एक बजकर 41 मिनट पर गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया।

### मीडिया में हलचल

इस घटना के दौरान मीडिया कर्मियों के सामने समस्या खड़ी हो गई, क्योंकि कैमरे के सामने व्यक्ति ने आग लगाई थी और यह गंभीर मसला था, लेकिन नैतिकता के आधार पर जलते हुए व्यक्ति का वीडियो फुटेज नहीं दिखाया जा सकता था। पत्रकारों ने लाइव प्रसारण के दौरान कहा हमारे पास एक आदमी है जिसने खुद को आग लगा ली है, हमारे कैमरे अभी घूम रहे हैं और एक आदमी ने अब अदालत के बाहर खुद को आग लगा ली है। आप जलते हुए मांस की गंध महसूस कर सकते हैं।

फुटेज में देखा जा सकता है कि व्यक्ति के खुद को आग लगाते ही आसपास खड़े लोग अग्निशामक यंत्रों से आग बुझाने की कोशिश कर रहे। वहीं, एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि शख्स ने पहले ट्रंप समर्थक प्रदर्शनकारियों से संपर्क किया था। इसके अलावा, एक वीडियो फुटेज में आग की लपटों में घिरा हुआ दिखाया गया।

### प्रत्यक्षदर्शियों ने बताई घटना

कई प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना को बताया कि कैसे चमकीले नारंगी रंग की लपटों में जलते हुए व्यक्ति को देखकर आसपास खड़े लोग चिल्लाने लगे। एक ने कहा, मैं जले हुए मांस की गंध महसूस कर सकता हूं और आग देख सकता हूं।

बता दें, घटना मैनहट्टन कोर्टहाउस से सटे कलेक्ट पॉन्ड पार्क के पास की है। अदालत में ट्रप के आपराधिक मुकदमे के लिए जूरी का चयन चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आत्मदाह की घटना के बाद ट्रंप समर्थकों ने इलाके को तुरंत खाली कर दिया। आग बुझने के बाद भी धुआं उठता रहा। राख और मलबे के अवशेष सड़क पर फैले रहे। यह घटना मुकदमे की कार्यवाही दोपहर के भोजन के लिए स्थगित होने से कुछ देर पहले दोपहर करीब एक बजकर 35 मिनट पर घटी।

## रूस पर नये प्रतिबंध लगाने की तैयारी में यूरोपीय संघ

**ब्रुसेल्स, एजेंसी।** यूरोपीय संघ यूक्रेन के खिलाफ पूर्ण युद्ध छेड़ने के लिए रूस के खिलाफ 14वें दौर के प्रतिबंधों की तैयारी कर रहा है। संगठन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यूरोपीय संघ के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नए प्रतिबंध पैकेज में उन व्यक्तियों और संगठनों पर दंडात्मक उपाय शामिल हैं जो रूस पर मौजूदा यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों को रोकने के प्रयासों में सहायता करते हैं।

यूरोपीय संघ के एक राजनयिक ने कहा कि दंडात्मक उपायों में तेल टैंकरों या ÷अंधेरे बेड़े÷ पर विचार किया जाना चाहिए जो इसमें बाधा डालने के लिए मौजूदा प्रतिबंधों के बावजूद रूसी तेल का परिवहन करते हैं। राजनयिकों के अनुसार, नए व्यक्तियों और संगठनों पर ब्लॉक में उनकी संपत्तियों पर रोक लगाई जाएगी। यूरोपीय आयोग को आने वाले सप्ताह में प्रतिबंधों के लिए प्रस्ताव पेश करना है।

रूस पर प्रतिबंधों का 13वां पैकेज फरवरी में यूक्रेन के खिलाफ युद्ध की दूसरी वर्षगांठ पर अपनाया गया था और इसमें 106 व्यक्तियों और 88 संगठनों को निशाना बनाया गया था।इसमें उत्तर कोरिया द्वारा रूस को हथियारों की आपूर्ति में शामिल व्यक्ति और उत्तर कोरियाई रक्षा मंत्री शामिल थे।यूक्रेन के खिलाफ रूसी युद्ध में योगदान देने वाले अर्थव्यवस्था के विभिन्न वर्गों को लक्षित करते हुए रूस पर यूरोपीय संघ के कई दौर के प्रतिबंध लगाए गए हैं।इनमें कच्चे तेल, कोयला, इस्पात, सोना और विलासिता की वस्तुओं पर आयात प्रतिबंध के साथ-साथ बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के खिलाफ दंडात्मक उपाय भी शामिल हैं।इसके अलावा, तथाकथित ÷दोहरे उपयोग वाले सामान÷ पर व्यापार प्रतिबंध लगाए गए थे जो रूसी रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र के तकनीकी विकास में योगदान दे सकते थे।यूक्रेन के लिए सैन्य उपकरण खरीदने के लिए यूरोपीय संघ में जमे हुए रूसी केंद्रीय बैंक धन को सुरक्षित रखने से होने वाले मुनाफे के एक बड़े हिस्से का उपयोग करने की योजना पर काम जारी है।-

## पाकिस्तान में बारिश का कहर, 87 लोगों की मौत, 80 से ज्यादा घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने बताया कि पिछले सप्ताह पाकिस्तान में बारिश के कारण हुई अलग-अलग घटनाओं में कम से कम 87 लोग मारे गए और 82 अन्य घायल हुए हैं। जबकि देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का कहर जारी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एनडीएमए ने बताया कि बारिश ने देश भर में 2,715 घरों को आंशिक या पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। ज्यादातर लोगों की मौत इमारत या घरों के ढांचे ढहने, बिजली गिरने और बाढ़ से संबंधित घटनाओं में हुई है।

एनडीएमए के अनुसार, देश के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सबसे अधिक नुकसान और हताहत हुए हैं। यहां मूसलाधार बारिश के कारण 36 लोगों की जान चली गई और 53 अन्य घायल हो गए। इसके बाद पूर्वी पंजाब प्रांत में 25 लोगों की मौत और आठ लोगों के घायल होने की सूचना है।

एनडीएमए ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में कुल 15 लोगों की मौत हुई है और 10 अन्य घायल हुए हैं। जबकि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारी बारिश के कारण 11 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हाल की भारी बारिश के कारण कीमती जान-माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया।

# टॉयलेट क्लीनर मिलाकर बुशरा बीबी को पाकिस्तान की जेल में दिया जा रहा खाना, इमरान खान ने लगाए आरोप

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान इन दिनों संकट में घिरे हुए हैं। हाल ही में उनकी पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। वह खुद पहले से ही जेल में बंद है। इमरान ने इस बीच पाकिस्तान की एक अदालत को बता है कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को ÷टॉयलेट क्लीनर÷ मिलाकर खाना दिया जा रहा है। उन्होंने दावा किया यही कारण है कि उनकी पत्नी के पेट में रोजाना जलन होती है।

पाकिस्तान में कई मामलों में दोषी ठहराए गए क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में 190 मिलियन पाउंड के भ्रष्टाचार मामले में सुनवाई के दौरान यह आरोप लगाया। इमरान खान ने न्यायाधीश नासिर जावेद राणा को बताया कि अदालत कक्ष में अतिरिक्त दीवारें खड़ी की गई हैं, जिससे यह एक बंद अदालत जैसा प्रतीत होता है।

इमरान खान ने कहा कि शौकत खानम अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ असीम यूसुफ ने शिफा इंटरनेशनल अस्पताल में बुशरा बीबी के स्वास्थ्य परीक्षण कराने का सुझाव दिया था। उन्होंने कहा, जेल प्रशासन पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज



(पीआईएमएस) अस्पताल में परीक्षण करने पर अड़ा हुआ था। बाद में अदालत ने डॉ. यूसुफ को इमरान खान और बुशरा बीबी की मेडिकल जांच करने का आदेश दिया।

कार्यवाही के दौरान इमरान खान द्वारा अतिरिक्त दीवारों के निर्माण की ओर इशारा करने के बाद न्यायाधीश ने अधिकारियों से लकड़ी के तख्तों को हटाने के लिए कहा। बाद में अदालत ने इमरान खान से सुनवाई के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं करने को कहा। इमरान ने कहा कि अधिकारियों ने सुनवाई के बाद मीडिया को हटा दिया।

15 अप्रैल को बुशरा बीबी ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय से उनकी पसंद के निजी अस्पताल में उनकी स्वास्थ्य जांच की अनुमति देने का अनुरोध किया था। वह यह पता लगाना चाहती थी कि क्या जेल अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए भोजन के माध्यम से उसे जहर दिया जा रहा है।

बुशरा बीबी ने दावा किया कि वह सीने में जलन और गले और मुंह में दर्द से पीड़ित थीं। बुशरा बीबी को उनके बनिगाला आवास में हिरासत में रखा गया है, जिसे उप-जेल घोषित किया गया था।

49 साल की बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के मामले के साथ-साथ इमरान खान के साथ अवैध शादी के मामले में भी दोषी ठहराया गया था। इस हफ्ते की शुरुआत में इमरान खान ने कहा था कि बुशरा बीबी की कैद के लिए सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं।

# अमेरिका में भारतीय छात्र की मौत ब्लू व्हेल गेम से जुड़ी होने की संभावना

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में प्रथम वर्ष के एक छात्र ने एक गेम खेलते-खेलते अपनी जान दे दी। घटना मार्च की बताई जा रही है। ऐसी आशंका है कि मौत के इस मामले के पीछे ब्लू व्हेल चैलेंज ऑनलाइन गेम था, जिसे सुसाइड गेम भी कहा जाता है।

20 वर्षीय मैसाचुसेट्स विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष का छात्र 8 मार्च को मृत मिला था। ब्रिस्टल काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के प्रवक्ता ग्रेग मिलियोट का कहना है कि मामले की जांच आत्महत्या के एंगल से की जा रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, शुरू में कहा जा रहा था कि छात्र की हत्या की गई है। छात्र को लूटा गया और फिर हत्या कर उसके शव को जंगल में फेंक दिया गया। छात्र का शव जंगल में कार में मिला था। बोस्टन ग्लोब अखबार ने बाद में छात्र की पहचान उसके नाम से की।

हालांकि, परिवार की इच्छा को देखते हुए आईएएनएस नाम नहीं बता रहा है। लेकिन दुनिया भर में नाबालिगों और युवाओं को




शिकार बनाने के लिए जाने जाने वाले इस खतरनाक गेम को खेलते समय, भारत और विदेश में भारतीय छात्रों और नाबालिगों और अभिभावकों के लिए एक सतर्क घटना के रूप में रिपोर्ट किए जाने की जरूरत है।

ब्लू व्हेल चैलेंज एक ऑनलाइन गेम है, जिसमें प्रतिभागियों (पार्टिसिपेंट) को एक चैलेंज दिया जाता है। इस गेम में 50 स्टेप्स हैं, जो धीरे-धीरे कठिन होते जाते हैं।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, चैलेंज के तौर पर छात्र ने दो मिनट तक सांसें रोक कर रखीं। भारत के लिए ब्लू व्हेल चुनौती से मौत की यह पहली घटना हो सकती है।

भारत सरकार कई साल पहले ब्लू व्हेल चैलेंज पर प्रतिबंध लगाना चाहती थी, लेकिन इसके बजाय एक एडवाइजरी जारी कर छोड़ दिया गया।

भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गेम के शुरू होने के एक साल बाद 2017 में जारी एक एडवाइजरी में कहा, ÷ब्लू व्हेल गेम (सुसाइड गेम) आत्महत्या के लिए उकसाने वाला है। इसलिए इससे दूर रहें।÷

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह गेम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खेला जाता है। इसमें एक एडमिनिस्ट्रेटर और पार्टिसिपेंट शामिल होता है। एडमिनिस्ट्रेटर 50 दिन की अवधि के दौरान प्रतिदिन एक कार्य सौंपता है। शुरुआत में ये कार्य सरल होते हैं, लेकिन अंतिम चरण में खुद को नुकसान पहुंचाने के साथ वे काफी कठिन होते जाते हैं।

## पाकिस्तान को बैलिस्टिक मिसाइल बनाने में मदद करने का आरोप, अमेरिका ने इन चार कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने चीन की तीन और बेलारूस की एक कंपनी पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन कंपनियों पर यह प्रतिबंध पाकिस्तान को बैलिस्टिक मिसाइल के पुर्जे मुहैया कराने के लिए लगाया गया है। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने यह जानकारी दी। अमेरिका ने चीन की जिन तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है, उनमें लॉन्गडे टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट की शी, तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड और ग्रानपेक्ट कंपनी लिमिटेड का नाम शामिल है।



**पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को पुर्जे मुहैया कराने का आरोप :** वहीं बेलारूस की मिंस्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट कंपनी पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इन चारों कंपनियों पर पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम में मदद करने का आरोप है। मैथ्यू मिलर ने कहा कि ये कंपनियां भारी तबाही वाले हथियारों के प्रसार में शामिल पाई गई हैं। जिसके चलते इनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। अमेरिका के विदेश विभाग ने बताया कि बेलारूस की कंपनी मिंस्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट कंपनी पाकिस्तान के लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम के लिए विशेष व्हीकल चेसिस मुहैया कर रही थी। ये चेसिस बैलिस्टिक मिसाइल में लॉन्च सपोर्ट में इस्तेमाल होता है।

**जब्त की जाएगी प्रतिबंधित कंपनियों की संपत्ति :** अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि चीन की कंपनी ग्रानपेक्ट कंपनी लिमिटेड, पाकिस्तान में लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल तैयार करने वाले निकाय नेशनल डेवलपमेंट कॉम्पलैक्स (एनडीसी) को फिलामेंट विंडिंग मशीन मुहैया कर रही थी। यह मशीन रॉकेट मोटर में इस्तेमाल की जा रही थी। चीन की ही कंपनी तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड कंपनी लिमिटेड पाकिस्तान को वेल्डिंग संबंधी औजार और एक्सीलेटर सिस्टम देने में संलिप्त पाई गई। तियानजिन कंपनी का संबंध चीन की सेना के साथ भी पाया गया है। प्रतिबंध के तहत इन कंपनियों की अमेरिका में मौजूद संपत्ति को जब्त किया जाएगा। कंपनी के मालिक और बड़े हिस्सेदारों पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा।

## कराची में आतंकियों की आत्मघाती साजिश नाकाम, निशाने पर थी वैन, बाल-बाल बचे जापान के पांच नागरिक

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान आजकल आतंकवादियों के निशाने पर है। यहां आए दिन हमले हो रहे हैं। कभी सेना तो कभी नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। इसी क्रम में, सिंध प्रांत में शुक्रवार को पांच जापानी नागरिकों को निशाना बनाते हुए आतंकवादियों ने एक आत्मघाती हमला करने की कोशिश की। हालांकि, शुक्र रहा कि सभी नागरिक सही सलामत बच निकले।

पूर्वी के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) अजफर महेसर ने बताया कि लांधी में मुर्तजा चोरांगी के नजदीक मोटरसाइकिल सवार आतंकवादियों ने जापानी नागरिकों की वैन को टक्कर मारने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि सभी पांच जापानी नागरिक सुरक्षित हैं। हालांकि, उनके साथ मौजूद निजी सुरक्षा गार्ड घायल हो गया। उन्होंने कहा कि जापान के नागरिक क्लिफ्टन के जमजामा स्थित अपने घर से कहीं जा रहे थे।

**आतंकवादी ने खुद को उड़ाया :** आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के डीआईजी आसिफ एजाज शेख ने बताया कि जापानी नागरिक दो सुरक्षा गार्डों के साथ एक वैन में यात्रा कर रहे थे। तभी आतंकवादियों ने उनके वाहन को निशाना बनाने की कोशिश की। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा गार्डों ने एक आतंकवादी को मार गिराया, जबकि दूसरे ने वैन के करीब जाने की कोशिश में खुद को उड़ा लिया। डीआईजी शेख ने बताया कि जापानी नागरिकों को ले जा रहा वाहन बुलेट प्रूफ था। इसलिए सभी



सुरक्षित हैं। अभी तक किसी ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

जिन्ना अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि तीन घायलों, दो सुरक्षा गार्ड और एक राहगीर को अस्पताल लाया गया जिनमें से दो की हालत गंभीर है। अस्पताल ने पुष्टि की कि किसी विदेशी को इलाज के लिए नहीं लाया गया था। अधिकारी ने बताया कि जापानी नागरिक पाकिस्तान सुजुकी मोटर्स में काम करते थे। बता दें, कराची पाकिस्तान का सबसे बड़ा शहर और दक्षिणी सिंध प्रांत की राजधानी है।

**इन लोगों ने की निंदा :** सिंध के परिवहन मंत्री शरजील इनाम मेमन ने हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि समय पर की गई कार्रवाई ने आतंकवादियों के मंसूबों को नाकाम कर दिया। आतंकवादियों की नापाक हरकतों को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

वहीं, सिंध के राज्यपाल कामरान टेसरी ने आत्मघाती हमले की निंदा की और घटना पर एक रिपोर्ट मांगी। राज्यपाल ने कहा कि शहर में आतंकवाद किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कानून प्रवर्तन अधिकारियों से घटना के पीछे के उद्देश्यों का पता लगाने और मास्टरमाइंड को पकड़ने के लिए कहा।

**चीनी नागरिकों पर हमले तेज हुए :** छोटे अलगाववादी समूहों और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने हाल के वर्षों में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) से संबंधित परियोजनाओं पर काम कर रहे चीनी नागरिकों पर हमले तेज कर दिए हैं। पिछले महीने, पांच चीनी और उनके पाकिस्तानी चालक की मौत हो गई थी जब उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदी कार को एक वाहन से टक्कर मार दी थी। हालांकि, इससे पहले पाकिस्तान में काम कर रहे जापान के नागरिकों को निशाना बनाने की खबर सामने नहीं आई थी।

संक्षिप्त समाचार

## विश्व का सबसे ऊंचा पोलिंग स्टेशन, छह महीने बर्फ से रहता है ढका; वोटरों से मिली ईसी की टीम



**शिमला, एजेंसी।** चुनाव आयोग की टीम शुक्रवार को विश्व के सबसे ऊंचे पोलिंग स्टेशन टशीगंग पहुंची और यहां के मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। टशीगंग समुद्र तल से 15,256 फीट की ऊंचाई पर स्थित विश्व का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र है। टाशीगंग शीत मरुथल के नाम से विख्यात लाहुल स्पीति जिले की स्पीति घाटी में स्थित है। साल में छह माह बर्फ से ढका रहता हैं। यहां ऑक्सीजन की कमी होती है। लाहौल स्पीति के सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्ष नेगी ने यहां के स्थानीय मतदाताओं के साथ विशेष बैठक कर उनकी मांगो को सुना। उन्होंने लोगों को लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन के पक्ष पर विचार करने का आश्वासन दिया है। बैठक में टाशीगंग गांव के लोक निर्माण विभाग के अस्थाई तौर पर काम करने वाले 13 पूर्व दैनिक वेतन भोगी मजदूर और उनके परिजन विशेष तौर पर मौजूद रहे। सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्ष नेगी ने कहा कि स्थानीय लोगों के साथ-साथ पूर्व दिहाड़ीदार मजदूरों के साथ भी बैठक की गई। उन्होंने प्रशासन के पक्ष में विचार करने का आश्वासन दिया है। हमने लोगों को बताया कि पूरी दुनिया में टाशीगंग में 100 प्रतिशत मतदान के लिए जाना जाता है। इस परंपरा को जीवित रखते हुए है एक फिर इतिहास रचते हुए लोकतंत्र को मजबूत करेंगे। बता दें कि वर्ष 2019 से पहले विश्व का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र लाहुल स?पीति जिले में स्थित हिक्किम था। लेकिन 2019 में टाशीगंग को मतदान केंद्र बना दिया गया। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां 45 मतदाता थे। इनमें 27 पुरुष और 18 महिला मतदाता थे। मंडी संसदीय क्षेत्र के उपचुनाव में 48 मतदाता थे, जिनमें 29 पुरुष और 22 महिलाएं शामिल थीं। 2022 के विधानसभा चुनावों में 52 मतदाता थे इनमें 30 पुरुष और 22 महिलाएं हैं। इस बार भी यहां पर 52 मतदाता है।

## चुनाव से बड़ा जीवन! प्रचार छोड़ अस्पताल पहुंच गई डॉ. प्रत्याशी, बचा ली नवजात की जान

**दारसी , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव का पहला चरण खत्म हो चुका है और अब अगले चरण के लिए प्रचार जोरशोर से चल रहा है। वहीं आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव का भी प्रचार चल रहा है। इसी बीच आंध्र प्रदेश में दारसी सीट से टीडीपी की विधानसभा उम्मीदवार डॉ. गोट्टीपती लक्ष्मी ने यह साबित कर दिया है कि उनके लिए किसी की जान से कीमती चुनाव या फिर प्रचार नहीं है। दरअसल डॉ. लक्ष्मी प्रकाशम जिले में दारसी सीट से मैदान में हैं। वह गुरुवार को प्रचार के लिए निकलने ही वाली थीं कि उन्हें खबर मिली की एक प्राइवेट अस्पताल में महिला की हालत नाजुक है। वह डिलिवरी के लिए अस्पताल में भर्ती हुई थी। डॉ. लक्ष्मी ने प्रचार को किनारे रखकर तुरंत अस्पताल का रुख कर लिया और वहां पहुंचकर महिला की सी सेक्शन सर्जरी की और बच्चे को सुरक्षित निकाल लिया। उनकी तत्परता की वजह से मां और बच्चे दोनों की जान बच गई। डॉक्टरों का कहना है कि ऐसे में बच्चे की मौत की संभावना बनी हुई थी। बता दें कि डॉ. लक्ष्मी वैसे तो राजनीतिक परिवार से ही हैं लेकिन पहली बार वह विधानसभा चुनाव में उतरी हैं। एनडीटीवी के मुताबिक डॉ. लक्ष्मी ने बताया, मां और बच्चे दोनों ही स्वस्थय हैं। उन्होंने कहा कि अगर टीडीपी की जीत होती है तो वह वहां पर एक अस्पताल बनाना चाहेंगी। उन्होंने कहा, एक नए जीवन को धरती पर लाने से ज्यादा इस धरती पर कुछ भी सुख नहीं दे सकता। छोटे बच्चों की मुस्कान आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। आज का दिन बहुत ही अच्छा था। आंध्र प्रदेश की 175 विधानसभा सीटों पर भी 13 मई को मतदान होने हैं। वोटों की गिनती 4 जून को की जाएगी। टीडीपी पूर्व मुख्यमंत्री ए चंद्रबाबू नायडू की अगुआई में चुनाव लड़ रही है। टीडीपी और भाजपा इस बार गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। इसके अलावा पवन कल्याण की जनसेना भी इसी गठबंधन में हैं। इस बार टीडीपी 144 जन सेना 21 और भाजपा 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। फिलहाल आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस की सरकार है।

# भाजपा तेज करेगी प्रचार, दूसरे दलों ने भी बदली रणनीति

## पहले चरण में कम वोटिंग ने बढ़ाई चिंता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदाताओं के पिछली बार की तुलना में कम उत्साह से राजनीतिक दलों में चिंतन-मंथन का दौर शुरू हो गया है। सत्तारूढ़ भाजपा आगे के चरणों की तैयारी में जुट गई है। आने वाले चरणों में पार्टी की कोशिश ज्यादा मतदान कराने की होगी ताकि वह बड़े लक्ष्य को हासिल कर सके। इसके साथ ही इस चरण के चुनाव में उतरे पार्टी के प्रमुख नेता अब बाकी देश में प्रचार और प्रबंधन का काम संभालेंगे।

सात चरणों के लोकसभा चुनाव का पहला और सबसे बड़ा 102 सीटों को पहला चरण शुक्रवार को पूरा हो गया। चुनाव आयोग के शुरुआती आकलन के अनुसार साठ फीसदी से ज्यादा मतदान



हुआ जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 69.43 प्रतिशत वोट पड़े थे। इस बार पहले चरण के मतदान के पूरे आंकड़े आने पर यह 60 फीसदी से कुछ ऊपर रहेगा, लेकिन पिछले आम चुनाव के पहले चरण से कम ही रहेगा। गौरतलब है कि बीते चुनाव में पहले चरण में 91 सीटों पर मतदान हुआ था, जबकि इस बार 102 सीटों पर।

### मतदान के आंकड़ों के आधार पर तय होगी रणनीति

भाजपा सूत्रों का कहना है कि हर क्षेत्र के मतदान के पूरे आंकड़े आने पर पार्टी इस पर मंथन करेगी और आगे की रणनीति तय करेगी। इससे पार्टी का प्रचार अभियान और सघन होगा और नेताओं के दौरे भी बढ़ेंगे। साथ ही अगले चरण में जिन प्रमुख नेताओं का चुनाव है वह अब खुद के क्षेत्र पर ज्यादा ध्यान देंगे।

सूत्रों के अनुसार मतदान के तुरंत बाद राजनीतिक दल इसके नफा नुकसान के आकलन में जुट गए हैं। भाजपा के लिए यह उसकी उम्मीद से कम मतदान है। हालांकि पार्टी का यह भी मानना है कि जब तुलनात्मक कम मतदान होता है तो वह सत्तारूढ़ दल के पक्ष में होता है क्योंकि बहुत ज्यादा मतदान में सरकार से नाराजगी का भी का मुद्दा रह सकता है या फिर सरकार और उसके एजेंडे को और ज्यादा मजबूत करना हो सकता है।

### विपक्ष ने उदासीनता को बताया वजह

दूसरी तरफ विपक्षी दलों का मानना है कि यह सरकार के प्रति उदासीनता को लेकर भी हो सकता है। भाजपा और उसकी सरकार के बड़े दावों और हकीकत को लेकर भी लोगों में नाराजगी इससे सामने आ सकती है। हालांकि सभी का कहना है कि वह अगले चरण में मतदान को बढ़ाने के लिए अपने कार्यकर्ताओं को और ज्यादा सक्रिय करेंगे और जनता से ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए आग्रह भी करेंगे।

## जल, थल, नभ, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्रों की पारंपरिक सीमाएं धुंधली हो रही हैं: वायुसेना प्रमुख



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने कहा है कि जल, थल, नभ, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्रों की पारंपरिक सीमाएं तेजी से धुंधली होती जा रही हैं, जिससे युद्ध क्षेत्र में आमूल-चूल बदलाव आ रहा है। शुक्रवार को तीन दिवसीय भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में प्रसारित एक रिकॉर्डेड वीडियो संबोधन में वायुसेना प्रमुख ने यह भी कहा कि अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने के लिए ऐसी क्षमताएं विकसित की जानी चाहिए जो अंतरिक्ष में हमारे हितों की रक्षा के लिए आवश्यक होंगी।

अपने संबोधन में एयर चीफ मार्शल ने रेखांकित किया कि नयी प्रौद्योगिकियों की तेजी से हो रही वृद्धि और निजी क्षेत्र के लिए दरवाजे खोलने के साथ चीजों की स्थापित योजना में बदलाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि इससे नए समाधान मिलने के साथ कम लागत पर अन्वेषण के दरवाजे भी खुल रहे हैं। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि हालांकि, इन नयी संभावनाओं के साथ नए खतरे भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा, हम निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी के साथ अंतरिक्ष का लोकतंत्रीकरण देख रहे हैं। नागरिकों की अंतरिक्ष यात्रा, जो 25 साल पहले एक सपना था, आज वास्तविकता है। यहां मानेकशॉ सेंटर में 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आयोजित संगोष्ठी में विषय विशेषज्ञ, सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी और अंतरिक्ष क्षेत्र उद्योग के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। वायुसेना प्रमुख ने कहा, जल, थल, नभ, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्र की पारंपरिक सीमाएं तेजी से धुंधली होती जा रही हैं, जिससे युद्ध क्षेत्र में आमूल-चूल बदलाव आ रहा है। मुझे लगता है कि अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने के लिए हमें ऐसी क्षमताएं विकसित करनी होंगी जो अंतरिक्ष में हमारे हितों की रक्षा करने के लिए आवश्यक है।

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि अंतरिक्ष में अपनी पूरी क्षमता हासिल करने के लिए सशस्त्र बलों सहित सभी हितधारकों के बीच अधिक सार्वजनिक-निजी भागीदारी और संवाद की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष नीति 2023 सही दिशा में है और यह निश्चित रूप से आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन देगी। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा, हमें एक साथ काम करने और भारत में एक मजबूत, संपन्न और जीवंत अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की आवश्यकता होगी।

## भूखा मर रहा पाकिस्तान, भारत में 80 करोड़ लोगों को फ्री अनाज : योगी आदित्यनाथ

**अमरोहा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पाकिस्तान का जिक्र करते हुए कहा कि वहां लगो भूख से लड़ रहे हैं, वहीं भारत में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने यह भी कहा कि भगवा पार्टी का नारा फिर एक बार मोदी सरकार पूरे देश में गूंज रहा है। मौजूदा लोकसभा चुनाव में अमरोहा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कंवर सिंह तंवर के समर्थन में आयोजित रैली में योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने यह बात कही है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान की आबादी मुश्किल से 23-24 करोड़ है। 1947 में विभाजन के बाद बना था। आज भूख से पीड़ित है। एक तरफ पाकिस्तान है और दूसरी तरफ भारत है, जहां 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन देने का वादा है।

## लालू राज में आडवाणी के रथ को मैनेज कर चर्चित हुए नित्यानंद राय, क्या तीसरी बार मारेंगे बाजी?



**उजियारपुर, एजेंसी।** भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा को तत्कालीन बिहार सरकार के ऐलान के बावजूद हाजीपुर से सकुशल पार कराने के लिए सूबे की राजनीति में चर्चित हुए नित्यानंद राय की पहचान एक निर्भीक नेता की है। खेती-किसानी और गांव-देहात की राजनीति से शुरुआत करने वाले राय देश के गृह राज्यमंत्री हैं। वह 2014 और 2019 में लगातार दो बार जीतकर उजियारपुर से सांसद बन चुके हैं। राय के सामने इस बार उजियारपुर से जीत की हैट्रिक लगाने की चुनौती है। लोकसभा चुनाव 2024 में उजियारपुर सीट से तीसरी जीत के लिए किस्मत आजमा रहे हैं।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान नित्यानंद राय प्रदेश भाजपा अध्यक्ष थे। उनके नेतृत्व में ही बिहार में भाजपा ने चुनाव लड़ा था। जिसमें एनडीए ने 40 में से 39 सीटों पर जीत हासिल की थी। अब राय बदली भूमिका में हैं और प्रदेश के वरिष्ठ नेता हैं। अपनी जीत के साथ ही पार्टी और एनडीए गठबंधन को 2019 के समान जीत दिलाने का दारोमदार भी उन पर है। इसे लेकर अपने क्षेत्र में मेहनत करने के साथ घटक दलों के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने में जुटे हैं। एडी-चोटी का जोर लगाया उजियारपुर से लगातार तीसरी बार जीत दर्ज करने के लिए नित्यानंद राय एड़ी-चोटी का जोर लगाए हैं। खुद क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं। इसके अलावा पार्टी के अन्य नेता भी उजियारपुर में ही कैम्प कर रहे हैं

### लगातार बढ़ा ग्राफ

1990 में बिहार सरकार को सीधी चुनौती देने वाले नित्यानंद राय का राजनीति में ग्राफ लगातार चढ़ता गया। तब बतौर मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने ऐलान किया था कि वह लालकृष्ण आडवाणी के रथ को गांधी सेतु पार नहीं करने देंगे। उस समय नित्यानंद मात्र 23 वर्ष के थे। महापंचायत बुलाकर ऐसा जनसमर्थन जुटाया कि सरकार आडवाणी का रथ हाजीपुर में रोकने का साहस नहीं जुटा पाई।

नित्यानंद राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी प्रचार-प्रसार के लिए जा रहे हैं, ऐसे में पार्टी के स्थानीय नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है कि वे उजियारपुर का विशेष ख्याल रखें। हर गांव-पंचायत के प्रमुख लोगों से उनकी टीम संपर्क कर रही है।

### छात्र जीवन से कर रहे राजनीति

नित्यानंद राय की राजनीतिक सफर की शुरुआत 1981 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में हुई। 1990 में वह भाजपा में शामिल हो गए। वह युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव, महासचिव और प्रदेश अध्यक्ष भी रहे। साल 2000 के विधानसभा चुनाव में नित्यानंद राय को हाजीपुर से टिकट मिला और वह चुनाव जीत गए। वह हाजीपुर से लगातार चार विधानसभा चुनाव जीते।

## धमकाने की कोशिश मत करो, जेल जाने से नहीं डरते- पिनराई विजयन

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर शुक्रवार को पलटवार किया। उन्होंने कहा कि ऐसा क्यों है कि केंद्रीय जांच एजेंसियों ने उनसे पूछताछ या गिरफ्तारी नहीं की। इससे एक दिन पहले, राहुल ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता विजयन पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा कि जब वह भाजपा के खिलाफ लड़ रहे हैं तो केरल के मुख्यमंत्री उन पर हमले क्यों कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि ईडी ने उनसे 55 घंटे तक पूछताछ की, उनकी लोकसभा सदस्यता और उनका आधिकारिक आवास छीन लिया गया। साथ ही, वर्तमान में विपक्ष से जुड़े दो मुख्यमंत्री जेल में हैं, लेकिन केरल के मुख्यमंत्री के साथ ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। सीएम विजयन ने कोझिकोड की एक चुनावी जनसभा में उन पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल की दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान उन सहित



अधिकतर वामपंथी नेताओं को जेल में डाल दिया था। वामपंथी नेता ने कहा, 'आपकी दादी (इंदिरा गांधी) ने हममें से अधिकर लोगों को (आपातकाल के समय) डेढ़ साल से अधिक समय तक जेल में रखा था। हमने पूछताछ और जेल जाने का अनुभव किया है और देखा है। हम जेल से नहीं डरते हैं। इसलिए हमें जांच और जेल से धमकाने की कोशिश मत करो।'

**प्रियंका गांधी के पति के खिलाफ आरोप, क्या बोले विजयन :** माकपा के दिग्गज नेता ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का भी हवाला दिया। उन्होंने कटाक्ष किया कि वामपंथी नेता अशोक चव्हाण की तरह रोने वाले नहीं हैं और यह नहीं कहते हैं कि हम जेल नहीं जा सकते। वामपंथी नेता ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी प्रहार किया और उनके पति रॉबर्ट वाड्रा व एक रियल एस्टेट कंपनी से संबंधित चुनावी बॉन्ड के मुद्दे का उल्लेख किया। विजयन ने कहा कि प्रियंका गांधी के पति के खिलाफ आरोप और मामले थे, लेकिन कंपनी की ओर से 2019-2022 के दौरान भाजपा को चुनावी बॉन्ड के रूप में 170 करोड़ रुपये का भुगतान करने के बाद वे समाप्त हो गए। राहुल गांधी और राज्य के 17 यूडीएफ सांसदों पर तीखा हमला करते हुए विजयन ने कहा कि उनमें से किसी ने भी संसद में केरल के अधिकारों और हितों के लिए आवाज नहीं उठाई।

## कंगना के खिलाफ विक्रमादित्य का सनातन कार्ड, अचानक याद आया आरएसएस कनेक्शन

**मंडी, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में मंडी लोकसभा सीट की लड़ाई दिलचस्प होती जा रही है। राज्य के लोक निर्माण मंत्री और कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को अचानक राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) की याद आई है। उन्होंने शुक्रवार को अपने परिवार के आरएसएस के साथ सदियों पुराने संबंध का जिक्र किया और अपने पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह द्वारा लाए गए धर्मांतरण विरोधी कानून का जिक्र किया। इसे भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार कंगना रनौत के हिमाचल प्रदेश के सनातन धर्म और देव समाज संस्कृति पर हमला वाले बयान पर निशाना साधने के तौर पर देखा जा रहा है। विक्रमादित्य, जिन्हें कांग्रेस ने मंडी में रनौत के खिलाफ चुनावी मैदान में उतारा है, ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से हस्तक्षेप करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि राज्य की देव संस्कृति, देव लोक नीति और सनातन धर्म पर कोई और हमला नहीं हो। बता दें कि मंडी लोकसभा सीट से विक्रमादित्य की मां प्रतिभा सिंह मौजूदा सांसद हैं।



विक्रमादित्य ने अपने फेसबुक पेज पर एक वीडियो मैसेज जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा, आज हिमाचल प्रदेश में देव संस्कृति, देव लोक नीति और सनातन धर्म पर हमला हो रहा है। जिस तरह से इस पर बयानबाजी हो रही है कि क्या खाएं और क्या न खाएं, यह एक गंभीर मसला बनकर उभरा है... हम विकास और अपने किए गए काम के मुद्दे पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि हम अपनी देव संस्कृति और सनातन धर्म का सम्मान और संरक्षण करें। विक्रमादित्य ने बेशक अपने मैसेज में रनौत का नाम नहीं लिया, लेकिन यह साफ है कि उनके निशाने पर बीजेपी प्रत्याशी हैं। विक्रमादित्य के एक करीबी सूत्र ने कहा कि वह रनौत की उन टिप्पणियों का जिक्र कर रहे थे, जिसमें उन्होंने गोमांस खाने से इनकार किया था और एक बयान में दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान राम के अंश हैं। दरअसल, रनौत ने पिछले हफ्ते कहा था, यह कहा जा सकता है कि नरेंद्र मोदी भगवान राम और विष्णु के अंश हैं जो हमारी देखभाल करते हैं।

## रमन सिंह के पूर्व प्रमुख सचिव को मिली राहत, छत्तीसगढ़ की अदालत ने बंद कर दिया केस

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की एक अदालत ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के प्रमुख सचिव रहे अमन सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला बंद कर दिया है। रायपुर की अदालत ने ईओडब्ल्यू-एसीबी की अंतिम रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया, जिसके मुताबिक अमन सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला नहीं बनता है। राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू)- भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की अंतिम रिपोर्ट में कहा था कि अमन सिंह और उनकी पत्नी यास्मीन सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का कोई मामला नहीं बनाया जा सकता है। राज्य में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली पिछली कांग्रेस सरकार ने फरवरी 2020 में एक आरटीआई कार्यकर्ता के दावे के आधार पर इस संबंध में एफआईआर संख्या 09/2020 दर्ज की थी। अदालत के आदेश के अनुसार, राज्य ईओडब्ल्यू-एसीबी ने तीन साल तक जांच की और सिंह तथा उनकी पत्नी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के आरोपों को साबित करने में विफल रहा। वर्तमान भाजपा सरकार के सत्ता में आने से पहले पिछले साल दिसंबर में राज्य ईओडब्ल्यू ने अंतिम रिपोर्ट दायर की थी। निचली अदालत ने अब अंतिम रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए एफआईआर रद्द कर दी है। भारतीय राजस्व सेवा के पूर्व अधिकारी अमन सिंह, छत्तीसगढ़ में रमन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार




में एक रसूखदार नौकरशाह और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव थे। उन्होंने नवंबर 2022 में सेवा से इस्तीफा दे दिया और अडाणी समूह में शामिल हो गए। बिलासपुर हाईकोर्ट ने दो साल पहले उक्त एफआईआर को रद्द कर दिया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2023 में इस आदेश पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि जांच के स्तर पर एफआईआर को रद्द न किया जाए। सिंह परिवार का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने कहा कि तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार ने उन्हें गलत तरीके से निशाना बनाने के लिए एफआईआर का इस्तेमाल किया।

## अब भाजपा के लिए राज ठाकरे करेंगे प्रचार; पुणे में एमएनएस ने बनाई रणनीति



**पुणे , एजेंसी।** महाराष्ट्र की राजनीति में हाल के दिनों में उस समय बड़ा बदलाव देखने को मिला, जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का हर मोर्चे पर विरोध करने वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के मुखिया राज ठाकरे ने कहा था कि उनकी पार्टी लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेगी। इस घोषणा के बाद पुणे लोकसभा सीट के शहरी हिस्सों में एमएनस की टीम भाजपा के पक्ष में प्रचार की योजना बना रही है। और यह सुनिश्चित करने में जुटी है कि नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनें। 2019 में एमएनएस ने पीएम मोदी और बीजेपी के खिलाफ अभियान चलाया था, लेकिन हाल ही में एमएनएस प्रमुख ने चुनाव में बीजेपी को बिना शर्त समर्थन देने का ऐलान किया है। मनसे नेता राजेंद्र वागस्कर ने स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ बैठक के बाद कहा, मनसे पुणे सीट के लिए भाजपा के चुनाव अभियान में भाग लेगी और उम्मीदवार के समर्थन में शहर के कुछ हिस्सों में अलग-अलग रैलियां भी करेगी। पुणे लोकसभा सीट के लिए चुनाव प्रचार में व्यस्त भाजपा उम्मीदवार मुरलीधर मोहोल ने कोथरुड में एक बाल फिल्म महोत्सव का उद्घाटन किया और घोषणा की कि अगले साल से शहर में अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा, पुणे राज्य की सांस्कृतिक राजधानी है। यह अगले साल से अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सवों की मेजबानी करेगा। आपको बता दें कि संवाद पुणे संगठन पिछले 25 वर्षों से शहर में बच्चों के फिल्म महोत्सव की मेजबानी कर रहा है और इसका उद्घाटन करने के लिए मोहोल को आमंत्रित किया है। शुक्रवार को पुणे में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते समय वरिष्ठ भाजपा नेता आशीष शेलार की जुबान फिसल गई। उन्होंने कहा की कि बारामती में सुनेत्रा पवार की हार निश्चित है, लेकिन गलती सामने आने के बाद उन्होंने तुरंत इसे सुधार लिया। आपको बता दें कि उनका बयान राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। उन्होंने कहा, मेरा मतलब था कि सुनेत्रा पवार की जीत निश्चित है और बारामती में सुप्रिया सुले की हार निश्चित है। शेलार ने शाम को एक वीडियो बयान जारी कर कहा कि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी गलती स्पष्ट कर दी थी और भ्रम से बचने के लिए फिर से ऐसा कर रहे हैं।

## सीएम विंडो में 13 लाख शिकायत आई और इनमें से साढ़े 11 लाख शिकायतों का समाधान किया



# हम सभी लोकसभा और करनाल विधानसभा चुनाव बड़े अंतराल से जीतेंगे: मनोहर लाल

**चंडीगढ़/ जींद, एजेंसी।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि भाजपा की सरकार ने भ्रष्टाचार को रोकने की दिशा में अहम कदम उठाए हैं। कांग्रेस के राज में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को बढ़ावा दिया जाता था, जबकि आज भ्रष्टाचारी नए-नए तरीके खोजने की कोशिश करते हैं, लेकिन उनकी बात बन नहीं रही और उन्हें जेल की हवा खानी पड़ती है। वह आज यहां सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर थे और कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने ऑनलाइन सिस्टम से लोगों की समस्याओं को हल करने का काम किया है। अपने साढ़े 9 साल के शासनकाल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सीएम विंडो में 13 लाख शिकायत आई और इनमें से साढ़े 11 लाख शिकायतों का समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि कुछ शिकायतें ऐसी थी जिसमें या तो पुलिस का केस था या फिर वह कोर्ट में विचाराधीन था। प्रदेश में भाजपा उम्मीदवारों के हो रहे विरोध का असर पूछे जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कुछ दबंग किस्म के लोग पहले भी ऐसा करते रहे हैं और आज भी वह विरोध की राजनीतिक कर रहे हैं।? उन्होंने कहा कि उनके इस विरोध का भाजपा को लाभ हो रहा है, क्योंकि 10 लोग अगर विरोध करते हैं तो सौ नए लोग भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा 10 की 10 लोकसभा सीटों पर कमल का फूल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि अभी तक कांग्रेस अपने उम्मीदवारों का भी फैसला नहीं कर पाई है, क्योंकि या तो कांग्रेस के पास उम्मीदवार नहीं है और जिन सीटों पर कांग्रेस के पास चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग हैं, वहां इतनी मारामारी है कि कांग्रेस उम्मीदवार मैदान में उतार नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के उम्मीदवारों के मैदान में आने से पहले ही प्रदेश की जनता इस बात का मन बना चुकी होगी कि उसे कमल पर मोहर लगानी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाक वर्सेस न्यूज़ीलेंड

## बाबर और कोहली के इस संयुक्त रिकॉर्ड को एक साथ तोड़ने के करीब हैं रिजवान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का आयोजन किया जा रहा है और इस सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम पाकिस्तान आई हुई है। इन दोनों टीमों के बीच इस टी20आई सीरीज का दूसरा मुकाबला शनिवार को रावलपिंडी में



खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के पास एक बड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम करने का सुनहरा मौका है जो अभी बाबर आजम और विराट कोहली के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है।

**सबसे तेज 3000 रन बनाने के करीब रिजवान-** न्यूजीलैंड के खिलाफ रिजवान के पास टी20आई में सबसे तेज 3000 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने काम करने का अच्छा मौका है और इसके लिए उन्हें 19 रन की जरूरत है। कीवी टीम के



खिलाफ 19 रन बनाते ही रिजवान टी20आई में सबसे कम पारियों में 3000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे और बाबर व कोहली को पीछे छोड़ देंगे। बाबर और कोहली ने टी20आई में 81-81 पारियों में 3000 रन पूरे किए थे। वहीं रिजवान की बात करें तो उन्होंने अब तक टी20आई में 91 मैचों की 78 पारियों में 2981 रन बनाए हैं। 19 रन बनाते ही वो 3000 रन 79 पारियों में पूरे कर लेंगे और बाबर साथ ही कोहली से आगे निकल जाएंगे।

**टी20आई में सबसे कम पारियों में 3000 रन बनाने वाले बल्लेबाज**

बाबर आजम ङ्क 81 पारी
विराट कोहली ङ्क 81 पारी
एरोन फिंच ङ्क 98 पारी
मार्टिन गप्टिल ङ्क 101 पारी
डेविड वॉर्नर ङ्क 102 पारी

पहला मैच बारिश में धुला

पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला मुकाबला गुरुवार को खेला जाना था, लेकिन बारिश की वजह से ये मैच नहीं हो पाया। हालांकि बाद में 5-5



ओवर का मैच करवाने का फैसला किया गया था, लेकिन बारिश ने इसमें भी बाधा डाल दी थी। इस मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीता था और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। इस मैच में पाकिस्तान की तरफ से सिर्फ 2 गेंदें पेंकी गई थी। बारिश की वजह से मैच का कोई फैसला नहीं निकल पाया और फैंस को निराशा हाथ लगी थी।

### विनेश फोगाट से मानसी तक...

# 4 महिला पहलवान 'पेरिस' से सिर्फ एक कदम दूर

नईदिल्ली, एजेंसी। ओलंपिक में हिस्सा लेना हर एथलीट का सपना होता है. इस साल यानी 2024 में खेले जाने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए सभी एथलीट जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं. अब चार भारतीय महिला पहलवान पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने से सिर्फ एक कदम दूर हैं. यानी एक और जीत हासिल करते ही चारों भारतीय महिला पहलवान पेरिस ओलंपिक में जगह बना लेंगी. चार महिला पहलवानों में विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा), मानसी अहलावत (62 किग्रा) और रीतिका (76 किग्रा) शामिल हैं. चारों ही भारतीय महिला बिश्केक में हो रहे एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं. अब सेमीफाइनल मुकाबला जीतते ही चारों पहलवान पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए कोटा हासिल कर लेंगी.

विनेश फोगाट ने 50 किलोग्राम वर्ग में कंबोडियाई की प्रतिद्वंद्वी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई. बता दें कि अंतिम पंघाल 53 किलोग्राम वर्ग में पहले ही पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर चुकी हैं. अब देखना दिलचस्प होगा कि फाइनल में पहुंचकर कौन-कौन महिला पहलवान पेरिस ओलंपिक में कोटा हासिल कर पाती हैं. गौरतलब है कि वर्ल्ड



चैंपियशिप 2021 में सिल्वर मेडल जीतने वाली अंशू मलिक ने किर्गिस्तान की कलमीरा बिलिमबेकोवा को तकनीकी श्रेष्ठता के साथ हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की. वहीं अंडर 23 वर्ल्ड चैंपियन रीतिका ने युंजू ह्वांग और मंगोलिया की दवानासन एनख अमर पर जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह हासिल की. बाकी मानसी अहलावत ने कजाकिस्तान की इरिना कुजनेत्सोवा को 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की.

### बॉक्सिंग में यह महिलाएं खिलाड़ी हासिल कर चुकी हैं कोटा

माहिला भारतीय बॉक्सर्स में लवलीना बोरगोहेन ने 75 किलोग्राम वर्ग में, निखत ज़रीन ने 50 किलोग्राम वर्ग में, परवीन हुड्डा ने 57 किलोग्राम वर्ग में और प्रीति पवार ने 54 किलोग्राम वर्ग में पेरिस ओलंपिक 2024 का कोटा हासिल कर लिया है.

## भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवानों का निराशाजनक प्रदर्शन

### पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने से चूके

**बिश्केक, एजेंसी।** अमन ने 57 किग्रा वर्ग में दबदबे वाला आगाज करते हुए अपने शुरुआती दो प्रतिद्वंद्वियों येरासिल मुख्तारुली और सुंगवॉन किम को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। वह हालांकि उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लेव के खिलाफ इस लय को जारी रखने में विफल रहे और 10 अंकों से पिछड़ने के बाद हार गए। अमन सहरावत एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शुक्रवार को अपना सेमीफाइनल हारने के बाद पेरिस खेलों के लिए कोटा हासिल करने से चूक गए, जबकि दीपक पूनिया और सुजीत कलकल को वजन करने के लिए समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का मौका नहीं मिला।



**लय बरकरार रखने में विफल रहे अमन-** अमन ने 57 किग्रा वर्ग में दबदबे वाला आगाज करते हुए अपने शुरुआती दो प्रतिद्वंद्वियों येरासिल मुख्तारुली और सुंगवॉन किम को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। वह हालांकि उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लेव के खिलाफ इस लय को जारी रखने में विफल रहे और 10 अंकों से पिछड़ने के बाद हार गए। भारतीय कुश्ती जगत को अमन से काफी उम्मीदें थी क्योंकि उन्होंने अपने आयु वर्ग में मजबूत माने जाने वाले रवि दाहिया को शिकस्त देकर देश के प्रतिनिधित्व का मौका हासिल किया था।

### अन्य पहलवान भी प्रभाव छोड़ने में रहे विफल

अमन के अलावा जयदीप ने भी 74 किग्रा वर्ग में शानदार शुरुआत की और तुर्कमेनिस्तान के अल अर्सलान बेगेनजोव को हराया। वह क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान के ओरोजोबेक तोक्तोमाम्बेतोवबाद के खिलाफ मुकाबला 2-2 से बराबर होने के बाद हार गए। सुमित मलिक (125 किग्रा) भी अपने पहले दौर में किर्गिस्तान के लखागवागेरेल मुनख्तूर से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गए, जबकि दीपक (97 किग्रा) क्वालीफिकेशन दौर में अराश योशिदा से तकनीकी श्रेष्ठता से हार गए।

**दीपक और सुजीत को नहीं मिली खेलने की अनुमति -** दीपक और सुजीत कलकल को एशियन ओलंपिक क्वालीफायर्स में शामिल होने की मंजूरी नहीं मिली। यह दोनों पहलवान मंगलवार से दुबई एयरपोर्ट पर फंसे हुए थे और शुक्रवार को बिश्केक पहुंचे थे। जब तक यह दोनों भारतीय पहलवान वहां पहुंचे, उस समय तक अन्य पहलवानों के वजन की जांच शुरू हो चुकी थी जिसके बाद आयोजकों ने दीपक और सुजीत को मंजूरी देने से इनकार कर दिया। सूत्रों ने कहा कि भारतीय कोचों के अनुरोध के बावजूद आयोजकों ने उन्हें अनुमति नहीं दी। पूनिया (86 किग्रा) टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने के करीब पहुंचे थे। महिलाओं की स्पर्धा शनिवार को होगी जिसमें सबसे ज्यादा नजरें विनेश फोगाट (50 किग्रा) पर होंगी।

# उम्मीद है चयनकर्ता रिंकू सिंह को नहीं भूलेंगे

### संजय मांजरेकर ने क्यों कही ये बात



नईदिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में अब तक कोलकाता नाइट राइडर्स के शीर्ष क्रम ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच रिंकू सिंह को बल्लेबाजी का ज्यादा मौका नहीं मिल रहा है। रिंकू ने बतौर फिनिशर पिछले साल शानदार प्रदर्शन किया था। इसके बौदलत उन्हें भारतीय टीम में उन्हें जगह मिली थी। भारत के लिए भी उन्होंने कई मैच फिनिश किया। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर को लगता है कि केकेआर के लिए बल्लेबाजी का ज्यादा मौका न मिलना रिंकू को भारत की टी20 विश्व कप टीम में जगह न देने का यह कोई कारण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रिंकू को ज्यादा मौका नहीं मिल रहा है और उम्मीद है चयनकर्ता उन्हें नहीं भूलेंगे। रिंकू ने इस सीजन 51 गेंद पर 83 रन बनाए हैं। 26 उनका सर्वोच्च स्कोर है। उनका स्ट्राइक रेट 162.75 का है।

### मांजरेकर ने रिंकू सिंह को लेकर क्या कहा?



मांजरेकर ने रिंकू को लेकर फर्स्टपोस्ट से कहा, क्योंकि उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिल रहे हैं, मुझे उम्मीद है कि चयनकर्ता रिंकू सिंह को नहीं भूलेंगे। वह सीधे तौर पर भारतीय टीम में चयन होना चाहिए। जब भी उन्हें अवसर मिला है, आपने देखा है कि उन्होंने कितना अच्छा प्रदर्शन किया है। अपनी निरंतरता और रेंज दिखाई है। भारतीय टीम के मुख्य खिलाड़ियों के अलावा, उन बड़े नामों के अलावा जिनके बारे में हम सोच रहे हैं, मैं उन्हें पसंद करता हूं।

**रिंकू सिंह ने 15 टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया-** रिंकू सिंह ने 15 टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इसमें उन्होंने 7 मैचों में नाबाद रहते हुए 176.23 के स्ट्राइक रेट से 356 रन बनाए हैं। उनका औसत 89 रन का है। ऐसे में बतौर फिनिशर उन्हें भारत की टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह मिलनी चाहिए। 1 जून से यह टूर्नामेंट अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेला जाएगा। भारतीय टीम का चयन 1 मई से पहले हो जाएगा।

### केएल राहुल ने तोड़ा धोनी का रिकॉर्ड

# कार्तिक समेत कई दिग्गज छूटे पीछे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के इस सीजन में कई नए रिकॉर्ड बन रहे हैं तो कई पुराने रिकॉर्ड टूट भी रहे हैं. केएल राहुल ने आईपीएल 2024 के 34वें मैच में एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. जो पहले धोनी के नाम था. केएल राहुल आईपीएल में सबसे ज्यादा पचास प्लस स्कोर बनाने वाले विकेटकीपर बन गए हैं. इस फेहरिस्त में कई दिग्गज विकेटकीपर भी शामिल हैं.



### 50 से अधिक स्कोर बनाने वाले विकेटकीपर

अगर हम 50 से ज्यादा का स्कोर बनाने वाले टॉप 5 विकेटकीपरों की बात करें तो इस फेहरिस्त में सबसे पहला नाम केएल राहुल का है. जो पहले एमएस धोनी के नाम पर था. केएल राहुल अब तक 25 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बना चुके हैं. एमएस धोनी ने 24 बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया है. तीसरे नंबर पर क्विंटन डी कॉक हैं. डी कॉक ने अब तक 23 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया है. तो चौथे नंबर पर हैं दिनेश कार्तिक. दिनेश ने अब तक 21 बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया है. वहीं पांचवें नंबर पर रॉबिन उथप्पा का नाम है. उन्होंने 18 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया है.

आईपीएल 2024 के 34वें मैच में केएल राहुल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कप्तानी पारी खेली. जिसके चलते एलएसजी की टीम ने यह मैच आसानी से जीत लिया. केएल राहुल ने 53 गेंदों पर 154.72 की स्ट्राइक रेट से 82 रन बनाए. जिसमें 9 चौके और 3 छक्के शामिल थे. पहले विकेट के लिए क्विंटन डी कॉक और केएल राहुल के बीच 134 रन की साझेदारी हुई. 6 गेंद रहते ही एलएसजी ने 8 विकेट से मैच जीत लिया.

### लखनऊ में आईपीएलएल कप्तानों पर

# बीसीसीआई ने ठोका जुर्माना

### राहुल-गायकवाड़ को मिली इस बड़ी गलती की सजा

**लखनऊ, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का 34वां मैच लखनऊ सुपरजायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच 19 अप्रैल को लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। यह मैच तो होम टीम जीत गई। लेकिन बीसीसीआई ने दोनों टीमों के कप्तानों पर स्लो ओवर रेट के चलते 12 लाख का जुर्माना भी ठोका है। बता दें कि लखनऊ के कप्तान केएल राहुल और चेन्नई के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर स्लो ओवर रेट की वजह से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने जुर्माना लगाया है। आईपीएल की आचार संहिता के तहत दोनों कप्तानों की टीमों का सीजन का पहला अपराध था। इसलिए उनपर 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर भी स्लो ओवर रेट के चलते इस सीजन फाइन लग चुका है।





**लखनऊ ने 8 विकेट से जीता मैच-** लखनऊ सुपर जायंट्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। ऐसे में चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 176 रन बनाए। सीएसके की तरफ से सर्वाधिक 57 रन रविंद्र जडेजा ने बनाए। उनके अलावा मोइन अली ने तो एमएस धोनी ने 311 के तूफानी स्ट्राइक रेट से 9 गेंद में नाबाद 28 रन ठोके। अजिंक्य रहाणे ने भी ऊपर 36 रन की अच्छी पारी खेली। लखनऊ की तरफ से सर्वाधिक 2 विकेट क्रुणाल पंड्या ने लिए। इसके अलावा मोहसिन खान, यश ठाकुर, रवि बिश्नोई और मार्कस स्टोयनिस को एक-एक सफलता मिली। 177 रन का टारगेट लखनऊ सुपर जायंट्स ने बड़ी आसानी के साथ 19 ओवर में 8 विकेट रहते चेज कर लिया। लखनऊ के लिए कप्तान राहुल और डि कॉक ने मैच विनिंग पारी खेली। केएल राहुल ने 9 चौके और 3 छक्के की मदद से 53 गेंद में 82 रन बनाए। वहीं डि कॉक ने 43 बॉल में 54 रन की पारी खेली। पूरन ने भी 23 रन की नाबाद पारी खेली। चेन्नई की ओर से मथीषा पथिराना औप मुस्ताफिजुर रहमान को 1-1 सफलता मिली।

# धोनी 5000 आईपीएल रन बनाने वाले पहले विकेटकीपर

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ में सबसे बड़ा टारगेट चेज, राहुल ने 25वां 50+ स्कोर बनाया, रिकॉर्ड्स इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स को तीसरी हार मिली। शुक्रवार को लखनऊ सुपरजायंट्स ने लखनऊ में सबसे बड़ा टारगेट चेज कर सीएसके को 8 विकेट से हरा दिया। चेन्नई से एमएस धोनी ने 8 बॉल पर 28 रन बनाए, वह 40 की उम्र के बाद 500 आईपीएल रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने। धोनी ने बतौर विकेटकीपर 5 हजार आईपीएल रन भी पूरे कर लिए, वह ऐसा करने वाले पहले विकेटकीपर बने। स्र्स्त्र के कप्तान केएल राहुल बतौर



विकेटकीपर सबसे ज्यादा 25 बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले प्लेयर बन गए।

### 40 की उम्र के बाद धोनी के नाम सबसे ज्यादा रन

सीएसके के महेंद्र सिंह धोनी ने 8 बॉल पर 28 रन बनाए, इसी के साथ उनके 40 की उम्र के बाद आईपीएल में 500 रन पूरे हो गए। वह आईपीएल में 40 साल की उम्र के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बन गए। धोनी फिलहाल 42 साल के हैं। उन्होंने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 40 की उम्र के बाद 481 आईपीएल रन बनाए हैं।

- **धोनी का स्ट्राइक रेट पिछले 2 साल में सबसे बेस्ट-** ष्टस्य के एमएस धोनी ने पिछले साल आईपीएल में 182.46 की स्ट्राइक रेट से 104 रन बनाए। इस साल वह 255.88 की स्ट्राइक रेट से 87 रन बना चुके हैं। आईपीएल में पिछले 2 साल में 50 से ज्यादा गेंदें खेलने वाले प्लेयर्स में धोनी का स्ट्राइक रेट से सबसे बेहतर है। वह 209.89 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। उनके बाद स्त्र॥ के अभिषेक शर्मा ने 205.26 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।
- **3. धोनी 5 हजार आईपीएल रन बनाने वाले पहले विकेटकीपर-** एमएस धोनी बतौर विकेटकीपर खेलते हुए आईपीएल में 5000 से ज्यादा रन पूरे कर चुके हैं। वह ऐसा करने वाले पहले ही विकेटकीपर बने। उन्होंने बतौर विकेटकीपर 251 मैच भी खेल लिए हैं।

## सिर चढ़कर बोली चेन्नई सुपर किंग्स की दीवानगी, फैन ने सीएसके की थीम पर बनवाया शादी का कार्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल की वह टीम है, जिसे हर मैदान पर होम ग्राउंड जैसा ट्रीमेंट मिलता है. चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम के साथ-साथ फैंस सीएसके को सपोर्ट करने के लिए हर मैदान में पहुंचते हैं. चेन्नई का मैच कहीं भी किसी भी टीम के खिलाफ हो, क्राउड आपको पीली जर्सी में ही नज़र आएगा. चेन्नई को फैंस इतना ज़्यादा प्यार एमएस धोनी की वजह से करते हैं. अब मैदान के बाहर भी चेन्नई की दीवानगी फैन के सिर चढ़कर बोली और उसने अपनी शादी का कार्ड सीएके की थीम पर बनवा लिया. चेन्नई सुपर किंग्स की थीम वाला शादी का कार्ड सोशल मीडिया पर तेज़ से वायरल हो रहा है. इस कार्ड को चेन्नई सुपर किंग्स के मैच टिकट की तरह डिजाइन किया गया. कार्ड में एंट्री फीस की जगह, आपका प्यार लिखा गया, टैक्स की जगह, आशीर्वाद और टोटल वैल्यू की जगह, आपकी उपस्थिति लिखी गई.

## संक्षिप्त समाचार

### 50 रुपये के इस शेयर पर पहले ही दिन होगा 80 प्रतिशत से ज्यादा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्रीनहाइटेक वेंचर्स के शेयर निवेशकों को पहले ही दिन मालामाल कर सकते हैं। लिस्टिंग वाले दिन ग्रीनहाइटेक वेंचर्स के शेयर 80 पर्सेंट से ज्यादा का फायदा करा सकते हैं। कंपनी के आईपीओ पर लोगों ने जमकर पैसे लगाए हैं। ग्रीनहाइटेक वेंचर्स का आईपीओ टोटल 769 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब हुआ है। आईपीओ में कंपनी के शेयरों का दाम 50 रुपये है। वहीं, ग्रे मार्केट में ग्रीनहाइटेक वेंचर्स के शेयर तगड़े प्रीमियम पर ट्रेड कर रहे हैं। कंपनी के शेयरों का ग्रे मार्केट प्रीमियम इशारा कर रहा है कि लोगों को पहले ही दिन मोटा मुनाफा हो सकता है। आईपीओ में ग्रीनहाइटेक वेंचर्स के शेयरों का दाम 50 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का ग्रे मार्केट प्रीमियम बढ़कर 42 रुपये पहुंच गया है। ग्रीनहाइटेक वेंचर्स के शेयरों का जीएमपी इशारा कर रहा है कि कंपनी के शेयर 92 रुपये की रेंज में लिस्ट हो सकते हैं। यानी, जिन निवेशकों को आईपीओ में कंपनी के शेयर मिले हैं, वह लिस्टिंग वाले दिन 84 पर्सेंट से अधिक फायदे की उम्मीद कर सकते हैं। कंपनी के शेयर 22 अप्रैल 2024 को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। ग्रीनहाइटेक वेंचर्स के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 6.30 करोड़ रुपये का है। ग्रीनहाइटेक वेंचर्स का आईपीओ टोटल 769.95 गुना सब्सक्राइब हुआ है। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 597.41 गुना सब्सक्राइब हुआ है। जबकि अदर्स कैटेगरी में 921.60 गुना दांव लगा है। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स 1 लॉट के लिए दांव लगा सकते थे। आईपीओ की एक लॉट में 3000 शेयर हैं। यानी, रिटेल इनवेस्टर्स को 150000 रुपये का इनवेस्टमेंट करना पड़ा है। आईपीओ से पहले कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 100 पर्सेंट थी, जो कि अब 73.19 पर्सेंट रह जाएगी।

### 3 महीने में पैसा डबल, इस खबर के बाद शेयरों का मची लूट, 15 प्रतिशत चढ़ा भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिन कंपनियों के शेयरों में तेज उछाल देखने को मिली उसमें फोर्स मोटर्स एक है। बीएसई में यह स्टॉक 15.36 प्रतिशत की उछाल के बाद 9320.15 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। कंपनी के शेयरों का प्रदर्शन बीते कुछ महीनों के दौरान शानदार ही रहा है। आइए जानते हैं कि शुक्रवार की तेजी के पीछे की क्या वजह है कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा था कि 26 अप्रैल को बोर्ड की मीटिंग है। इस मीटिंग में चौथी तिमाही के नतीजों को अप्रूवल दिया जाएगा। यानी इसी मीटिंग के बाद पिछले वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही के नतीजे सामने आएंगे। इस बात की चर्चा जोरों पर है कि जनवरी से मार्च 2024 के दौरान कंपनी का प्रदर्शन शानदार रहा है। ऐसे में तिमाही नतीजे मजबूत रहेंगे। बोर्ड की मीटिंग के ऐलान के बाद कंपनी के शेयरों का भाव 9494.35 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया था। इससे पहले कंपनी का उच्चतम स्तर 9261.80 रुपये (8 अप्रैल 2024) था। बता दें, इस स्टॉक का 52 वीक लो लेवल 1259.10 रुपये प्रति शेयर है। बीते 3 महीने के दौरान ही पोजीशनल निवेशकों का पैसा इस ऑटोमोबाइल कंपनी ने डबल कर दिया है। इस दौरान फोर्स मोटर्स के शेयरों में 160 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, पिछले एक साल में कंपनी ने 630 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

# यस बैंक के को-फाउंडर राणा कपूर चार साल बाद जेल से बाहर आए

▶▶मुंबई की एक स्पेशल कोर्ट से मिल गई है जमानत ▶▶राणा कपूर को नवी मुंबई की तलोजा जेल में रखा गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यस बैंकके सह संस्थापक राणा कपूर को बड़ी राहत मिली है। राणा कपूर को मुंबई की एक स्पेशल कोर्ट से जमानत मिल गई है। यस बैंक के सह-संस्थापक राणा कपूर को कथित ऋण धोखाधड़ी मामले में स्थानीय अदालत से जमानत मिलने के कुछ घंटों के बाद शुक्रवार शाम को जेल से रिहा कर दिया गया है। कपूर को पहली बार मार्च 2020 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। ईडी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यस बैंक में कथित धोखाधड़ी को लेकर राणा के खिलाफ कुल आठ मामले दर्ज किए हैं। उन्हें मुंबई के पड़ोस में नवी मुंबई की तलोजा जेल में रखा गया था। उनके खिलाफ इन मामलों में सुनवाई अभी शुरू होनी बाकी है। इससे पहले उन्हें सात मामलों में जमानत मिल चुकी है। सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश एम जी देशपांडे ने दिन में कपूर को जमानत दे दी। उन्होंने इस



तथ्य का संज्ञान लिया कि वर्तमान मामले में मुकदमा लंबित है और कपूर को कैद में रखने की अब जरूरत नहीं है। हालांकि विस्तृत आदेश की प्रति अभी उपलब्ध नहीं हुई है। कपूर के वकील राहुल अग्रवाल ने बताया, ''बचाव पक्ष की दलीलों पर विचार करते हुए अदालत ने उनके मुवक्किल को जमानत पर रिहा कर दिया। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद कपूर को शाम करीब सात बजे तलोजा केंद्रीय कारागार से रिहा कर दिया गया।''

### या है मामला

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राणा कपूर चार साल से जेल में बंद थे। साल 2020 में सीबीआई और ईडी ने उनके खिलाफ रिश्वत, भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के कई मामले दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया था। रिपोर्ट के मुताबिक, यस बैंक घोटाले में बैंक के संस्थापक राणा कपूर और उनके परिवार के सदस्यों ने 100 से अधिक छोटी-छोटी कंपनियां बनाकर रकम को ट्रांसफर किया था। इसके साथ ही राणा ने अपनी प प्रतिशती के मालिकाने हक वाली कंपनी को 87 करोड़ रुपये बतौर गिफ्ट दे दिए थे। इस मामले में राणा कपूर समेत कई लोगों की गिरफ्तारी हुई थी।

### या है शेयर का हाल

यस बैंक के शेयर में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। पिछले 5 दिनों में यस बैंक का शेयर 3 फीसदी से ज्यादा लुढ़का है। शेयर अभी 23.90 रुपये के भाव पर है। पिछले एक महीने की बात करें तो शेयर में तीन फीसदी से ज्यादा तेजी आई है। पिछले 6 महीनों में यस बैंक का शेयर 38 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दे चुका है।

## हिंदुस्तान जिंक को अलग इकाइयों में बांटने पर सरकार से वार्ता जारी रहेगी: सीईओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि वह कंपनी को कई अलग इकाइयों में बांटने से संबंधित प्रस्ताव पर केंद्र के साथ वार्ता जारी रखेगी। यह बयान खान मंत्रालय द्वारा हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड को अलग इकाइयों में बांटने का प्रस्ताव खारिज करने के बीच आया है। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड अपना बाजार पूंजीकरण बढ़ाने के लिए जिंक एवं चांदी समेत अपने कारोबारों को अलग इकाइयों में बांटने की योजना का ऐलान कर चुकी है। हिंदुस्तान जिंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुण मिश्रा ने कहा कि यह मामला शुक्रवार को निदेशक मंडल की बैठक में भी चर्चा के लिए आया। उन्होंने कहा, ''मैंने निदेशक मंडल को एक बार फिर स्थिति से अवगत कराया और सरकार के साथ वार्ता जारी रखने का वादा किया। मैं अपने तर्क को समझाने की कोशिश करूंगा कि हम ऐसा क्यों करना चाहते हैं। हिंदुस्तान जिंक में सरकार सबसे बड़ी अल्पांश शेयरधारक है। उसके पास कंपनी में 29.54 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

मिश्रा ने कहा, ''सरकार विभिन्न मार्गों से विनिवेश की प्रक्रिया में हैं और उसे लगता है कि इस समय कंपनी को अलग इकाइयों में बांटने से विनिवेश का अवसर खतरे में पड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी अभी भी प्रस्ताव पर खान मंत्रालय के साथ बातचीत कर रही है और कुछ मुद्दों का समाधान करने की कोशिश कर रही है।

## सिप्ला को झटका, जीएसटी प्राधिकरण ने लगाया 1.83 करोड़ रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उत्पाद शुल्क से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर अमान्य क्रेडिट (ट्रांजिशनल) का दावा करने के लिए जीएसटी प्राधिकरण ने उस पर 1.83 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। सिप्ला ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी को सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई, महाराष्ट्र के प्रधान आयुक्त से 1,83,17,388 रुपए का जुर्माना लगाने का आदेश मिला है। यह आदेश केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 और महाराष्ट्र माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के तहत जारी किया गया। यह आदेश जारी करते हुए जीएसटी प्राधिकरण ने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2017-18 में उत्पाद शुल्क व्यवस्था से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर संक्रमणकालीन यानी 'ट्रांजिशनल क्रेडिट का दावा किया है, जो मान्य नहीं था। प्राधिकरण ने जुर्माने के साथ इसकी वसूली का आदेश दिया। सिप्ला ने कहा कि तथ्यों के आकलन और प्रचलित कानून के आधार पर वह इस संबंध में अपीलीय प्राधिकार के पास अपील दायर करेगी। कंपनी ने यह भी कहा कि उक्त आदेश के कारण उसकी वित्तीय स्थिति या परिचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।




### जियो फाइनेंशियल तिमाही नतीजे

## नेट प्रॉफिट 6 प्रतिशत बढ़कर 311 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने शुक्रवार को मार्च 2024 को समाप्त तिमाही के नतीजे घोषित किए। उसने 311 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट दर्ज किया है। इसमें 6 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। दिसंबर तिमाही में यह आंकड़ा 294 करोड़ रुपये था। परिचालन से समेकित राजस्व पिछली तिमाही के 414 करोड़ रुपये के मुकाबले 418 करोड़ रुपये पर फ्लैट रहा। मार्च तिमाही में कुल खर्च 103 करोड़ रुपये रहा। जबकि सितंबर तिमाही में यह 98 करोड़ रुपये था।

मार्च 2024 को समाप्त पूरे वर्ष के लिए वित्तीय सेवा कंपनी का शुद्ध लाभ कई गुना बढ़कर 1,604 करोड़ रुपये हो गया। जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह सिर्फ 31 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए रेवेन्यू भी कई गुना बढ़कर 1,854 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष में यह 42 करोड़ रुपये था। जियो फाइनेंशियल की समेकित आय में इसकी सहायक कंपनियों, सहयोगियों और संयुक्त उद्यमों की अर्निंग शामिल है। इनमें जियो फाइनेंस, जियो पेमेंट सॉल्यूशंस, रिलायंस इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट्स एंड होल्डिंग्स, जियो इंश्योरेंस ब्रोकिंग, जियो इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट सर्विसेज, जियो इंफॉर्मेशन एग्रीगेटर सर्विसेज, रिलायंस सर्विसेज एंड होल्डिंग्स, पेट्रोलियम ट्रस्ट और जेवी फर्म जियो पेमेंट्स बैंक शामिल हैं। चौथी तिमाही में कंपनी की ब्याज आय बढ़कर 281 करोड़ रुपये हो गई। जबकि तीसरी तिमाही में यह 269 करोड़ रुपये थी। इस बीच फीस और कमीशन इनकम बढ़कर 41 करोड़ रुपये हो गई। इस सप्ताह की शुरुआत में जियो फाइनेंशियल ने घोषणा की थी कि उसने अपने धन प्रबंधन और ब्रोकिंग व्यवसाय के लॉन्च के लिए परिसंपत्ति प्रबंधन फर्म ब्लैकरॉक, इंक के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।



## भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 सम्मेलन की आईएमएफ ने की तारीफ, विश्व बैंक ने भी सराहा

**वॉशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका में आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बसंत बैठक चल रही है। इस बैठक में शामिल होने के लिए भारत की तरफ से आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ भी अमेरिका दौरे पर हैं। अजय सेठ ने बताया कि इस बैठक के दौरान आईएमएफ और विश्व बैंक ने भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 सम्मेलन की तारीफ की। बैठक में कहा गया कि भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 सम्मेलन के दौरान वैश्विक मुद्दों पर जिस तरह से आम सहमति बनाई गई, वह काबिले तारीफ है।



**भारत में हुए जी20 सम्मेलन की इस बात को लेकर हुई तारीफ** : भारत में 9-10 सितंबर को जी20 सम्मेलन की बैठक हुई थी। इस सम्मेलन में 37 पेज का एक आम सहमति घोषणा पत्र पारित हुआ था, जिसमें रूस-यूक्रेन युद्ध समेत वैश्विक अर्थव्यवस्था के कई मुद्दों पर आम सहमति से कदम उठाए गए थे। भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर जिस तरह से सभी की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए बैठकें आयोजित की गई, उसकी भी तारीफ हुई। लोकसभा चुनाव के चलते इस साल की जी20 की बसंत बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल नहीं हुईं। भारत के प्रतिनिधिमंडल में शीर्ष अधिकारी जैसे आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ और भारतीय रिजर्व बैंक के प्रमुख शक्तिकांत दास शामिल हैं।

### भारत सहित उभरती अर्थव्यवस्थाओं को मिली सराहना

सेठ ने बताया कि आईएमएफ और विश्व बैंक की सालाना बैठक में इस बात की भी सराहना की गई कि वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत सहित उभरती अर्थव्यवस्थाओं में मौद्रिक नीतियों और जिम्मेदार राजकोषीय नीतियों से वित्तीय स्थिरता बनी हुई है। उन्होंने कहा कि बैठक में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वित्तपोषण कैसे होना चाहिए, इस बात पर भी चर्चा हुई। अब ब्राजील की अध्यक्षता में जी20 की बैठकें हो रही हैं। बीती 17-18 अप्रैल को जी20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नर्स की बैठक हुई। बैठकों के दौरान आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने अमेरिका, ब्रिटेन, सऊदी अरब, जापान, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की।

## आईफोन मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में कंट्रोलिंग स्टेक खरीदने की तैयारी में टाटा समूह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा समूह भारत में आईफोन का मैन्युफैक्चरिंग करने वाली पेगाट्रॉन कॉरपोरेशन में ऑपरेशंस का नियंत्रण हासिल करने की तैयारी में हैं। उसके लिए ग्रुप पेगाट्रॉन के साथ डील कर सकता है। जानकारी के मुताबिक ऐसा कहा जा रहा है कि ये डील मई महीने में फाइनल हो सकती है। अगर ये डील होती है तो माना जा रहा है कि एपल इंक और टाटा ग्रुप के बीच के संबंध और मजबूत होंगे। एपल का हैंडसेट एसेंबल करने वाली इस ताइवानी कंपनी में कंट्रोलिंग स्टेक खरीदने का प्रोसेस अंतिम चरण में हैं। बता दें, आईफोन का प्रोडक्शन प्लांट चेन्नई के पास है, जबकि एक और प्लांट लगामे के लिए काम चल रहा है। सूत्रों के अनुसार, इस डील के बाद पेगाट्रॉन टाटा ग्रुप को मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में मदद कर सकती है। डील पूरी होने के बाद टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड पेगाट्रॉन के ऑपरेशंस को चलाएगी। बता दें, इससे पहले भी दोनों इकाइयों के बीच बातचीत की खबरें आई थीं। वहीं इस ताजा खबर को लेकर टाटा ग्रुप और पेगाट्रॉन की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है लेकिन इस डील को अहम इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि एपल इस समय भारत में अपना उत्पादन बढ़ाने के लिए कोशिश में लगी हुई है। वहीं स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने भी कई तरह के फाइनेंशियल इंसेंटिव का ऐलान किया है।

**Office of the Chief Electoral Officer**
**Cabinet (Election) Department**
**Sector-2, Dhurwa, Ranchi-834002**

**SHORT E-TENDER NOTICE**

| | |
|---|---|
| e-Tender Reference no.: | 02/Ele.(Tender)34-02/2023/2337 |
| NAME OF THE WORK | Selection of vendor for providing GPS based Vehicle Tracking System during upcoming General Election to Parliamentary Constituency and Legislative Assembly 2024. |
| NAME OF INVITING OFFICER | Chief Electoral Officer, Jharkhand. |
| TENDER FEES | Rs. 5000/- (Online Mode) |
| EMD FEES | Rs. 100000/- (Online Mode) |
| DATE OF PUBLICATION OF TENDER ON WEBSITE | 20-04-2024 at 10:00 am |
| BID SUBMISSION START DATE | 21-04-2024 at 10:00 am. |
| LAST DATE AND TIME FOR SUBMISSION OF BID DOCUMENT ONLINE | 27-04-2024 at 03:00 pm. |
| TENDER TECHNICAL BID OPENING | 29-04-2024 at 3:30 pm. |
| PLACE OF OPENING OF BIDS | Cabinet (Election) Department, Jharkhand, Sector-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| ADDRESS FOR COMMUNICATION | Chief Electoral Officer, Cabinet (Election) Department, Jharkhand, Sector-2, Dhurwa, Ranchi-834004 E-Mail Address: ceocomputercell1@gmail.com |

Tender Fee and EMD will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharkhandtenders.gov.in portal.
Refund will only be issued to the originated bank account used for the payment of Tender Fee and EMD. So, Bidders are advised NOT to close Bank Account used for online payment/(NEFT/RTGS) of tender fee and EMD.
NO Hardcopy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/Evaluation. However, Department may ask original documents for verification before award of contract.

**Chief Electoral Officer, Jharkhand**

PR 323960 Election(24-25).D

# पाकिस्तान ने आईएमएफ से एक और बेलआउट पैकेज की मांग की, अगले महीने रिव्यू मिशन भेजने की लगाई गुहार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से जलवायु वित्तपोषण के साथ छह से आठ अरब डॉलर के बीच का अगला राहत पैकेज देने का औपचारिक अनुरोध किया है। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने आईएमएफ से विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) के तहत तीन साल के अगले राहत पैकेज के ब्योरे को अंतिम रूप देने के लिए अपने रिव्यू मिशन को अगले महीने भेजने का भी अनुरोध किया है।

नए पैकेज का सटीक आकार और समय सीमा मई 2024 में अगले बेलबाउट के प्रमुख संदर्भों पर आम सहमति बनाने के बाद ही निर्धारित की जाएगी। वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल वर्तमान में आईएमएफ/विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए वाशिंगटन के दौरे पर है। हालांकि एक पाकिस्तानी अधिकारी अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर पेश कर रहे हैं तो दूसरी ओर आईएमएफ ने मध्य पूर्व और मध्य एशिया के लिए जारी अपने नवीनतम क्षेत्रीय आर्थिक आउटलुक (आरईओ) में कहा कि नकदी



की कमी वाले देश (पाकिस्तान) के बाहरी बफर खराब हो गए हैं। यह चिंता खासकर ज्यादातर यूरोबॉन्ड के पुनर्भुगतान और ऋण सेवाओं के बारे में हैं। रिपोर्ट के अनुसार जहां महंगाई का दबाव बना रहता है, खासकर मिस्र, कजाखस्तान, पाकिस्तान, ट्यूनिशिया और उज्बेकिस्तान, वहां मौद्रिक नीति को कड़ा रहना चाहिए और मुद्रास्फीति की स्थिति बहुत अधिक पलट की ना जाए उसके जोखिम पर भी बारीकी से निगरानी करते हुए डेटा पर निर्भर रहना चाहिए। 2023 में गिरावट के बाद, पाकिस्तान की विकास दर में 2024 में 2 प्रतिशत तक सुधार होने का अनुमान है। अर्थव्यवस्था में यह वृद्धि कृषि और कपड़ा क्षेत्रों में सकारात्मक बदलावों से आने की अपेक्षा की जा रही है। इस बीच, पाकिस्तान वित्त मंत्री औरंगजेब ने वाशिंगटन में विश्व बैंक को बताया कि प्रमुख क्षेत्रों में सुधार एजेंडा के पूरी तरह लागू होने के साथ पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के 2047 तक 3,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है। आईएमएफ के साथ पाकिस्तान का मौजूदा 3 बिलियन अमरीकी डालर का समझौता अप्रैल के अंत में पूरा हो रहा है। वहां की सरकार व्यापक आर्थिक स्थिरता को स्थायी बनाए रखने में मदद के लिए एक लंबा और बड़ा ऋण मांग रही है, जिससे देश बहुत जरूरी संरचनात्मक सुधारों को लागू कर सके। वहीं, आईएमएफ ने कहा है कि नए ऋण पैकेज के लिए बातचीत हो रही है वह अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और सुधारों को प्राथमिकता देने के लिए नाकाफी है।

### जब पहली ही फिल्म में मिला सलमान के साथ काम करने का मौका

# ऐसा था जरीन का रिएक्शन



रीन खान ने साल 2010 सलमान की फिल्म वीर से बॉलीवुड में डेब्यू किया था. एक इंटरव्यू में उन्होंने इस बात का खुलासा किया है कि जब वो अपनी पहली ही फिल्म में सलमान जैसे मेगास्टार के साथ काम कर रही थीं, तो उनका रिएक्शन कैसा था. उस समय उनकी तुलना कटरीना कैफ से भी हुई थी.

जरीन खान ने सलमान खान की फिल्म 'वीर' से बॉलीवुड की दुनिया में कदम रखा था. डेब्यू के साथ ही एक्ट्रेस अपने लुक्स की वजह से चर्चा में रहीं. लोग उनकी तुलना कटरीना कैफ से करने लगे थे. फीवर डिजिटल से बात करते हुए जरीन ने अपने बीते दिनों को याद किया है और अपनी जिंदगी के बारे में खुलकर बात की है. जरीन के मुताबिक, उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा था कि उन्हें सलमान खान जैसे मेगा स्टार के साथ काम करने का मौका मिला है.

बातचीत के दौरान जरीन खान बताती हैं कि वो हर वक्त सलमान को देखती रहती थीं, क्योंकि उन्हें यकीन ही नहीं होता था कि सच में उनके साथ ये सब हो रहा है. जरीन खान इस समय अपने परिवार के साथ मुंबई में रह रही हैं. जीवन से मिले कुछ सबक के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि वो कभी भी चीजों को हल्के में नहीं लेती हैं. उन्होंने बताया कि कई बार ऐसा भी होता है जब वो पूरी तरह उदास हो जाती हैं और काम नहीं करना चाहतीं, लेकिन फिर वो खुद को समझती हैं और आगे बढ़ती हैं.



## भुवन बाम की वेब सीरीज 'ताजा खबर 2' की शूटिंग हुई पूरी

मशहूर यूट्यूबर और अभिनेता भुवन बाम की वेब सीरीज 'ताजा खबर सीजन 2' की शूटिंग पूरी हो चुकी है। शूटिंग पूरी होने पर अभिनेता ने सभी का आभार जताया है। बता दें कि भुवन बम की वेब सीरीज 'ताजा खबर' को हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया गया था। इस सीरीज को फैंस और दर्शकों का काफी प्यार भी मिला था। अब अभिनेता इसकी दूसरी श्रृंखला लेकर प्रस्तुत हैं। उम्मीद की जा रही है कि इसका दूसरा सीजन जल्द ही हॉटस्टार पर प्रसारित होगा। कंटेंट निर्माता और अभिनेता भुवन बाम ने शूटिंग पूरी होने पर कहा, 'ताजा खबर सीजन 2' की शूटिंग घर वापसी जैसी थी। सेट पर हर दिन बहुत ही शानदार रहा। हमारी टीम एक परिवार की तरह है। मुझे विश्वास नहीं हो रहा की हम शूटिंग के आखिरी दिन पर पहुंच गए हैं। श्रिया, प्रथमेश, देवेन जी और सभी सीजन 2 की शूटिंग के लिए उत्साहित थे।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे याद है जब मैंने सीजन 1 लॉन्च किया था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इसे इतना प्यार मिलेगा, खासकर मेरे किरदार 'वसंत' को। अब सीजन 2 आने के लिए तैयार है। मैं इसका इंतजार नहीं कर पा रहा हूं कि दर्शक इस पर कैसी प्रतिक्रिया देंगे। मुझे उम्मीद है कि दर्शक दूसरे सीजन का आनंद लेंगे। सीरीज की अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर ने कहा कि ताजा खबर सीजन 2 की शूटिंग बहुत मजेदार रही। मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि हम शूटिंग के आखिरी दिन पर पहुंच गए हैं। यह शानदार सफर रहा। मैं मधु का किरदार निभाने और सेट के अनुभव को याद करूंगी। मैं इंतजार में हूं कि नए सीजन पर दर्शक कैसी प्रतिक्रिया देंगे। अभिनेत्री आगे कहती हैं कि इस सीजन में 'मधु' का नया अवतार देखने को मिलेगा। बता दें कि यह सीरीज 'बीबी के वाइन्स प्रोडक्शंस' के बैनर तले रोहित राज और भुवन बाम द्वारा निर्मित है। इसका निर्देशन हिमांक गौड़ ने किया है। सीरीज में भुवन बाम के अलावा श्रिया पिलगांवकर, महेश मांजरेकर, देवेन भोजानी अहम भूमिका में नजर आएंगे।



## हर्षवर्धन कपूर ने ट्रोल करने वालों को दिया मुंहतोड़ जवाब

सोशल मीडिया पर अक्सर सितारे ट्रोल्स के निशाने पर रहते हैं। आए दिन बॉलिवुड अभिनेता-अभिनेत्रियों की ट्रोलिंग से जुड़ी खबरें सुर्खियां बटोरती हैं। ताजा मामले में ट्रोल्स ने हर्षवर्धन कपूर को शिकार बनाया है। उनके एक पोस्ट पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, एक अच्छी फिल्म करो, कब तक आप अपने पापा के पैसे से जूते खरीदोगे? इसके बाद हर्षवर्धन कपूर ने भी ट्रोल करने वालों को तगड़ा जवाब दिया ।

हर्षवर्धन अक्सर सोशल मीडिया पर ट्रोलर्स को आड़े हाथ लेते रहते हैं । वह अन्य सितारों की तरह ट्रोलर्स को नजरअंदाज नहीं करते । हाल हीं में एक ट्रोल ने उनकी अभिनय क्षमता, फिल्मों के चयन को लेकर आलोचना करते हुए कहा कि वह अपने पिता अनिल कपूर के पैसे से जूते खरीदते हैं।

दरअसल हर्षवर्धन कपूर ने मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल टीम को लेकर एक आलोचनात्मक पोस्ट अपने एक्स अकाउंट पर किया था। इस पर एक ट्रोल ने कमेंट किया, एक अच्छी फिल्म कर लो, कब तक पापा के पैसे से जूते खरीदोगे? इस पर हर्षवर्धन ने जवाब दिया, मैं तुम्हारी फिल्में कहां देख सकता हूं? तुमने कितनी फिल्में की हैं? मैनें तो रे,थार,भावेश जोशी, ए.के. वर्सेज ए.के. और मिर्जया की हैं, तुम कौन हो?.. एक हारा हुआ व्यक्ति! हर्षवर्धन कपूर एक प्रतिभावान अभिनेता हैं, जिन्हें मिर्जया और भावेश जोशी जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। हालांकि इन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर बहुत ज्यादा कामयाबी तो हासिल नही की, लेकिन दर्शकों से इन्हें प्यार जरूर मिला।



## सीरीज पाताल लोक का अगला भाग नहीं लाना चाहते अभिषेक बनजी!

अमेजन प्राइम वीडियो की सुपरहिट वेब सीरीज 'पाताल लोक' के दूसरे सीजन की कहानी पर काम करीब करीब पूरा हो चुका है। सीरीज के लीड कलाकार जयदीप अहलावत अपने लोकप्रिय किरदार हाथीराम चौधरी के साथ फिर से वापसी की तैयारी शुरू कर चुके हैं। हालांकि, बता दें कि पाताल लोक 2 के बारे में सुनते ही सीरीज में हथौड़ा त्यागी उर्फ अभिषेक बनर्जी दुखी हो जाते हैं। आइए जानते हैं कि ऐसा क्यों है। हाल ही में, एक इंटरव्यू में हथौड़ा त्यागी की भूमिका निभाने वाले अभिषेक बनर्जी ने खुलासा किया है कि जब भी पाताल लोक 2 सीरीज के बारे में बात होती है तो उनका मन काफी दुखी हो जाता है। अभिनेता के इस बयान से फैंस काफी हैरान हो गए हैं। हालांकि, अभिषेक ने इसके पीछे की वजह का भी खुलासा किया है।

## बॉलीवुड में सही प्रोजेक्ट नहीं मिलने पर बोलीं परिणीति



बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा इस समय इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में अपनी भूमिका के लिए प्रशंसा बटोर रही हैं। निजी जिंदगी को लेकर भी परिणीति खूब लाइमलाइट में रहती हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने हिंदी फिल्म उद्योग में लॉबिंग प्रणाली के बारे में खुलकर बात की है। अपने हालिया साक्षात्कार में परिणीति ने कहा कि वह कभी भी उन पार्टियों में शामिल नहीं होती हैं, जहां कलाकारों के लिए प्रोजेक्ट बनाए जाते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें कोई पछतावा नहीं है। अभिनेत्री ने यह भी स्वीकार किया कि उनका पीआर गेम बाकी कलाकारों की तुलना में मजबूत नहीं है, लेकिन उन्हें खुद पर भरोसा है और वह चाहती हैं कि फिल्म निर्माता उनसे वही भूमिकाएं दें, जिन्हें वह करने में सक्षम हैं। परिणीति का कहना है कि उन्होंने अमर सिंह चमकीला जैसे मौके के लिए करीब 10 साल तक इंतजार किया। फिल्म में वह सिंगर अमरजोत यानी अमर सिंह चमकीला की पत्नी का किरदार निभाया है।



## सामंथा ने जान्हवी की फिल्म उलझ की तारीफों के बांधे पुल

जान्हवी कपूर के पास कई बड़े प्रोजेक्स की फिल्में हैं। जिसमें उनकी तेलुगु डेब्यू फिल्म भी शामिल है। इस तेलुगु फिल्म में वह जूनियर एनटीआर और राम चरण के साथ नजर आएंगी। इसी के साथ उनकी फिल्म उलझ रिलीज के लिए तैयार है। निर्देशक सुधांशु सारिया की आने वाली सस्पेंस थ्रिलर फिल्म उलझ का टीजर 17 अप्रैल को रिलीज किया था। फिल्म का टीजर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई थी। फिल्म उलझ को सोशल मीडिया पर पॉजिटिव रिस्पांस मिल रहे हैं। सबसे पहले जान्हवी कपूर की उलझ को लेकर उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया का प्रतिक्रिया आई थी और इसके बाद राजकुमार राव की प्रतिक्रिया आई थी। अब इसी लिस्ट में एक और नाम जुड़ गया है बॉलीवुड अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु का। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर जान्हवी कपूर की फिल्म उलझ को लेकर एक स्टोरी शेयर की, जिसमें उन्होने कैप्शन दिया, असाधारण है आपका यह लुक। पहले से भी और अधिक मजबूत जान्हवी कपूर। इसके बाद जान्हवी ने समांथा के इस पोस्ट पर रिप्लाई किया। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु जल्द ही हॉलीवुड स्पाई थ्रिलर वेब सीरीज सिटाडेल के हिंदी रुपांतरण को लेकर लंबे समय से चर्चाएं हो रही हैं।

# साल 2024 में इन सितारों के घर गूंजेगी किलकारी

**बॉलीवुड अभिनेत्रियों ने अब फिल्मों से ब्रेक लेने का सोच लिया है। क्योंकि यह सभी हसीनाएं मां बनने वाली हैं। दीपिका पादुकोण, ऋचा यामी गौतम और अमाला पॉल प्रेगनेंट हैं। इन सभी ने अपनी प्रेगनेंसी की खबर को सोशल मीडिया पर एक प्यारे नोट के साथ शेयर किया था। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जानाकारी दी थी कि कब वह एक नन्हें बच्चे की मां बनेगी।**

### दीपिका पादुकोण



दीपिका पादुकोण और रणवीर की शादी 2018 में हुई थी, जिसके छह साल बाद दोनों पेरेंट्स बनने को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं। कुछ हफ्ते पहले ही दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने अपने जीवन की सबसे बड़ी खबर को सोशल मीडिया पर शेयक किया। कपल ने बताया था की वह इस साल सितंबर में बच्चे का स्वागत करने वाले है। दीपिका के इस पोस्ट के बाद कई बॉलीवुड, टीवी जगत की तमाम हस्तियों ने दीपिका और रणवीर सिंह को बधाई दी।

### ऋचा चड्ढा-अली फजल



ऋचा चड्ढा और अली फजल भी जल्द ही पेरेंट्स बनने वाले हैं। शादी के 4 साल बाद उनके घर में खुशखबरी आने वाली है। वो अपने पहले बच्चे का वेलकम जल्द ही करेंगे।

प्रेगनेंसी की खुशखबरी को उन्होंने 9 फरवरी को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। अली ने इंस्टाग्राम पर 2 तस्वीरें पोस्ट की थीं। एक तस्वीर में 1+1=3 लिखा था और दूसरी तस्वीर में ऋचा और अली साथ में पोज देते नजर आए थे। इस पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा था- एक छोटी सी दिल की धड़कन हमारी दुनिया की सबसे तेज आवाज है। ऋचा और अली ने मार्च 2020 में कोर्ट मैरिज की थी। इसके बाद दोनों ने रीति रिवाजों के साथ 2022 में अपनी फैमिली और फ्रेंड्स के साथ सभी रस्में निभाई थी।



### यामी गौतम-आदित्य धर

आर्टिकल 370 अभिनेत्री यामी गौतम भी मां बनने वाली हैं। उनकी प्रेगनेंसी को पांच महीने से ऊपर हो गए हैं। उनके पति और फिल्ममेकर आदित्य धर ने फिल्म आर्टिकल 370 की शूटिंग के दौरान फैंस के साथ यामी की प्रेगनेंसी की खुशखबरी बताई थी। वो मई में बेबी को जन्म देंगी।

### अमाला पॉल



फेमस साउथ इंडियन एक्ट्रेस अमाला पॉल अपने वर्क फंट और फैमिली फंट दोनों में खुशनुमा दिनों को इंजॉय कर रही हैं। शादी के दो महीने बाद ही फैंस को गुड न्यूज देने वाली आडुजीवितम द गोट लाइफ अभिनेत्री अमाला पॉल ने गोदभराई की तस्वीरें शेयर की हैं। इसी साल जनवरी में उन्होंने एक दिलचस्प पोस्ट के साथ अपनी प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी.

### प्रिंस-युविका

युविका और प्रिंस ने साल 2018 में बड़ी ही धूम-धाम से मुंबई में शादी रचाई थी। शादी के पांच साल बीत जाने के बाद एक्ट्रेस ने अपनी फैमिली प्लानिंग को लेकर कई बाते की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक युविका जल्द ही मां बनने वाली हैं।

